✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 299 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 29 मार्च 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना में सभ्यता द्वार से कलेक्ट्रेट घाट तक निर्माण कराये जा रहे सैरगाह का स्थल निरीक्षण करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

## नालंदा विवि के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** प्रसिद्ध नालंदा विश्वविद्यालय 31 मार्च को अपने राजगीर स्थित स्थायी परिसर में दूसरे दीक्षांत समारोह का आयोजन करने जा रहा है। इस गरिमामय समारोह में भारत की राष्ट्रपति एवं नालंदा विश्वविद्यालय की विजिटर, द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगी। यह विश्वविद्यालय के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि होगी, क्योंकि यह नव उद्घाटित स्थायी परिसर में आयोजित होने वाला पहला दीक्षांत समारोह होगा। इस परिसर का उद्घाटन जून 2024 में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था। विश्वविद्यालय के पुनरुद्धार के बाद यह केवल दूसरा दीक्षांत समारोह है, इससे पूर्व पहला समारोह वर्ष 2016 में आयोजित हुआ था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का यह राजगीर तथा नालंदा विश्वविद्यालय का राष्ट्रपति के रूप में प्रथम दौरा होगा। समारोह के दौरान वे दीक्षांत भाषण देंगी, उपाधियों को प्रदान करेंगी। मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान करेंगी। वे विश्वविद्यालय के नवनिर्मित 2000 सीटों वाले सभागार 'विश्वमित्रालय' का उद्घाटन भी करेंगी। पोस्ट-ग्रेजुएट और डॉक्टरेट प्रोग्राम के सभी स्नातकों को व्यक्तिगत रूप से अपनी डिग्री प्राप्त करने के लिए आमंत्रित किया गया है। ये छात्र अलग-अलग देशों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस दीक्षांत समारोह में 10 पीएचडी तथा 36 गोल्ड मैडल प्रदान किए जाएंगे। इसी क्रम में 'मंजिरी' नामक विशेष पत्रिका का भी विमोचन किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने पटना शहर में कराये जा रहे विभिन्न निर्माणाधीन योजनाओं का किया निरीक्षण

# ऐतिहासिक होगा बिहार गौरव पार्क : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को पटना शहर स्थित विभिन्न निर्माणाधीन योजनाओं का निरीक्षण कर तेजी से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने डॉ. राजेन्द्र प्रसाद समाधि स्थल के पास निर्माण कराये जा रहे लोकनायक जय प्रकाश नारायण पार्क, जो बिहार गौरव पार्क के नाम से भी जाना जाता है, के निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। पटना में बांस घाट के पास लोकनायक जय प्रकाश नारायण पार्क का निर्माण लोकनायक के सम्मान में किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की समाधि स्थल के पास इस पार्क का निर्माण बेहतर ढंग से कराएं। इस पार्क के निर्माण से इस क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा होगा। इस थीम पार्क के एक तरफ देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जी का समाधि स्थल है, वहीं दूसरी ओर जेपी गंगा पथ अवस्थित है, यहां का दृश्य काफी मनोरम होगा। देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की समाधि स्थल एवं जेपी



गंगा पथ के बीच 10 एकड़ भूमि में बिहार गौरव पार्क का निर्माण कराया जा रहा है। इस पार्क में बिहार के गौरवपूर्ण इतिहास एवं संस्कृति के विभिन्न अवयवों को प्रदर्शित किया जाएगा। थीम पार्क में बिहार की महान विभूतियों-आर्यभट्ट, चाणक्य, सम्राट अशोक, लोकनायक जयप्रकाश नारायण एवं दशरथ मांझी मांझी की प्रेरणादायक गाथाओं को उद्धृत किया जाएगा। पार्क में बिहार की स्थापत्य कला नालंदा, विक्रमशिला, धार्मिक स्तूप, मंदिरों एवं मकबरों को दर्शाया जाएगा। साथ ही पर्यटकों के खाने-पीने की व्यवस्था एवं खेल मैदान का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा देश के प्रथम राष्ट्रपति की याद में उनके वर्तमान स्मारक स्थल पर एक भव्य स्मृति परिसर का निर्माण भी किया जायेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बांस घाट स्थित नये मुक्ति धाम परिसर का निरीक्षण किया और वहां की सुविधाओं की जानकारी ली। लगभग साढ़े चार एकड़ भूमि में बांसघाट शवदाह गृह का नवीनीकरण कार्य कराया गया है। यहां दाह संस्कार की सुविधाओं के साथ-साथ नागरिक तथा धार्मिक एवं सांस्कृतिक सुविधायें उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री ने बांस घाट स्थित पुराने शवदाह गृह परिसर का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इसको भी और बेहतर ढंग से बनायें। जो नया मुक्ति धाम बना है उसके साथ-साथ इस पुराने शवदाह गृह परिसर में भी सारी सुविधायें उपलब्ध करायें। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने गांधी मैदान के निकट बनाये जा रहे पटना हाट के निर्माण (शेष पृष्ठ 11 पर)

## संक्षिप्त समाचार

### सिविल कोर्ट चपरासी भर्ती परीक्षा रद्द

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। राज्य के सिविल न्यायालयों में चपरासी (अटेंडेंट) पदों पर भर्ती के लिए आयोजित की गई प्रारंभिक परीक्षा को रद्द कर दिया गया है। यह परीक्षा 15 मार्च 2026 को दो पालियों में आयोजित हुई थी, जिसमें हजारों अभ्यर्थियों ने भाग लिया था। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक चली थी।

### मांझर कुंड पहाड़ी पर युवक का शव मिलने से सनसनी

**सासाराम (नबिटा ब्यूरो)।** दरिगांव थाना क्षेत्र में मांझर कुंड पहाड़ी पर शनिवार (28 मार्च) को एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई. दरअसल युवक का शव एक पेड़ से लटका हुआ पाया गया और उसे पेट्रोल छिड़क कर जलाने की भी कोशिश की गई थी। वहीं स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आशंका है कि युवक की गला दबाकर हत्या के बाद शव को एक पेड़ से लटका दिया गया और फिर पेट्रोल छिड़क कर उसमें आग लगा दी गई।

### तीन वर्षों में दस लाख को मिला कन्या उत्थान योजना का लाभ

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्य में मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के माध्यम से तीन वर्ष में दस लाख से अधिक बालिकाओं को लाभ मिला है। इस योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2024-25 तक 12 लाख 53 हजार 831 बालिकाएं पंजीकृत की गईं। इनमें 10 लाख 35 हजार 770 को राशि वितरित की गई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में पंजीकरण प्रक्रिया जनवरी के अंतिम सप्ताह से शुरू हुई है। अब तक 1 लाख 10 हजार 367 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। जल्द लाभार्थियों को सहायता राशि दी जाएगी। 3 अगस्त 2018 को शुरू की गई इस योजना का मुख य उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या रोकना, जन्म पंजीकरण को प्रोत्साहित करना और बाल विवाह को समाप्त करना है।

### नगर निकाय चुनाव को लेकर मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया शुरू

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में नगर निकाय चुनाव को लेकर मतदाता सूची की सॉफ्ट प्रति तैयार करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश के तहत डाटाबेस की तैयारी और प्रारूप मतदाता सूची सॉफ्ट प्रति में तैयार की जा रही है। यह प्रक्रिया 23 मार्च से शुरू हुई है और 2 अप्रैल तक संचालित की जाएगी। आयोग के अनुसार अबतक राज्य के 24 जिलों में नगर निकाय का आम एवं उप चुनाव कराया जाना है। इनमें 19 जिलों में उप चुना व होगा। चार जिलों में आम चुनाव एवं उप दोनों चुनाव एवं एक जिले में आम चुनाव कराया जाएगा।

## नदी में समाई कार, हादसे में तीन दोस्तों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मधेपुरा।** जिले में शुक्रवार देर रात एक भीषण सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत हो गई जबकि चौथा दोस्त अभी लापता है। हादसा अरार घाट पुल पर हुआ, जहां एक कार बिजली के खंभे को तोड़ते हुए लगभग 20 फीट ऊंचे पुल से नीचे नदी में जा गिरी। चारों दोस्त ग्वालपाड़ा में दीनाभ-द्री मेला देखकर मधेपुरा लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार हादसा शुक्रवार रात करीब 1 बजे हुआ। युवक रात 9 बजे स्टेशन चौक से निकले थे। कार अचानक बेकाबू हो गई और बिजली के खंभे से टकराते हुए पुल की रेलिंग तोड़ नदी में गिर गई। स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना दी, जिसके बाद बचाव कार्य शुरू किया गया। मृतकों की पहचान मधेपुरा स्टेशन चौक वार्ड-23 निवासी 28 वर्षीय घनश्याम कुमार, सहरसा जिले के बसनही थाना क्षेत्र के मोकमा निवासी मनोज कुमार के 26 वर्षीय अंकित कुमार और सौर बाजार थाना क्षेत्र के फोरसाहा निवासी प्रमोद यादव के पुत्र 23 वर्षीय वसंत कुमार के रूप में हुई है। लापता युवक की पहचान जयपालपट्टी वार्ड नंबर 15 निवासी सागर कुमार के रूप में हुई है। पुलिस



और एसडीआरएफ की टीम लापता युवक की तलाश में नदी में छानबीन कर रही है। मृतकों में शामिल अंकित बीएड एवं सीटीईटी पास था। वह मधेपुरा में रहकर बीपीएसपी शिक्षक भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रहा था। वहीं बसंत कुमार बीएड सेकेंड इयर का छात्र था। जबकि घनश्याम कुमार कार ड्राइवर था। घनश्याम भाई में अकेला था। दो छोटी बहन की शादी हो चुकी है, घनश्याम की अभी शादी नहीं हुई थी। वो मधेपुरा भीरखी में रहकर ड्राइवर का काम करता था और चारों आपस में दोस्त थे। अरार थाना पुलिस ने बताया कि जानकारी मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया। कार को नदी से बाहर निकाला गया। तीन शव बरामद हुए है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। कार में सवार एक और शख्स की तलाश की जा रही है। हादसे की खबर सुनकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। तीनों मृतक युवा थे और दोस्तों के साथ मेला घूमने गए थे। स्थानीय प्रशासन ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है, जिसमें तेज रफ्तार और सड़क की स्थिति पर भी गौर किया जा रहा है।

## सूबे के 360 प्रखंडों में खुलेंगे नए डिग्री कॉलेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के 360 प्रखंडों में नए डिग्री कॉलेज खोलने के लिए शिक्षा विभाग ने तैयारी शुरू कर दिया है। राज्य सरकार ने इसी सत्र से नए महाविद्यालयों में पढ़ाई शुरू करने का आदेश दिया है। विदित हो कि राज्य सरकार ने सभी प्रखंडों में महाविद्यालय खोलने का आदेश दिया है। नए महाविद्यालयों की स्थापना उन प्रखंडों में करना है जहां पहले से कोई कॉलेज नहीं है। शिक्षा विभाग के अनुसार बिहार के 360 प्रखंडों में महाविद्यालय नहीं है। इसको देखते हुए राज्य सरकार ने इन प्रखंडों में महाविद्यालयों की स्थापना करने का आदेश दिया है। इसको लेकर शिक्षा विभाग ने तैयारी शुरू कर दिया है। बताया जाता है कि शिक्षा विभाग ने इसी सत्र से नए डिग्री कॉलेजों में पढ़ाई शुरू करने की तैयारी में जुट गया है।

## हड़ताली अंचल अधिकारियों के खिलाफ दर्ज होगा मुकदमा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सरकार को खुला चैलैंज देने वाले हड़ताली अंचल अधिकारियों पर अब मुकदमा दर्ज किया जायेगा। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने नेतागिरी करने वाले अंचल अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश दिया है। इस संबंध में विभाग के प्रधान सचिव सी।के। अनिल ने सभी जिला अधिकारियों को पत्र लिखा है। राजस्व भूमि सुधार विभाग के 28 मार्च के पत्र में कहा गया है कि बिहार राजस्व सेवा संघ के जिला अध्यक्षों,ऑफिस बियरर्स व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से ड्यूटी पर तैनात राजस्व अधिकारी, अंचल अधिकारियों को धमकी देकर काम बाधित करने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में आपको (जिलाधिकारी) लिखित या मौखिक शिकायत मिलती है तो तुरंत संघ के ऑफिस बियरर्स, जिला अध्यक्षों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराएं। सी।के अनिल ने कहा है कि बिहार राजस्व सेवा संघ के आह्वान पर कुछ अंचल के अंचल अधिकारी एवं राजस्व अधिकारी 9 मार्च से अनिश्चितकालीन अवकाश पर हैं। इनमें से 24 अधिकारी ऐसे हैं, जो सरकार द्वारा निर्गत प्रेस विज्ञप्ति के आधार पर काम पर वापस लौटे हैं। विभिन्न स्त्रोतों से यह जानकारी मिली है कि संघ के पद धारकों द्वारा व्हाट्सएप कॉल पर धमकी दी जा रही है।सरकारी कार्य में अवरोध पैदा करने की कोशिश, सोशल मीडिया पर की गई है। इस तरह से विधि व्यवस्था प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। यह कृत्य सरकारी सेवक के आचरण के खिलाफ है। साथ ही यह क्रिमिनल एक्टिविटी एवं संज्ञेय अपराध है।

## पश्चिमी सोन नहर पर लगेगा दस मेगावाट का सोलर पावर प्लांट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य सरकार नदियों और नहरों के तटबंधों पर सौर ऊर्ज़ा के उत्पादन की योजना पर तेजी से काम कर रही है। इस क्रम में पश्चिमी सोन नहर के तटबंध पर 10 मेगावाट का सोलर पावर प्लांट लगाने की योजना मंजूर की गयी है। इसका निर्माण बिजली कंपनी ही करेगी। जल संसाधन विभाग ने इसके लिए बिजली कंपनी को अनापत्ति प्रमाण पत्र दे दिया है। एनओसी मिलने के बाद बिजली कंपनी शीघ्र इसका निर्माण प्रारंभ करेगी। जल संसाधन विभाग ने पिछले दिनों व्यापक समीक्षा के बाद बिजली कंपनी को निर्माण की हरी झंडी दे दी। इसके लिए नहर के तटबंध के प्रारंभिक हिस्से में पहले किलोमीटर का स्थल चिह्नित किया गया है। इस हिस्से में लगभग 80 हजार वर्ग फीट भू-भाग में सौर उर्ज़ा का प्लांट लगाया जाएगा। हालांकि विभाग ने बिजली कंपनी के समक्ष यह भी स्पष्ट कर दिया है कि इस सौर ऊर्ज़ा प्लांट के बनाए जाने से तटबंध की सुरक्षा पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े और न ही वह किसी स्तर पर क्षतिग्रस्त हो। दरअसल, पिछले दिनों जल संसाधन विभाग और बिजली कंपनी ने मिलकर तटबंधों पर सौर ऊर्ज़ा प्लांट लगाने की योजना पर विस्तार से मंथन किया था। इसके बाद आवश्यकतानुसार तटबंधों पर सौर पावर प्लांट लगाने की योजना बनायी गयी थी। सोन नहर तटबंध का चयन इसी योजना के आधार पर किया गया है। शीघ्र ही अन्य नहर तटबंधों पर भी इसी प्रकार के सौर ऊर्ज़ा के प्लांट लगाने की योजना पर काम शुरू होगा।

### दुष्कर्म मामलों में पीड़िता की पहचान उजागर करने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नयी दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** सुप्रीम कोर्ट ने दुष्कर्म मामलों में पीड़िता की पहचान उजागर किए जाने पर कड़ा रुख अपनाते हुए इसे सबसे कड़े शब्दों में निंदनीय बताया है। शीर्ष अदालत ने सभी हाईकोर्ट को निर्देश दिया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि कोर्ट के आदेशों में पीड़िता या उसके परिवार की पहचान किसी भी रूप में सामने न आए।



# सीमा पार कालाबाजारी पर नजर, बिहार में खाद उपलब्धता पर्याप्त : कृषि मंत्री

## अफसरों को दिए सख्त निर्देश, जिलों से प्रत्येक सप्ताह रिपोर्ट तलब

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** खाद की कालाबाजारी करने वालों की अब खैर नहीं है। इस दिशा में कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने विभागीय पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने साफ कहा है कि पदाधिकारी बिहार के साथ दूसरे राज्य और मुख्य रूप से सीमा से सटे नेपाल में खाद की कालाबाजारी पर नकेल कसने की दिशा में तत्पर रहें। जिला स्तरीय अधिकारी खाद की उपलब्धता को लेकर प्रत्येक सप्ताह में बैठक कर समीक्षा करेंगे और रिपोर्ट मुख्यालय को उपलब्ध कराएंगे। कृषि मंत्री शनिवार को पटना के मीठापुर स्थित कृषि भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध चल रहा है। इस स्थिति में खाद की कालाबाजारी की संभावना मजबूत हो जाती है। इसको ध्यान में रखते हुए विभागीय पदाधिकारियों को पैनी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में खाद की उपलब्धता किसानों की मांग से भी ज्यादा है। ऐसे में किसान किसी भी अफवाह पर विश्वास नहीं करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी किसानों को आश्वस्त किया है कि उनकी प्रत्येक समस्या के समाधान के लिए सरकार सक्रिय है। कृषि मंत्री ने बताया कि मौजूदा समय में बिहार में यूरिया 2.48, डीएपी 1.43, एनपीके 2.07, एमओपी 0.39 और एसएसपी 1.02 लाख मीट्रिक टन उपलब्ध है। किसानों की मांग के अनुसार खाद की सतत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो और वह कालाबाजारी के शिकार न हो सकें। श्री यादव ने कहा कि खाद की कालाबाजारी की शिकायत मिलने पर रिटेलर, स्टाकिस्ट के साथ अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। इस दिशा में जिला से प्रखंड स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रेरित किया जा रहा है। इसके लिए धरती बचाओ कमेटी का गठन किया जाएगा। पैक्सों में लाइसेंस देने की प्रक्रिया भी तेज की जाएगी ताकि किसानों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि आपदा प्रभावित किसानों को हाल के दिनों में करीब 200 करोड़ रुपए का मुआवजा बतौर राहत दिया गया है। मौजूदा खराब मौसम में होने वाली फसलों की क्षति को लेकर भी विभागीय अधिकारी जांच कर रहे हैं। श्रेणी में आने वाले किसानों को मुआवजा दिलाने के लिए विभाग पूरी तरह सक्रिय है। इस अवसर पर विभागीय प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल ने कहा कि खाद की कालाबाजारी पर नियंत्रण पाने की दिशा में विभाग पूरी तरह से सतर्क है। निदेशक सुमन सौरभ यादव ने बताया कि विभाग खरीफ की तैयारी कर रहा है। कृषि एप से राज्य के किसान विभागीय योजनाओं की जानकारी हासिल कर उसका लाभ उठा सकते हैं।

# अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए महाप्रबंधक ने 'विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार' से किया पुरस्कृत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**हाजीपुर।** वैशाली रेल प्रेक्षागृह, हाजीपुर में आयोजित समारोह में महाप्रबंधक ने वर्ष 2025 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से पुरस्कृत किया। समारोह का उद्घाटन महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह एवं उपस्थित अन्य गणमाण्य द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव सहित मुख्यालय के उच्चाधिकारी एवं पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक उपस्थित थे। समारोह के दौरान मुख्यालय एवं पांचों मंडलों के कल्चर टीम द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसे उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सराहा गया। आज के इस समारोह में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा वर्ष 2025 में विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार के लिये कुल 94 अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन हेतु विभागों/मण्डलों के मध्य 56 दक्षता एवं सर्वांगीण दक्षता शील्ड भी प्रदान किया गया। आज के समारोह के दौरान समग्र क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य दक्षता के लिए 2025 का महाप्रबंधक ओवर ऑल एफिशिएंसी शील्ड पं.दीनदयाल उपाध्याय मंडल को प्रदान किया गया जबकि महाप्रबंधक एफिशिएंसी रनर्स अप कप धनबाद मंडल को मिला। पूर्व मध्य रेल में सफाई अभियान के लिए बड़े स्टेशनों की श्रेणी में धनबाद को, मध्यम श्रेणी के स्टेशनों में पाटलिपुत्र स्टेशन को तथा छोटे स्टेशनों की श्रेणी में सलौना स्टेशन को स्वच्छता शील्ड प्रदान किया गया। जनशिकायत निवारण में श्रेष्ठ प्रदर्शन से संबंधित रेल मदद शील्ड धनबाद मंडल को दिया गया। समारोह के प्रारंभ में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि पूर्व मध्य रेल अपनी स्थापना काल से अब तक के अविस्मरणीय सफर के दौरान कई उपलब्धियां हासिल कर चुका है। हमारी कार्य संस्कृति एवं निरंतर प्रयासों का परिणाम है कि कुल प्रारंभिक आय के मामले में पूर्व मध्य रेल ने चालू वित्तीय वर्ष में 31 हजार करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित कर भारतीय रेल में सर्वाधिक राजस्व प्राप्त करने वाले जोन का गौरव हासिल किया है।

# सरकारी गेहूं खरीद 1 अप्रैल से, 48 घंटे में होगा भुगतान

## राज्य में गेहूं की खरीद के लिए 21 जनवरी से चल रहा था किसानों का निबंधन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य में सरकारी स्तर पर किसानों से गेहूं की खरीदारी 1 अप्रैल 2026 से शुरू हो जाएगी। गेहूं की खरीदारी के लिए सहकारिता विभाग ने सभी आवश्यक तैयारी कर ली है। विभाग पैक्सों और व्यापार मंडलों के माध्यम से किसानों से यह खरीदारी करता है। किसानों से गेहूं की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी पर की जाएगी। केंद्र सरकार ने रबी विपणन मौसम 2026-27 में गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है जो पिछले वर्ष की तुलना में 160 रुपये प्रति क्विंटल अधिक है। इससे राज्य के गेहूं उत्पादक किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य प्राप्त हो सकेगा। वहीं इस वर्ष राज्य में गेहूं अधिप्राप्ति का कुल लक्ष्य 0.18 लाख मीट्रिक टन निर्धारित किया गया है। किसानों को उनके गेहूं का उचित मूल्य मिल सके, इसके लिए सहकारिता विभाग द्वारा किसानों को जागरूक भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में विभाग की ओर से पिछले दिनों गेहूं की खरीदारी को लेकर राज्य के सभी जिलों में विभिन्न पैक्सों एवं व्यापार मंडलों में निबंधित किसानों के साथ बैठकें भी आयोजित की गई थीं। इन बैठकों में किसानों को अधिप्राप्ति प्रक्रिया, निबंधन, भुगतान व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई है। गेहूं की खरीद के लिए बीते 21 जनवरी से कृषि विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन निबंधन शुरू हो गया था। गेहूं बिक्री के बाद किसानों को 48 घंटों के भीतर पीएफएमएस प्रणाली के माध्यम से उनके नामित बैंक खाते में भुगतान किया जाएगा। किसान अपनी सुविधा के अनुसार पंचायत स्तर पर अवस्थित पैक्स अथवा प्रखंड स्तर पर अवस्थित व्यापार मंडल में गेहूं की बिक्री कर सकते हैं। किसान गेहूं बेचने से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए अपने प्रखंड में पदस्थापित सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी अथवा संयुक्त निबंधक के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# कन्या उत्थान योजना से बदली तस्वीर, 10 लाख से ज्यादा बालिकाएं लाभान्वित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के तहत तीन वर्षों में 10 लाख से अधिक बालिकाओं को लाभ पहुंचाया गया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2024-25 तक 12 लाख 53 हजार 831 बालिकाएं पंजीकृत हुईं जिनमें से 10 लाख 35 हजार 770 लाभार्थियों को डीबीटी के जरिए राशि वितरित की जा चुकी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में तकनीकी कारणों से पंजीकरण प्रक्रिया जनवरी माह के अंतिम सप्ताह से शुरू की गई थी। अब तक 1 लाख 10 हजार 367 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। अधिकारियों का कहना है कि पंजीकरण प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है और जल्द ही अधिक संख्या में लाभार्थियों को सहायता राशि प्रदान की जाएगी। समाज कल्याण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 में 3 लाख 46 हजार 658 बालिकाओं को डीबीटी के माध्यम से राशि प्रदान की गई है। 2023-24 में 3 लाख 52 हजार 413 लाभार्थी और 2024-25 में 3 लाख 36 हजार 699 लाभार्थियों को योजना का लाभ दिया गया है। योजना के तहत नवजात कन्या के जन्म के पहले वर्ष में 2 हजार रुपये और एक वर्ष पूरा होने पर जन्म पंजीकरण तथा आधार पंजीकरण के बाद 1 हजार रुपये सीधे माता-पिता/अभिभावकों के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से प्रदान किए जाते हैं।

# बी.डी. कॉलेज के छात्रों ने कुलपति के समक्ष प्रस्तुत किया हेल्दी स्नैक स्टार्टअप 'फिट बडीज'

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत के मार्गदर्शन में बी.डी. कॉलेज के एमबीए चौथे सेमेस्टर के छात्र शुभम कुमार एवं हर्ष कुमार ने फिट बडीज नामक हेल्दी स्नैक स्टार्टअप लॉन्च किया। यह स्टार्टअप मिलेट-आधारित स्नैक्स जैसे मिक्सचर और भुजिया विभिन्न फ्लेवर में उपलब्ध कराता है। ये स्नैक्स तले हुए नहीं बल्कि बेक्ड हैं जिनमें 12-16 ग्राम प्रोटीन होता है और इनमें पाम ऑयल का प्रयोग नहीं किया गया है। इस प्रकार फिट बडीज पारंपरिक स्नैक्स का एक स्वास्थ्यवर्धक विकल्प प्रस्तुत करता है। कुलपति ने छात्रों की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि नवाचार और उद्यमिता ही आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। ऐसे प्रयास छात्रों को उद्योग-तैयार बनाते हैं और समाज को स्वास्थ्यवर्धक विकल्प प्रदान करते हैं। प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने कहा कि छात्रों द्वारा स्वास्थ्य और सतत विकास पर केंद्रित स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करना हमारे संस्थान की प्राथमिकता है। यह पहल बी.डी. कॉलेज की नवाचार संस्कृति को और मजबूत करती है। छात्रों ने अपने उत्पाद का प्रदर्शन कुलपति के समक्ष भी किया जहां उनके नवाचार और उद्यमशीलता की सराहना की गई। यह स्टार्टअप बी.डी. कॉलेज और पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के उस दृष्टिकोण को साकार करता है जिसमें शिक्षा के साथ-साथ नवाचार, उद्यमिता और सामाजिक जिम्मेदारी को भी समान महत्व दिया जाता है।

# केवाईपी में नामांकन और भुगतान को लेकर विवाद, केंद्र संचालकों में असंतोष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**वैशाली।** बिहार कौशल विकास मिशन के तहत संचालित केवाईपी प्रशिक्षण केंद्रों में इन दिनों नामांकन प्रक्रिया और लंबित भुगतान को लेकर असंतोष बढ़ता जा रहा है। इस संबंध में केवाईसी वेल्फेयर सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. आनंद रंजन झा ने गंभीर मुद्दे उठाए हैं। डॉ. झा के अनुसार विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर केंद्र संचालकों में असमंजस की स्थिति है। एक ओर कम नामांकन वाले केंद्रों पर कार्रवाई की जा रही है जबकि दूसरी ओर जिन केंद्रों में पर्याप्त नामांकन हो चुका है उनके लिए नामांकन तिथि नहीं बढ़ाई जा रही है। उन्होंने बताया कि इस स्थिति के कारण कई इच्छुक छात्र योजना का लाभ लेने से वंचित हो सकते हैं। साथ ही केंद्र संचालकों का कहना है कि वे लगातार प्रयास कर नामांकन बढ़ा रहे हैं, लेकिन तिथि विस्तार नहीं मिलने से उनकी मेहनत प्रभावित हो रही है। इस बीच एक और महत्वपूर्ण समस्या के रूप में लंबित बिलों का भुगतान नहीं होना भी सामने आया है। डॉ. झा ने कहा कि समय पर भुगतान नहीं होने से केंद्रों पर आर्थिक दबाव बढ़ रहा है जिससे संचालन प्रभावित हो सकता है। केंद्र संचालकों ने विभाग से मांग की है कि नामांकन तिथि बढ़ाने के साथ-साथ लंबित बिलों का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि योजना का संचालन सुचारु रूप से हो सके और अधिक से अधिक युवाओं को इसका लाभ मिल सके।

# नवाचार के साथ गणित सीखना समय की मांग : विजय प्रकाश

## स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग में दो दिवसीय गणित मेला सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** दानापुर स्थित स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग में 27 एवं 28 मार्च 2026 को आयोजित दो दिवसीय 'गणित मेला' उत्साह और रचनात्मकता के साथ सम्पन्न हुआ। मेले में विद्यार्थियों ने गणित को रोचक, जीवंत और अनुभवात्मक रूप में प्रस्तुत कर सभी को आकर्षित किया। मुख्य अतिथि, एपीसीएल के अध्यक्ष एवं 'सृजनात्मक गणित' के लेखक विजय प्रकाश ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में गणित को पारंपरिक ढंग से नहीं, बल्कि नवाचारी तरीकों से सिखाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा गणित जीवन के हर क्षेत्र में व्याप्त है। यदि इसे आनंद और प्रयोग के साथ जोड़ा जाए तो यह बच्चों के लिए सहज और प्रिय विषय बन सकता है। उन्होंने गणित को मैजिक, म्यूजिक, नाटक, खेल और गतिविधियों के माध्यम से प्रस्तुत करने पर विशेष बल दिया। प्राचार्या डॉ. मृदुला प्रकाश ने कहा कि गणित को समझने का सर्वोत्तम तरीका है उसे जीवन से जोड़ना। उन्होंने कहा कि जब बच्चे स्वयं करके सीखते हैं, तब ज्ञान अधिक स्थायी और प्रभावशाली बनता है। उन्होंने विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रस्तुतियों की सराहना की। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विजय प्रकाश, प्राचार्या डॉ. मृदुला प्रकाश तथा गणित शिक्षकों—लव श्रीवास्तव, अलका, शिवानी एवं सलोनी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मेले में प्राथमिक कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नाटक 'गणित की हड़ताल' विशेष आकर्षण का केंद्र रहा जिसमें यह दर्शाया गया कि गणित के बिना जीवन और व्यवस्था दोनों असंतुलित हो जाते हैं। इसके अतिरिक्त 'मैजिक स्क्वायर', 'कैलेंडर मैजिक', 'नो योर एज' तथा 'बर्थडे मैजिक' जैसे रोचक स्टॉलों ने आगंतुकों को आकर्षित किया और गणित के प्रति उनकी जिज्ञासा को बढ़ाया। गणितीय मॉडल्स और प्रोजेक्ट्स की प्रदर्शनी में विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता और तार्किक क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला। मेले के दौरान विभिन्न गणितीय प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# रसोई गैस की किल्लत, पेट्रोल-डीजल व बिजली दरों में संभावित बढ़ोतरी के खिलाफ चरणबद्ध विरोध करेगी कांग्रेस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम के निर्देश पर एलपीजी की भारी किल्लत, पेट्रोल-डीजल एवं बिजली की दरों में संभावित बढ़ोतरी के खिलाफ राज्य में चरणबद्ध विरोध कांग्रेस पार्टी करेगी। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि आम जनता महंगाई और आवश्यक वस्तुओं की किल्लत से त्रस्त है। रसोई गैस की उपलब्धता में भारी कमी और पेट्रोल-डीजल व बिजली की कीमतों में संभावित बढ़ोतरी ने आम लोगों की कमर तोड़ दी है, लेकिन केंद्र सरकार इस गंभीर समस्या पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। इसी को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने निर्णय लिया है कि 31 मार्च को वरिष्ठ नेताओं के द्वारा जिला और प्रदेश मुख्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस आयोजित किया जाएगा जिसके बाद 2 अप्रैल 2026 को राज्य के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर कांग्रेसजनों द्वारा व्यापक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा तथा प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया जाएगा। इसके बाद 3 अप्रैल को राज्य मुख्यालय पर व्यापक प्रदर्शन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के नेतृत्व में आयोजित होगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने सभी जिला प्रभारियों, जिला अध्यक्षों, कार्यकारी अध्यक्षों तथा प्रदेश पदाधिकारियों से आग्रह किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संगठित कर बड़ी संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करें। राजेश राम ने कहा कि जब तक आम जनता को एलपीजी, महंगाई और आवश्यक वस्तुओं की किल्लत से राहत नहीं मिलती, तब तक कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज बनकर संघर्ष करती रहेगी।

# भारतीय खाद्य निगम, बिहार क्षेत्र ने किया अंतर-प्रभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का सफल आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भारतीय खाद्य निगम, मण्डल कार्यालय, पटना स्थित खेल परिसर में क्षेत्रीय खेलकूद प्रोत्साहन समिति, बिहार क्षेत्र के तत्वावधान में अंतर-प्रभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता वर्ष 2025-26 का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर उद्घाटन/समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन करनदीप जैन, महाप्रबंधक (बिहार क्षेत्र) सह क्षेत्रीय खेलकूद प्रोत्साहन समिति के अध्यक्ष की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। समारोह में आनन्द कुमार, उप महाप्रबंधक (विधि), एस.के.भदानी, पूर्व महाप्रबंधक (बिहार क्षेत्र) एवं अमित भूषण, पूर्व महाप्रबंधक (बिहार क्षेत्र) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाप्रबंधक (बिहार क्षेत्र) करनदीप जैन ने खिलाड़ियों द्वारा प्रदर्शित उत्कृष्ट खेल भावना, अनुशासन एवं प्रतिस्पर्धात्मक उत्साह की सराहना की तथा उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। अपने संबोधन में करनदीप जैन ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों एवं आयोजन समिति को बधाई दी।

# रामनवमी पर भव्य सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा वार्षिकोत्सव संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** रामनवमी के पावन अवसर पर प्रासंबी सरयूग विहार अपार्टमेंट सोसाइटी, पाटलिपुत्र कॉलोनी में सामूहिक सुंदरकांड पाठ, पूजा-अर्चना एवं भंडारा का भव्य एवं श्रद्धामय आयोजन किया गया। इस धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम में सोसाइटी के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया जिससे पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान हो उठा। उल्लेखनीय है कि ठीक एक वर्ष पूर्व, पिछले रामनवमी के शुभ अवसर पर इसी सोसाइटी में साप्ताहिक सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ की शुरुआत की गई थी जो निरंतर प्रत्येक शनिवार रात्रि 9 बजे आयोजित होता आ रहा है। इस नियमित आयोजन में सभी सदस्य श्रद्धा एवं भक्ति भाव से सम्मिलित होकर धार्मिक एकता एवं सामाजिक समरसता का परिचय देते हैं। इस वर्ष रामनवमी का आयोजन इसलिए और भी विशेष रहा क्योंकि इसी दिन सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के एक वर्ष पूर्ण होने पर वार्षिकोत्सव भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुंदरकांड पाठ एवं पूजा-अर्चना के उपरांत भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया जिसमें सोसाइटी के सदस्य, उनके परिवारजन, बच्चे तथा आसपास के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की सफलता में सोसाइटी के सम्मानित सदस्यों सुभाष चंद्र रॉय, सुमंत सिंह, प्रदीप कुमार, विजय कुमार, गौरव कुमार, राजीव रंजन, प्रमोद कर्ण, अभय कुमार, उमेश कुमार, ललित प्रसाद, ऋतुराज राज एवं अक्षत अजित सहित सभी निवासियों का विशेष योगदान रहा। सभी सदस्यों के सहयोग, समर्पण और उत्साह ने इस आयोजन को अत्यंत भव्य, सफल एवं स्मरणीय बना दिया। समस्त कार्यक्रम का सफल संचालन अजीत कुमार ठाकुर एवं सुमंत सिंह द्वारा किया गया। यह आयोजन सामाजिक समरसता, धार्मिक आस्था और सामूहिक एकजुटता का अनुपम उदाहरण बनकर उभरा। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने संकल्प लिया कि साप्ताहिक हनुमान चालीसा पाठ का यह पावन क्रम भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा।

# 1 अप्रैल से कचरा प्रबंधन के नए नियम लागू, चार डिब्बों में देना होगा कचरा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** शहरों को स्वच्छ व प्रदूषणरहित रखने के लिए नगर निकायों के लिए नया गाइडलाइन जारी किया गया है जिसमें 100 किलो से अधिक कचरा उत्पादन करने वाले संस्थान जैसे-अपार्टमेंट, होटल, सरकारी कार्यालय आदि को स्वयं कचरा प्रोसेसिंग लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। साथ ही गीले कचरे का ऑन साइट कंपोस्टिंग करने का साफ निर्देश दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि यह व्यवस्था एक अप्रैल से न्यू सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स-2026 के तहत सभी नगर निकायों के लिए लागू किया गया है। वहीं, राजधानी को सुंदर, स्वच्छ व कचरा मुक्त बनाने के लिए पटना नगर निगम डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन का भी नियम एक अप्रैल से लागू होगी। अब घरों से कचरा उठाव के दौरान लोगों को अपने कचरे को केवल गीला और सूखा में नहीं, बल्कि चार अलग-अलग श्रेणियों में बांटकर देना अनिवार्य होगा जबकि पहले यह व्यवस्था अनिवार्य नहीं थी। केवल दो श्रेणी में बांट कर कचरा उठाव किया जा रहा था। इस नई व्यवस्था के तहत अब कचरा ढोने वाली गाड़ियों में चार अलग-अलग रंगों के बिन लगे होंगे। नगर निगम ने स्पष्ट कर दिया है। बता दें कि यदि घरों से कचरा अलग-अलग करके नहीं दिया गया तो सफाईकर्मी उसे स्वीकार नहीं करेंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य कचरे का शत-प्रतिशत वैज्ञानिक निस्तारण करना और पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाना है। वहीं राजधानी में दो नए रंग भी लोगों की स्वच्छता नियमों में शामिल किये जायेंगे। राजधानी के नगर निगम अंतर्गत 225 नये वाहन खरीदे जायेंगे जिसमें शहर के सभी 6 अंचलों के 375 सेक्टरों में कचरा उठाव के लिए नगर निगम संसाधनों को बढ़ाया जा रहा है। वर्तमान में निगम के पास 373 क्लोज टिपर और 150 सीएनजी टिपर हैं जिनमें से लगभग 327 वाहन वर्तमान में सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं। कचरा कलेक्शन को बेहतर बनाने के लिए निगम 225 नए वाहनों की खरीदारी कर रहा है। इनमें 150 क्लोज टिपर और 75 ओपन टिपर शामिल होंगे। इन सभी वाहनों को नए कलर कोडेड बिन के साथ लैस किया जायेगा।

# बेहतर परवरिश और शिक्षा पर जोर: कार्मेल हाई स्कूल में के.जी.-1 ओरिएंटेशन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** के.जी.-1 कक्षा के विद्यार्थियों के अभिभावकों के लिए कार्मेल हाई स्कूल में 28 मार्च को विद्यालय परिसर में एक व्यापक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसने नन्हे विद्यार्थियों के लिए एक सार्थक नई यात्रा की शुरुआत को चिह्नित किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई जिसके बाद मधुर प्रार्थना गीत, मनमोहक प्रार्थना नृत्य और स्वागत गीत प्रस्तुत किए गए जिससे पूरे वातावरण में एक सकारात्मक और स्वागतयोग्य माहौल बना। विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर मृदुल ए.सी. ने अभिभावकों के लिए मार्गदर्शन सत्र का संचालन किया। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा के महत्व और अभिभावकों की प्रथम शिक्षक के रूप में भूमिका पर प्रकाश डाला। साथ ही अनुशासन, मूल्य आधारित परवरिश, सीमित स्क्रीन टाइम और गुणवत्तापूर्ण संवाद की आवश्यकता पर जोर दिया। संसाधन व्यक्ति डॉ. विमलेंदु ने सकारात्मक प्रोत्साहन, भावनात्मक जुड़ाव और घर में सहयोगी शैक्षणिक वातावरण बनाने पर केंद्रित व्यावहारिक अभिभावक सुझाव साझा किए। प्री-प्राइमरी समन्वयक सिस्टर लिली डी सूजा ने विद्यालय की दृष्टि, मिशन और मूल्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कृतज्ञता, मानव जीवन के प्रति सम्मान और महिला सशक्तिकरण जैसे प्रमुख मूल्यों पर विशेष जोर दिया। शिक्षक समन्वयक श्रीमती नमिता ने पाठ्यक्रम और दैनिक दिनचर्या के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने अनुशासन और विद्यालय-अभिभावक के बीच टीमवर्क की भूमिका को बच्चों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के दौरान एक इंटरैक्टिव सत्र भी आयोजित किया गया जिसमें अभिभावकों ने शिक्षकों के साथ विचारों का आदान-प्रदान किया और शिक्षा एवं पालन-पोषण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

# अकोढ़ीगोला में भव्य शोभायात्रा, जय श्रीराम के जयघोष से गूंजा बाजार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अकोढ़ीगोला प्रखंड मुख्यालय में धार्मिक आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम उस समय देखने को मिला जब पारंपरिक शस्त्र, बाजा-गाजा और ध्वनि यंत्रों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और पूरा बाजार 'जय श्रीराम' के गगनभेदी नारों से गुंजायमान हो उठा। भगवा रंग में रंगा बाजार श्रद्धा और भक्ति के माहौल से सराबोर नजर आया।



शोभायात्रा की शुरुआत स्व. जंगी दास राम कृष्ण शिवालय से हुई जहां से श्रद्धालु आकर्षक झांकियों के साथ आगे बढ़े। जुलूस में भगवान राम, लक्ष्मण, माता सीता और बजरंगबली की जीवंत झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। इसके अलावा भीष्म पितामह की तीरों की शैय्या, भगवान शिव के सीने पर खड़ी माता काली, खाटू श्याम और राधा-कृष्ण की झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। श्रद्धालु भक्ति गीतों और जयकारों के बीच पूरे उत्साह के साथ आगे बढ़ते रहे। यह शोभायात्रा निर्धारित मार्गों से गुजरते हुए बाजार के प्रमुख स्थानों आयरकोठा रोड काली मंदिर, राजपुर रोड स्थित पेट्रोल पंप, चांदी रोड के हनुमानगढ़ी दुर्गा मंदिर और डिहरी रोड थाना परिसर गेट होते हुए मुख्य बाजार चौराहे तक पहुंची। पूरे मार्ग में जगह-जगह लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। जुलूस के समापन के बाद समिति के पदाधिकारियों द्वारा सहयोग करने वाले अधिकारियों, समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों को अंगवस्त्र एवं फूलमाला देकर सम्मानित किया गया। समिति के अध्यक्ष आनन्दी गुप्ता सहित प्रमोद गुप्ता, राघवेन्द्र प्रसाद गुप्ता, राजीव उर्फ राजू प्रसाद, मनोज गुप्ता, अंजनी गुप्ता, अमिताभ सिंह और अंकित गुप्ता ने अतिथियों का सम्मान किया तथा आयोजन में सहयोग देने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। शोभायात्रा को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। एसडीएम निलेश कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बीडीओ रविरंजन एवं थानाध्यक्ष राकेश गोसाईं के नेतृत्व में आयरकोठा, दरिहट और डालमियानगर थाना की पुलिस के साथ बड़ी संख्या में बल तैनात किया गया था। प्रशासन की सतर्कता और स्थानीय लोगों के सहयोग से पूरा आयोजन शांति और सौहार्द के साथ संपन्न हुआ। यह भव्य शोभायात्रा अकोढ़ीगोला में धार्मिक एकता, सामाजिक समरसता और परंपराओं के प्रति लोगों की गहरी आस्था का प्रतीक बनकर उभरी। इस मौके पर यश उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# गणित विषय में 100 अंक लाकर साइंस टॉपर बनी सलोनी कुमारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू।** इंटर परीक्षा परिणाम 2026 में तिलौथू की होनहार छात्रा सलोनी कुमारी ने अपनी मेहनत और लगन से शानदार प्रदर्शन करते हुए साइंस संकाय में कुल 435 अंक प्राप्त किए हैं। इस सफलता की सबसे खास बात यह रही कि सलोनी ने गणित में 100 में से पूरे 100 अंक हासिल किए जो पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। उनके इस अद्भुत प्रदर्शन की सराहना न केवल स्थानीय विद्यालयों बल्कि कोचिंग संस्थानों में भी की जा रही है। न्यू एरिया, तिलौथू निवासी एवं पिता हरिद्वार कुमार सोनी की पुत्री सलोनी बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी रही हैं। हालांकि उनका सपना बिहार टॉपर बनने का था जो इस बार पूरा नहीं हो सका, लेकिन गणित में पूर्णांक प्राप्त कर उन्होंने पूरे बिहार में अपनी अलग पहचान बना ली है। सलोनी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा अमलतास निकेतन, तिलौथू से तथा इंटर की पढ़ाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तिलौथू से पूरी की है। उनकी इस सफलता पर परिवार में खुशी का माहौल है। वहीं उनके छोटे भाई ने भी बहन से प्रेरणा लेकर जिला या राज्य टॉपर बनने का सपना संजोया है। सलोनी की इस उपलब्धि पर तिलौथू के कई गणमान्य लोगों ने बधाई दी। इनमें मुखिया प्रतिनिधि सत्येंद्र दुबे, शिक्षाविद ओम जी, सामाजिक कार्यकर्ता सत्यानंद कुमार, हंसराज कुमार, मुखिया संजय चौधरी, उपमुखिया अमित गुप्ता एवं प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिन्हा शामिल हैं।

# विकास योजनाओं को गति देने के लिए मुख्य सचिव ने 190 एकड़ भूमि का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/इंद्रपुरी।** रोहतास जिले में विकास योजनाओं को गति देने के उद्देश्य से शुक्रवार को मुख्य सचिव, बिहार सरकार प्रत्यय अमृत द्वारा रोहतास जिले के इंद्रपुरी स्थित इन्द्रपुरी बराज एवं सोन बराज के पश्चिमी छोर पर स्थित 190 एकड़ भूमि का निरीक्षण किया गया। उनके साथ प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार संतोष कुमार मल्ल, डीआरडीओ के वैज्ञानिक शरद चन्द्रमान यादव एवं बीके सिंह ने भी उक्त स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव ने संबंधित स्थल की भौगोलिक स्थिति, उपलब्ध आधारभूत संरचना, जल संसाधनों की स्थिति एवं भूमि की उपयोगिता का गहन अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से स्थल की वर्तमान स्थिति, संभावित विकास योजनाओं तथा भविष्य में इसके उपयोग को लेकर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के उपरांत आयोजित समीक्षा बैठक में जल संसाधन विभाग की उपलब्ध 190 एकड़ जमीन की डीआरडीओ के लिए उपयोगिता के बिंदु पर जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विचार किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, वन प्रमंडल पदाधिकारी, बीसैप कमांडेट, मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग डिहरी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# सरस्वती विद्या मंदिर में वार्षिक अर्थ संकल्प की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** प्रखंड क्षेत्र के स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर तिलौथू के प्रांगण में शनिवार को वार्षिक अर्थ संकल्प की बैठक विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के साथ आयोजित की गई। इसमें प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष सुमेर कुमार सिंह, सचिव लाल बिहारी, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार सिंह, अभिभावक प्रतिनिधि दिवाकर मिश्र, सदस्य शशि भूषण प्रसाद, सदस्य रविंद्र सिंह, विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिन्हा एवं सरस्वती औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रभारी प्राचार्य प्रेमचंद सिंह उपस्थित रहे। प्रांतीय प्रतिनिधि के रूप में रोहतास विभाग के सम्मानित विभाग प्रमुख धरणीकांत पाण्डेय की उपस्थिति रही। 2026-27 वर्ष भर की भावी योजनाएं एवं विद्यालय विकास की दृष्टि से यह बजट अति आवश्यक होती है। बैठक लगभग दो घंटे तक चली। अध्यक्षीय आशीर्वचन एवं शांति मंत्र के साथ बैठक संपन्न हुई।

# महिलाओं और किशोरियों के सशक्तीकरण हेतु सखी वार्ता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास जिले में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' और बाल विवाह उन्मूलन हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन राजकेश्वर उच्च विद्यालय खुढनु, सासाराम में किया गया। महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार सरकार के निर्देशानुसार आज रोहतास जिले में महिलाओं और किशोरियों के सशक्तिकरण के उद्देश्य से सखी वार्ता का सफल आयोजन किया गया। जिला प्रशासन एवं जिला महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में व्याप्त कुप्रथाओं को समाप्त करना और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। जिला मिशन समन्वयक ने बाल विवाह के विरुद्ध कड़े संदेश देते हुए समाज को इसे जड़ से मिटाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने बताया कि बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह बेटियों के स्वास्थ्य और भविष्य के साथ भी खिलवाड़ है। शिविर के दौरान किशोरियों और महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। ताकि वे इनका लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बन सकें। महिलाओं की सुरक्षा के लिए समर्पित 181 हेल्पलाइन नंबर के बारे में बताया गया जिससे वे किसी भी आपात स्थिति या हिंसा के विरुद्ध तुरंत सहायता प्राप्त कर सकती हैं। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं और लड़कियों के साथ संवाद किया गया और उन्हें अपनी शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने हेतु प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ ने कहा कि जब समाज की बेटियां शिक्षित और सशक्त होंगी, तभी जिले और राज्य का सर्वांगीण विकास संभव है। प्रशासन हर स्तर पर महिलाओं की सुरक्षा और उनके उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। उपस्थित सभी प्रतिभागियों को महिला एवं बाल विकास निगम के तरफ से बेटी बचाओ बेटी बढ़ाओ लोगो युक्त डायरी एवं बुकलेट तथा अल्पाहार वितरित किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास निगम के जिला मिशन समन्वयक एवं वित्तीय साक्षरता में विशेषज्ञ और बड़ी संख्या में किशोरियां उपस्थित रहीं।




# आरपीएफ ने शराब के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** प्रभारी निरीक्षक रामविलास राम के निर्देशन में उप निरीक्षक मनोज कुमार साथ प्रधान आरक्षी रामबिलास, आरक्षी मनोज कुमार सिंह रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन सोन एवं सीपीडीएस टीम गया के उप निरीक्षक मुकेश कुमार साथ आरक्षी अमित कुमार व आरक्षी सुनील कुमार सभी संयुक्त रूप से रेलवे स्टेशन अनुग्रह नारायण रोड में गश्त एवं अपराधी गतिविधि निगरानी करते हुए प्लेटफार्म संख्या 03 पर स्थित ऊपरगामी पैदल पुल के रैंप पर 2 व्यक्तियों रौशन कुमार, उम्र करीब 19वर्ष, पिता बच्चू यादव, ग्राम अंगे थाना-नारदीगंज, जिला-नवादा (बिहार) एवं राहुल कुमार, उम्र 19 वर्ष, पिता प्रवीण सिंह, ग्राम रामपुर, थाना सूर्यगढ़, जिला-लक्खीसराय बिहार को 2 पिट्ठू बैग में विभिन्न प्रकार के कुल 24 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ पकड़ा गया जिसे मौके पर ही सभी आवश्यक कार्रवाई करते हुए उक्त व्यक्ति के पास से बरामद अंग्रेजी शराब को जब्त कर दोनों व्यक्ति को गिरफ्तार किए एवं अग्रिम कार्रवाई हेतु राजकीय रेल थाना सोननगर को सुपुर्द किया गया।

# हल्की बारिश से लालापुर सड़क पर जलजमाव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** हल्की बारिश होने पर भी लालापुर सड़क पर जलजमाव हो जाता है। शुक्रवार को भी देर शाम हुई बारिश के बाद सड़क पर जलजमाव हो गया जो अभी तक सड़क पर पसरा है। दरअसल इन सड़कों पर बारिश के दिनों में हर वर्ष लगने वाले पानी से आने-जाने वाले वाहन अक्सर फंस जाते हैं जिससे लालापुर में हमेशा जाम लगा रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नाला निर्माण के समय सड़क व नाले का लेवल ठीक नहीं रखा गया जिसके चलते नाला का निर्माण तो हो गया, लेकिन सड़क नाला से नीचे हो जाने के चलते बारिश के दिनों में हल्की बारिश के बाद भी सड़क पर जलजमाव लगा रहता है। इसके चलते जब तक बारिश का मौसम रहता है, लालापुर की सड़क पर जलजमाव का ही नजारा रहता है।

# छापेमारी में 83.8 लीटर शराब बरामद, दो धंधेबाज गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** अनुमंडल क्षेत्र के अकोढ़ीगोला थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक मकान में छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध देशी एवं विदेशी शराब बरामद की है। इस दौरान पुलिस ने दो धंधेबाजों को भी गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि क्षेत्र के एक घर में अवैध रूप से शराब का भंडारण कर कारोबार किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित स्थान पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान कुल लगभग 83.8 लीटर देशी एवं विदेशी शराब बरामद की गई। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह अकोढ़ीगोला थानाध्यक्ष राकेश गोसाईं ने बताया कि मामले में उज्ज्वल राम और किरण कुंवर को गिरफ्तार कर लिया गया है। बरामद शराब को जब्त कर लिया गया है तथा दोनों आरोपियों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

# करंट से ट्रक चालक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** नोखा थाना क्षेत्र के बराव मोड़ के पास शनिवार को दर्दनाक हादसे में ट्रक चालक की करंट लगने से मौत हो गई। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक ट्रक चालक अपनी गाड़ी को सड़क किनारे खड़ा कर चाय-पानी पीने के लिए गया था। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटा और ट्रक का गेट खोलकर अंदर जाने का प्रयास किया, तभी वह विद्युत प्रवाहित तार के संपर्क में आ गया। बताया जा रहा है कि पास से गुजर रहे 11,000 वोल्ट के बिजली तार के संपर्क में आने से ट्रक में करंट आ गया था। जैसे ही चालक ने ट्रक का दरवाजा पकड़ा, वह तेज करंट की चपेट में आकर नीचे गिर पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत बिजली विभाग को सूचना दी जिसके बाद विद्युत आपूर्ति बंद कराई गई।

# शक्ति का जीवंत केंद्र मां मुंडेश्वरी धाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** चैत नवरात्रि के पावन अवसर पर बिहार के कैमूर जिले की पंवरा पहाड़ी पर स्थित मां मुंडेश्वरी मंदिर में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। यह न केवल देश का सबसे प्राचीन मंदिर माना जाता है, बल्कि यहां की परंपराएं और चमत्कार आज के विज्ञान को भी चुनौती देते हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अनुसार यह मंदिर लगभग 1900 वर्ष पुराना है। अष्टकोणीय शैली में बना यह मंदिर अपनी नक्काशी और ऐतिहासिकता के लिए विश्व प्रसिद्ध है। मंदिर के गर्भगृह में पंचमुखी शिवलिंग और मां मुंडेश्वरी की प्राचीन प्रतिमा विराजमान है। एक विस्मयकारी परंपरा-यहां की सबसे अनूठी विशेषता 'रक्तहीन बलि' है। नवरात्रि के दौरान यहां बकरे की बलि दी जाती है, लेकिन उसे मारा नहीं जाता। पुजारी देवी की प्रतिमा के चरणों से अक्षत (चावल) उठाकर बकरे पर छिड़कते हैं जिससे वह कुछ समय के लिए मूर्च्छित हो जाता है। दोबारा अक्षत छिड़कने पर वह पुनः जीवित होकर खड़ा हो जाता है। यह दृश्य श्रद्धालुओं को देवी की साक्षात शक्ति का बोध कराता है। नवरात्रि में यहां 'अखंड ज्योत' प्रज्वलित की जाती है। माना जाता है कि चंड-मुंड नामक असुरों के संहार के लिए देवी यहां अवतरित हुई थीं। पहाड़ी की ऊंचाई पर स्थित होने के कारण यहां का वातावरण आध्यात्मिक शांति प्रदान करता है। भक्तों का विश्वास है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद पूरी होती है।

# गन्ना किसानों को बड़ी राहत, जल जमाव की समस्या का होगा स्थायी समाधान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में बंद पड़ी चीनी मिलों को चालू कराने के साथ 25 नई चीनी मील लगाने के लिए राज्य सरकार ने प्रयास शुरू कर दिया है। इसको लेकर राज्य में गन्ना का उत्पादन बढ़ाने की दिशा में भी कार्य किए जा रहे हैं, लेकिन इसमें जल जमाव की समस्या से किसान परेशान हैं। इस समस्या का स्थायी निदान करने के लिए गन्ना उद्योग विभाग और जल संसाधन विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दिया है।

गन्ना उद्योग विभाग की माने तो गन्ना कृषि क्षेत्रों में जल जमाव की समस्या का स्थायी निदान कराया जाएगा। इसके लिए जल संसाधन विभाग ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है। इसकी समीक्षा के लिए जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर संबंधित अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया गया। बताया जाता है कि मनरेगा के तहत योजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन एवं तकनीकी प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यों में तेजी लाने पर विशेष बल दिया गया, जिससे किसानों को शीघ्र राहत मिल सके और गन्ना उत्पादन में वृद्धि सुनिश्चित हो। बैठक में प्रधान सचिव के अलावा ईखायुक्त अनिल कुमार झा, अभियंता प्रमुख (बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सारण) वरुण कुमार, मुख्य अभियंतागण, गन्ना विभाग के पदाधिकारी एवं गन्ना मिलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। बिहार में बंद पड़ी चीनी मिलों को चालू कराने के साथ 25 नई चीनी मील लगाने के लिए राज्य सरकार ने प्रयास शुरू कर दिया है। इसको लेकर राज्य में गन्ना का उत्पादन बढ़ाने की दिशा में भी कार्य किए जा रहे हैं, लेकिन इसमें जल जमाव की समस्या से किसान परेशान हैं। इस समस्या का स्थायी निदान करने के लिए गन्ना उद्योग विभाग और जल संसाधन विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दिया है। गन्ना उद्योग विभाग की माने तो गन्ना कृषि क्षेत्रों में जल जमाव की समस्या का स्थायी निदान कराया जाएगा।

# एसडीजेएम रजत दीप के नवादा स्थानांतरण पर बार एसोसिएशन ने दी विदाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी (एसडीजेएम) रजत दीप के नवादा न्यायालय में स्थानांतरण के अवसर पर बार एसोसिएशन डिहरी, रोहतास द्वारा सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ जहां अधिवक्ताओं ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। समारोह का नेतृत्व संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार एवं रितेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर सिविल जज (जूनियर डिवीजन) अर्चना कुमारी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ताओं ने रजत दीप को अंगवस्त्र (शॉल), बुके, मोमेंटो एवं फूल-मालाओं से सम्मानित किया। उपस्थित अधिवक्ताओं में मिथिलेश कुमार, अमरनाथ सिंह, रवि कुमार, हरिद्वार सिंह, प्रभात कुमार, रवीन्द्र कुमार, रवि शेखर, गोपाल राम, राजेन्द्र कुमार, काशीनाथ, कमलेश कुमार, मनोज शर्मा, महमूद आलम, सुरेश सिंह, अरविन्द कुमार, विक्रम, मुकेश एवं कमल सिन्हा सहित कई अन्य शामिल रहे। इस मौके पर वक्ताओं ने रजत दीप के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, निष्पक्षता और संवेदनशीलता के साथ किया। अधिवक्ताओं ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास जताया कि वे नवादा न्यायालय में भी न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाएंगे। अंत में सभी ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए भावभीनी विदाई दी। वहीं डिहरी अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी (एसडीजेएम) रजत दीप के नवादा न्यायालय में स्थानांतरण के अवसर पर डिहरी विधिक संघ के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पांडे उर्फ मुटुर पांडे के नेतृत्व में अधिवक्ताओं के एक समूह ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। इस दौरान अधिवक्ताओं ने फूल-गुलदस्ता एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका सम्मान किया। विदाई समारोह में संघ के पूर्व अध्यक्ष रमाकांत दुबे, अधिवक्ता प्रवीण दुबे, श्वेता पांडे, रंजीत दुबे, मनोज पांडे, महेंद्र पांडे, नीरज चतुर्वेदी, अभय दुबे सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# जमीनी स्तर पर नयी तकनीकों का प्रयोग अनिवार्य : विधायक

**सिरदला।** प्रखंड में प्रदान संस्था की ओर से प्रखंड स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक विमल राजवंशी, बीडीओ दीपेश कुमार व थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने किया। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए जमीनी स्तर पर नयी तकनीकों का प्रयोग अनिवार्य है।

# निमियाडीह चौक पर 2 अप्रैल को होगा चैता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** रोहतास जिले के तिलौथू प्रखंड अंतर्गत हुरका पंचायत के निमियाडीह चौक पर आगामी 2 अप्रैल को भव्य चैता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर स्थानीय स्तर पर तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी गई है। ग्रामीणों और आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि चैता कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रसिद्ध लोक कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे और चैता गीतों से माहौल को भक्तिमय व सांस्कृतिक रंग में रंग देंगे। इस आयोजन में आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति द्वारा मंच, साउंड सिस्टम और अन्य व्यवस्थाओं की तैयारी की जा रही है। साथ ही सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन से भी सहयोग लिया जा रहा है। यह चैता कार्यक्रम क्षेत्र में सांस्कृतिक परंपरा को जीवित रखने और लोगों को एक मंच पर जोड़ने का एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

# एसी 24 डिग्री पर रखने से उपभोक्ताओं को बड़ा फायदा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** गर्मी के मौसम के आगमन के साथ जिले में बिजली की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसे में विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने एयर कंडीशनर (एसी) को 24 डिग्री सेल्सियस पर ही संचालित करें जिससे न सिर्फ बिजली की बचत होगी बल्कि उपभोक्ताओं को आर्थिक रूप से भी काफी लाभ मिलेगा। विद्युत अधीक्षण अभियंता, सासाराम ई. इंद्रदेव कुमार ने बताया कि अधिकांश लोग अधिक ठंडक पाने के लिए एसी को 18 से 20 डिग्री पर चला देते हैं जिससे बिजली की खपत तेजी से बढ़ती है और बिल भी अधिक आता है। वहीं, 24 डिग्री पर एसी चलाने से 20 से 30 प्रतिशत तक बिजली की बचत संभव है जिससे उपभोक्ताओं का मासिक बिजली बिल काफी कम हो सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार 24 डिग्री तापमान न केवल शरीर के लिए अनुकूल होता है बल्कि इससे एसी पर अनावश्यक दबाव भी कम पड़ता है जिससे उसकी लाइफ बढ़ती है और मेंटेनेंस खर्च भी घटता है। यानी एक छोटा सा बदलाव उपभोक्ताओं को लंबे समय में बड़ा फायदा पहुंचा सकता है। विभाग ने यह भी बताया कि अगर अधिक से अधिक लोग इस सलाह को अपनाते हैं तो पीक आवर्स में बिजली की मांग नियंत्रित रहेगी जिससे बार-बार ट्रिपिंग, लो वोल्टेज और अनावश्यक कटौती जैसी समस्याओं से भी राहत मिलेगी। इसका सीधा लाभ आम उपभोक्ताओं को निर्बाध और बेहतर बिजली आपूर्ति के रूप में मिलेगा। इसके अलावा विभाग ने कुछ आसान उपाय भी बताए हैं। जैसे एसी की नियमित सर्विसिंग कराना, कमरों को अच्छी तरह बंद रखना, उपयोग में नहीं होने वाले उपकरणों को बंद करना और एसी के साथ पंखे का इस्तेमाल करना। इन उपायों से कम बिजली खर्च में बेहतर कूलिंग मिलती है। विद्युत विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे ऊर्जा संरक्षण को अपनी आदत बनाएं। छोटे-छोटे प्रयास न केवल जेब पर भार कम करेंगे बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# मानव कंकाल मिलने से लोगों में मचा हड़कंप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज प्रखंड क्षेत्र के धारुपुर के पास नहर के नीचे शनिवार सुबह जैसे ही मानव कंकाल मिलने की सूचना प्राप्त हुई लोगों में हड़कंप सा मच गया और कई तरह के कयास लगाए जाने लगे। ज्ञात हो कि बिक्रमगंज से पत्रकार रवि प्रकाश ने इस मानव कंकाल के बारे में सूचना प्रसारित की और जैसे ही सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से लोगों के कानों तक पहुंचा, लोगों के बीच एक खासी चर्चा का विषय बन गया और मामला धीरे-धीरे पुलिस तक पहुंच गया। सूचना पाकर मौके पर पुलिस भी पहुंची और तहकीकात शुरू कर दी। मानव कंकालों को समेट कर पुलिस अपने साथ जांच के लिए ले गई। हालांकि यह जांच का विषय है और केवल कयास ही लगाया जा रहा है कि यह मानव कंकाल किस क्षेत्र का और किसका है। कई बिंदुओं पर विचार भी लोगों ने किया तो वहीं कुछ लोगों का यह भी कयास, हो सकता है यह नहर में कहीं दूसरे जगह से बहकर भी आया हो या हो सकता है कि यह मिट्टी में दफन हो जो नहर सूख जाने के बाद ऊपर आया हो। एस एफ एल और फोरेंसिक विभाग के अंतर्गत इस विषय को देखा और जाना जाता है परंतु यह अज्ञात मानव कंकाल होने के कारण किसी निष्कर्ष पर पहुंच पाना भी काफी मुश्किल है।

**शपथ-पत्र**

मैं किशोर कुमार पिता कमलदेव महतो उम्र- 44 वर्ष, ग्राम-बरौनी 03. वार्ड नं.-12, पो.-बरौनी ड्योढी, थाना व अनुमंडल-तेघड़ा, जिला-बेगूसराय का निवासी हूं। शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मेरा आधार कार्ड संख्या 5645 4502 1712 है। आधार कार्ड में मेरा नाम किशोर कुमार है एवं मेरे पुत्र रजत कुमार मैट्रिक प्रमाण-पत्र में मेरा नाम बिरजू राय (BIRJU ROY) है एवं मुखिया द्वारा प्रमाणित प्रमाण-पत्रों में बिरजू राय घोषित करता है। किशोर कुमार एवं बिरजू कुमार दोनों नाम से मैं जाना व पहचाना जाता हूं। बिरजू राय ही सही एवं सत्य है जो प्रमाण-पत्र में अंकित है।

मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है।

शपथ पत्र सं. 4060 दिनांक 28.03.26

शपथकर्ता
किशोर कुमार

# नवादा में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। रामनवमी के अवसर पर 29 मार्च 2026 को निकाले जाने वाले शोभायात्रा को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं विधि-व्यवस्था के अनुरूप संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान के संयुक्त नेतृत्व में समाहरणालय, नवादा परिसर से फ्लैग मार्च शुरू किया गया। यह फ्लैग मार्च समाहरणालय परिसर से प्रारंभ होकर मेन रोड, अंसार नगर होते हुए मस्तानगंज तक गया। तत्पश्चात मस्तानगंज से सद्भावना चौक, शोभिया, गोंदापुर होते हुए बड़ी दरगाह, भगत सिंह चौक, संकटमोचन सहित अन्य संवेदनशील एवं प्रमुख स्थलों से होकर गुजरा। फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य आमजनों में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण स्थापित करना तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त संदेश देना था।



इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि रामनवमी पर्व आपसी भाईचारे, सद्भाव एवं शांति का प्रतीक है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस पर्व को आपसी सहयोग एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन करें। साथ ही नगर परिषद, नवादा के कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा शोभा यात्रा में लगाए गए झंडे एवं पताकाएं जुलूस समाप्ति के 24 घंटे के भीतर हटाना सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शोभायात्रा मार्ग में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। संवेदनशील



स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति, सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन के माध्यम से निगरानी की सुदृढ़ व्यवस्था की गई है। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया कि पर्व के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी। इस फ्लैग मार्च में अपर समाहर्ता, नवादा, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर,गोपनीय शाखा प्रभारी एसडीपीओ नवादा सदर, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), स्थापना प्रभारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, प्रभारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, उत्पाद अधीक्षक, नवादा, प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी,पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## रामनवमी शोभा यात्रा मार्ग का ड्रोन कैमरा से किया गया सत्यापन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। रामनवमी पर्व-2026 के अवसर पर 29 मार्च 2026 को निकाले जाने वाले शोभा यात्रा के मद्देनजर विधि-व्यवस्था संधारण सुनिश्चित करने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर अमित अनुराग द्वारा शोभा यात्रा मार्ग का ड्रोन कैमरा के माध्यम से विस्तृत सत्यापन किया गया। ड्रोन सर्वेक्षण के माध्यम से पूरे मार्ग का निरीक्षण करते हुए संभावित संवेदनशील स्थलों, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों तथा अवरोधक बिंदुओं की पहचान की गई, ताकि पर्व के दौरान किसी प्रकार की असुविधा या अव्यवस्था उत्पन्न न हो। इस अवसर पर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, नवादा, प्रखंड विकास पदाधिकारी, नवादा सदर, थानाध्यक्ष, नगर थाना, नवादा, बुंदेलखंड थाना, सहायक अभियंता, भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, नवादा सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की समीक्षा बैठक में शिक्षा गुणवत्ता सुधार पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय नवादा के सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 अंतर्गत निपुण भारत मिशन की प्रगति की समीक्षा की गई। पिछली समीक्षात्मक बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया था कि कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों की पढ़ने, लिखने एवं गणित की बुनियादी क्षमताओं का नियमित आकलन सुनिश्चित किया जाए। समीक्षा के क्रम में बताया गया कि कक्षा 1, 2 एवं 3 के कुल 90,689 बच्चों का आकलन किया गया, जिनमें 75.34 प्रतिशत बच्चे भाषा एवं गणित में निपुण पाए गए। शेष बच्चों को माह जून 2026 तक निपुण बनाने का निर्देश दिया गया।




बैठक में भूमिहीन विद्यालयों के भवन निर्माण हेतु आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने की दिशा में त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया। असैनिक सम्भाग अंतर्गत एसीआर/आर्ट रूम, साइंस रूम, कंप्यूटर रूम, लाइब्रेरी रूम, नए विद्यालय भवन तथा बालक/बालिका शौचालय के निर्माण कार्य की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जो भी निर्माण कार्य प्रगति पर हैं, उन्हें अविलंब पूर्ण किया जाए। साथ ही नवसृजित प्राथमिक विद्यालयों के निर्माण कार्य में शीघ्र अग्रेतर कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। बैठक में बताया गया कि जिले के 21 विद्यालयों का चयन पीएम श्री योजना के अंतर्गत किया गया है, जिन्हें अत्याधुनिक संसाधनों से सुसज्जित किया जाएगा। साथ ही नवादा जिलांतर्गत सभी प्रखंडों में एक-एक (कुल 14) मॉडल स्कूल चिन्हित किया गया है, जहां विभाग द्वारा आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अतिरिक्त जिले के 1,624 विद्यालयों में रसोई शेड का निर्माण पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष विद्यालयों में निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

## रामनवमी शोभा यात्रा को लेकर दोपहर 2 बजे से बिजली आपूर्ति रहेगी प्रभावित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। रामनवमी के अवसर पर 29 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली शोभा यात्रा के मद्देनजर नवादा नगर परिषद क्षेत्र में बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रहेगी। दोपहर 02:00 बजे से शोभा यात्रा की समाप्ति तक बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने आवश्यक कार्य पूर्व में ही पूर्ण कर लें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। सभी बिजली बिल काउंटर 29 मार्च 2026 (रविवार) तथा 31 मार्च 2026 (महावीर जयंती) को भी खुले रहेंगे। विदित हो कि मार्च माह में विभिन्न त्योहारों के कारण कई दिनों तक बिजली बिल काउंटर बंद रहने से उपभोक्ताओं को असुविधा का सामना करना पड़ा था। इसे देखते हुए विद्युत विभाग द्वारा यह विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ता समय पर अपना बिजली बिल जमा कर सकें।

# जय श्रीराम के जयकारे से गूंज उठा रजौली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। रजौली नगर पंचायत क्षेत्र में बड़े ही धूमधाम से रामनवमी की शोभायात्रा शनिवार की दोपहर को नीचे बाजार स्थित राज शिवालय मंदिर से निकाली गई, जिसका नेतृत्व बाजार निवासी नवीन कुमार कंधवे ने किया। शोभायात्रा राज शिवालय मंदिर से राधा-कृष्णा मोड़, बीच बाजार व संगत होते हुए थाना पहुंची एवं वापस थाना से संगत, ड्योढ़ी, बजरंगबली चौक, बाईपास व पुरानी बस स्टैंड होते वापस राज शिवालय मंदिर पर समाप्त हुई। शोभायात्रा में हर उम्र के महिला व पुरुष शामिल रहे एवं ढोल नगाड़ों की धुन पर हाथों में भगवा झंडा लिए थिरकते नजर आए। वहीं श्रद्धालुओं के जय श्रीराम के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय रहा। शोभायात्रा की तैयारी नगरवासी बीते एक सप्ताह से कर रहे थे। शोभायात्रा को भव्य बनाने के लिए बाजार को भी भगवा झंडों





से पाट दिया गया था। शोभायात्रा के दौरान पूरे बाजार के दुकानदार भाई अपनी-अपनी दुकानों को बंद कर रखे एवं यात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा में भारत माता एवं राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान की मनमोहक झांकी बाल कलाकारों द्वारा निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान कुछ श्रद्धालुओं ने तिरंगा झंडा लेकर लहराते नजर आए। श्रद्धालुओं में भक्ति और देशभक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। वहीं शोभायात्रा में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नियुक्त मजिस्ट्रेट के देखरेख में कड़ा इंतजाम रहा। चौक-चौराहे एवं संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बलों की तैनाती रही। रजौली थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार के नेतृत्व में पर्याप्त संख्या में महिला और पुरुष पुलिस बल शोभायात्रा के साथ भ्रमणशील रहे। इस मौके पर विधायक विमल राजवंशी, संतोष वर्मा, प्रमोद चंद्रवंशी, पिंटू वर्मा एवं नवादा से आए जितेंद्र कुमार जितु, कैलाश विश्वकर्मा, रूद्र प्रताप सिंह, गुड्डू राय, महंत दयानंद मुनिदास, अरबिंद कुमार, दीपक कुमार मुन्ना, बंटी सिंह, गौरव शांडिल्य गगन, रंजय सिंह, अरविंद विश्वकर्मा, व्यवसाई संघ के अध्यक्ष संदीप कुमार, मिट्ठू वर्णवाल, लड्डू लाल समेत दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बिहारशरीफ नगर निगम बोर्ड की बैठक में 2026-27 का बजट पारित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नगर निगम बोर्ड की बैठक शनिवार को महापौर श्रीमती अनीता देवी की अध्यक्षता में नगर निगम कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में उप महापौर आयशा शाहीन, नगर आयुक्त कुमार निशांत विवेक, उप नगर आयुक्त शम्स रजा सहित सभी पार्षदगण, पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान महापौर द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया गया। इस पर सदस्यों द्वारा विस्तार से चर्चा एवं समीक्षा की गई। प्रस्तुत बजट के अनुसार निगम का प्रारंभिक शेष 2,45,81,65,568 रुपये, अनुमानित आय




1,78,87,07,000 रुपये तथा कुल आय 4,24,68,72,568 रुपये आंकी गई है। वहीं अनुमानित व्यय 2,06,87,45,000 रुपये निर्धारित किया गया है, जिससे अंतिम शेष 2,17,81,27,568 रुपये रहने का अनुमान है। बैठक में सदस्यों द्वारा कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। निगम क्षेत्र में निर्मित मकानों का सर्वे कर बकाया प्रॉपर्टी टैक्स की वसूली सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। ट्रेड लाइसेंस की शत-प्रतिशत वसूली पर जोर दिया गया। जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र समय पर जारी करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा अवैध भूमि पर सरकारी योजनाओं के लाभ के संबंध में सरकार से मार्गदर्शन लेने, सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने वालों पर जुर्माना लगाने तथा शवदाह गृह के संचालन के लिए नई नीति बनाने का निर्णय लिया गया। कबीर अंत्येष्टि योजना का भुगतान समय पर करने के निर्देश भी दिए गए। खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए सभी वार्डों में क्रिकेट एवं बैडमिंटन टूर्नामेंट आयोजित करने तथा मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने का भी निर्णय लिया गया। अंत में सभी सदस्यों की सहमति से वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट पारित कर दिया गया। बैठक का समापन महापौर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

# शहीद के अंतिम संस्कार में मंत्री श्रवण कुमार भी हुए शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नालंदा के एक आर्मी जवान की लंबी बीमारी के बाद मौत हो गई। शुक्रवार की रात जेसीओ सुमन कुमार सिंह उर्फ पंकज (45) का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव मोकरमपुर मिर्चायगंज पहुंचा, जहां पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जैसे ही जवान का पार्थिव शरीर गांव पहुंचा, पूरा माहौल गमगीन हो गया। ग्रामीणों ने "शहीद सुमन कुमार अमर रहे" और "भारत माता की जय" के नारों के साथ उन्हें श्रद्धांजलि दी। पत्नी पार्थिव शरीर से लिपटकर बिलखती रही, वहीं बच्चे अपने पिता को एकटक निहारते रहे।यह दृश्य हर किसी की आंखें नम कर गया। सुमन कुमार सिंह लद्दाख में तैनात थे। ड्यूटी के दौरान बर्फ में दबने के कारण उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद सेना के बचाव दल ने उन्हें आर्मी अस्पताल में भर्ती कराया। पिछले करीब एक महीने से उनका इलाज लखनऊ के अस्पताल में चल रहा था। वे ब्लड कैंसर और पीलिया जैसी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे थे। डॉक्टरों की तमाम



कोशिशों के बावजूद 27 मार्च को उन्होंने अंतिम सांस ली। परिजनों ने बताया कि सुमन कुमार अपने परिवार के स्तंभ थे। दो भाइयों में वे बड़े थे, जबकि उनके छोटे भाई सीआईएसएफ में कार्यरत हैं। अंतिम संस्कार में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं परिवहन मंत्री श्रवण कुमार भी शामिल हुए और दिवंगत जवान को श्रद्धांजलि अर्पित की। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि परिजनों को इस संकट में धैर्य रखने की जरूरत है। राज्य सरकार के नियमानुसार जो भी आगे की कार्रवाई है वह किया जाएगा। वही ग्रामीणों ने सरकारी सहायता के तहत दी जाने वाली सुविधाओं की मांग की है। मंत्री श्रवण कुमार ने इस पर भरोसा भी दिया है। शहीद सुमन कुमार सिंह अपने पीछे पत्नी और दो बेटियों को छोड़ गए हैं। उनका बलिदान और समर्पण हमेशा याद किया जाएगा।

# अंधेरे में छात्र-छात्राओं का भविष्य, बिजली बिल के बकाए ने छीनी स्कूलों की रोशनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। शिक्षा के आधुनिकीकरण और डिजिटल इंडिया के बड़े-बड़े दावों के बीच जमीनी हकीकत बेहद चौंकाने वाली और विचलित करने वाली है, जहां बिजली विभाग की सख्ती ने सरकारी स्कूलों और शिक्षा विभाग के कार्यालयों को विगत दिनों से अंधकार में धकेल दिया है। एक ओर सरकार विद्यालयों में ऑनलाइन पढ़ाई, कंप्यूटर शिक्षा और पेयजल आपूर्ति जैसी मूलभूत सुविधाओं को पूरी तरह बिजली पर निर्भर कर चुकी है, वहीं दूसरी ओर विभाग की इस बगैर पूर्व सूचना के इस कार्रवाई ने इन सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं पर पानी फेर दिया है। स्थिति इतनी विकट हो गई है कि केवल स्कूल ही नहीं, बल्कि प्रखंड संसाधन केंद्र (बीआरसी) भी बिजली कटौती की मार से अछूते नहीं रहे हैं, जिससे प्रशासनिक और शैक्षणिक दोनों ही कार्य पूरी तरह ठप पड़ गए हैं।इंटर विद्यालय रजौली के बिजली काटे जाने के बारें विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक आशुतोष प्रधान कहते हैं की बगैर कोई नोटिस ही बिजली अचानक तीन दिनों पूर्व बगैर किसी वरीय पदाधिकारी के मौजूदगी में बिजली विभाग के चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी के द्वारा बिजली कनेक्शन काट दिया गया, जिसके कारण स्कूल में तकनीकी शिक्षा देने में काफी परेशानी हो रही है,उन्होंने बताया कि बीते वर्ष से नवंबर में वित्तीय प्रभार हेतु आवेदन पत्र जिले को दे दिए हैं,बावजूद उन्हें अभी तक वित्तीय प्रभार नहीं दिया गया है। जिसके कारण बहुत से कार्य बाधित हो जाते हैं,उनमें बिजली बिल भी एक अहम कारण है। हालांकि नोटिस पूर्व में दिया जाता तो कोई विकल्प अन्य रूप से निकाला जा सकता था। दूसरी ओर इस संकट के बीच प्राथमिक व



मध्य विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की पीड़ा भी छलक कर सामने आई है,जिनका स्पष्ट कहना है कि यदि उन्हें अपने सीमित वेतन से बिजली के भारी-भरकम बिलों का भुगतान करना पड़ा, तो उनके परिवारों का भरण-पोषण असंभव हो जाएगा। यह सवाल व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा करता है कि क्या सरकारी सुविधाओं के संचालन का आर्थिक बोझ भी अब शिक्षकों के कंधों पर डालने की तैयारी है।प्रशासनिक स्तर पर इस समस्या को लेकर फिलहाल भ्रम और अनिश्चितता का माहौल बना हुआ है। प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राकेश कुमार ने स्वयं बीआरसी की बिजली काटे जाने की पुष्टि करते हुए स्वीकार किया कि वे इस पद पर अभी नए हैं और विभाग की पेचीदगियों को समझने के लिए जिला मुख्यालय से निरंतर संपर्क कर जानकारी जुटा रहे हैं। वहीं, जब इस गंभीर मुद्दे पर जिला शिक्षा पदाधिकारी का पक्ष जानने का प्रयास किया गया, तो विभाग के भीतर की संवादहीनता और बदहाली की एक और तस्वीर सामने आई, उनके सरकारी नंबर पर तैनात कर्मचारी ने सूचना दी कि साहब अस्पताल में भर्ती हैं और उनका उपचार चल रहा है, जिससे जिले की शिक्षा व्यवस्था फिलहाल नेतृत्व विहीन और असहाय नजर आ रही है। दूसरी तरफ, बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार का रुख नीतिगत और सख्त है। हालांकि उन्होंने यह तो कहा कि स्कूलों की बिजली न काटने के सामान्य निर्देश हैं, लेकिन साथ ही उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि विद्यालयों के बिलों का भुगतान सेंट्रलाइज सिस्टम के तहत होना सुनिश्चित है। अभियंता के अनुसार, जिन संस्थानों का सेंट्रलाइज पेमेंट नहीं होगा या जो अपना बकाया जमा करने में विफल रहेंगे, उनके खिलाफ विभाग की यह दंडात्मक कार्रवाई जारी रहेगी। ऐसे में शिक्षा और बिजली विभाग के बीच तालमेल की इस भारी कमी का खामियाजा अंततः उन छात्रों को भुगतना पड़ रहा है, जिनके हिस्से में रोशनी की जगह अंधेरा और तकनीकी शिक्षा की जगह व्यवस्था की विफलता आ रही है।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, तीन गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। रहुई थाना क्षेत्र अंतर्गत रजौली–बख्तियारपुर मुख्य मार्ग पर शनिवार को भीषण सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना भागन बिगहा ओपी क्षेत्र के पतासंग गांव के पास हुई, जहां एक तेज रफ्तार एसयूवी कार ने सीमेंट लदे ट्रैक्टर में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उत्तर प्रदेश निवासी तालिब आलम की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं रेहान, जादिम और रामचंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 और भागन बिगहा ओपी की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को इलाज के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए पावापुरी विम्स रेफर कर दिया।

## एक नजर

### माता के दर्शन को उमड़ा जनसैलाब

**कौआकोल**। प्रखंड क्षेत्र के कौआकोल स्थित दुर्गा मण्डप में चैती दुर्गापूजा के समापन के अवसर पर दशमी तिथि को भारी मेले का आयोजन किया गया। माता दुर्गा की प्रतिमा के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मेले का मुख्य आकर्षण यहाँ की भव्य प्रतिमा और ग्रामीण परिवेश की रौनक रही। दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों से आए लोगों ने सपरिवार मेले का भ्रमण किया। बच्चों ने जहाँ झूलों और खिलौनों का आनंद लिया,वहीं युवाओं और महिलाओं ने मेले में सजे विभिन्न व्यंजनों के स्टालों पर चाट, पकौड़े और जलेबियों का लुत्फ उठाया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी स्थानीय स्तर पर काफी सक्रियता देखी गई। मन्दिर कमिटी के सदस्य भी मेले में काफी सक्रिय दिखें।

### सुनील मांझी बने प्रखण्ड अध्यक्ष,संजू महिला प्रकोष्ठ की प्रखण्ड अध्यक्ष



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। प्रखंड के सोखोदेवरा पंचायत अंतर्गत पावापुरी गौवरैया महादलित ग्राम में शनिवार को 'पर्वत पुरुष बाबा दशरथ मांझी जागृति मंच' की प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बैजनाथ मांझी ने किया। बैठक में समाज के उत्थान और संगठन की मजबूती पर गहन चर्चा हुई। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष रंजन कुमार मांझी,जिला सचिव धर्मेंद्र कुमार मांझी और मंच के संस्थापक कपिल देव मांझी ने पर्यवेक्षक के रूप में भाग लिया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने बाबा दशरथ मांझी के संकल्पों को घर-घर तक पहुँचाने का आह्वान किया। बैठक के दौरान संगठन के विस्तार हेतु सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन कर पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। जिसमें सुनील मांझी को प्रखंड अध्यक्ष,जवाहर मांझी को प्रखंड प्रभारी तथा संजू देवी को महिला प्रकोष्ठ का प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में रंजू देवी,पूनम देवी,रीना देवी,सरिता देवी,राजू मांझी,जितेंद्र मांझी,शोभी मांझी,सुरेंद्र मांझी सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने समाज के अंतिम व्यक्ति के अधिकारों की रक्षा और जागरूकता के लिए निरंतर कार्य करने की शपथ ली।

# मांगों को लेकर अराजपत्रित कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के बैनर तले कर्मचारियों ने शनिवार को जिला पदाधिकारी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने अपनी पांच सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन जिला पदाधिकारी के माध्यम से मुख्य सचिव, बिहार सरकार, पटना को सौंपा। महासंघ के जिलाध्यक्ष जयवर्धन एवं कोषाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया कि राज्यभर के राजस्व कर्मचारी अपनी जायज मांगों को लेकर 11 फरवरी से सामूहिक अवकाश पर हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में भी कर्मचारी राज्यव्यापी हड़ताल पर गए थे, जिसमें 2 जून 2025 को अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की अध्यक्षता में गठित समिति के साथ 15 बिंदुओं पर सहमति बनी थी। लेकिन अब तक इन बिंदुओं पर अमल नहीं किया गया। जिससे कर्मचारियों में आक्रोश है। जिलामंत्री संजय कुमार ने कहा कि कर्मचारियों की मांग पूरी तरह जायज है और महासंघ उनके समर्थन में मजबूती से खड़ा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि 2 जून 2025 के समझौते को अविलंब लागू किया जाए। साथ ही विभिन्न संवर्गों के ग्रेड वेतन में सुधार, कालावधि आधारित प्रोन्नति व्यवस्था का पालन, स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत एनएचएम कर्मियों के वर्ष 2024 के आंदोलन अवधि का वेतन भुगतान तथा लंबित वेतन पर लगी रोक हटाने की मांग की गई। प्रदर्शन में प्रभाकर, सुशील कुमार निराला, ज्योति सिंह, सोमनाथ, रामप्रताप सिंह, चंदन कुमार, जितेंद्र कुमार, अरविंद कुमार, पुष्पराज, रिंटू कुमार, शौकत, राजेश कुमार, मनोज कुमार, अनंत कुमार, मनीष कुमार सहित कई कर्मचारी शामिल हुए।

# नुक्कड़ नाटक के जरिए स्वच्छता का संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 को सफल बनाने के उद्देश्य से नवादा नगर परिषद द्वारा व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ब्रांड एंबेसडर एवं बॉलीवुड फिल्म अभिनेता सागर इंडिया के निर्देशन में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। पिछले एक महीने से नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी जा रही है, जिसमें "कचरा से कंचन" की अवधारणा को प्रमुखता से समझाया जा रहा है। नाटक के जरिए यह संदेश दिया जा रहा है कि घर से लेकर डंपिंग जोन तक कचरे का सही प्रबंधन कैसे किया जाए। विशेष रूप से गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने की आदत विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। अभियान के तहत बताया जा रहा है कि यदि घर की महिलाएं और बच्चे स्तर पर ही कचरे का पृथक्करण कर लें, तो इसके प्रबंधन में काफी आसानी होती है। गीले कचरे से नगर परिषद द्वारा खाद तैयार की जा रही है, जिससे पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिल रहा है। वहीं, स्वच्छता कर्मियों को भी पृथक कचरा मिलने से कार्य निष्पादन में सुविधा हो रही है। नुक्कड़ नाटक के लेखक व निर्देशक सागर इंडिया हैं, जबकि कलाकारों में अनुराधा पंडित, सुहानी कुमारी, अमित कुमार, अनुप्रिया, विकास कुमार एवं प्रवीण कुमार शामिल हैं। सभी कलाकार अपने सशक्त अभिनय के माध्यम से स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। नगर परिषद के "स्वच्छ नवादा, सुंदर नवादा" टैगलाइन के तहत लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया जा रहा है। नाटक के अंत में उपस्थित लोगों को स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प भी दिलाया जा रहा है।

# मगही हमारी जड़ों और हमारी समृद्ध विरासत का प्रतीक : डॉ. प्रेम कुमार

## बापू सभागार में सजा मगही महोत्सव 2026, भाषा-संस्कृति के संरक्षण का दिया संदेश




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के बापू सभागार में आयोजित मगही महोत्सव 2026 के उद्घाटन कार्यक्रम में बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मगही महोत्सव हमारी भाषा, संस्कृति, परंपराओं और लोकजीवन का जीवंत सांस्कृतिक पर्व है जो हमारी पहचान, हमारी जड़ों और हमारी समृद्ध विरासत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मगही भाषा बिहार के मगध क्षेत्र की प्रमुख भाषा है जो सदियों पुरानी विरासत को अपने भीतर समेटे हुए है। यह वही मगध की धरती है जहां प्राचीन काल में महान साम्राज्य फले-फूले और जहां से ज्ञान, संस्कृति और सभ्यता का प्रकाश पूरे विश्व में फैला। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि मगही भाषा के लोकगीत, कहानियां, मुहावरे और लोककथाएं हमारी संस्कृति का अमूल्य खजाना हैं। इसकी मिठास, सरलता और लोकभावना इसे विशेष बनाती है। लोकगीतों में जीवन की सादगी, प्रेम, संघर्ष और उल्लास की झलक मिलती है, वहीं मगही नाटक और नृत्य हमारी परंपराओं को जीवंत बनाए रखते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मगही महोत्सव केवल सांस्कृतिक कार्यक्रमों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा मंच है जहां कलाकारों, साहित्यकारों और युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। यह नई पीढ़ी को अपनी भाषा और संस्कृति से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं होती, बल्कि यह हमारी पहचान, हमारी सोच और हमारी संस्कृति की आत्मा होती है। यदि हम अपनी भाषा को भूल जाते हैं तो हम अपनी जड़ों से कट जाते हैं। वैश्वीकरण के इस दौर में कई स्थानीय भाषाएं और संस्कृतियां विलुप्त होने के कगार पर हैं, ऐसे में इस तरह के महोत्सव हमारी पहचान बनाए रखने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि मगही भाषा को शिक्षा, साहित्य और दैनिक जीवन में अधिक से अधिक स्थान दिया जाए तथा बच्चों को मगही बोलने, पढ़ने और समझने के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी अपनी संस्कृति पर गर्व कर सकें। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने मगही महोत्सव के आयोजकों को धन्यवाद देते हुए इसे भाषा और संस्कृति के संरक्षण का एक आंदोलन बताया। इस अवसर पर आयोजक उज्जवल कुमार, रविशंकर उपाध्याय, विजेता चंदेल, निराला विदेशिया सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मगध विश्वविद्यालय के एलुमनी मीट का उद्घाटन 25 अप्रैल को, राज्यपाल करेंगे शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** बोधगया स्थित मगध विश्वविद्यालय ने जानकारी दी है कि आगामी 25 अप्रैल को आयोजित होने वाले एलुमनी मीट का उद्घाटन बिहार के राज्यपाल द्वारा किया जाएगा। इस संबंध में राज्यपाल सचिवालय से विश्वविद्यालय को आधिकारिक सहमति पत्र प्राप्त हो चुका है जिससे विश्वविद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल है। विश्वविद्यालय प्रशासन इस महत्वपूर्ण आयोजन को भव्य और यादगार बनाने के लिए तैयारियों में जुट गया है। प्रयास किया जा रहा है कि यह कार्यक्रम न केवल राज्य स्तर पर बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी एक विशिष्ट पहचान स्थापित करे। जनसंपर्क पदाधिकारी ने बताया कि कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही और कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार मंगलम के मार्गदर्शन में एलुमनी मीट के सफल आयोजन के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. डॉ. निभा सिंह के नेतृत्व में सभी तैयारियों की नियमित समीक्षा की जा रही है। ताकि आयोजन में किसी प्रकार की कमी न रहे। इसी क्रम में 1 अप्रैल को दोपहर 3 बजे शिक्षा विभाग स्थित राधाकृष्णन सभागार में कुलपति की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में सभी समितियों के सदस्य शामिल होंगे जहां कार्यक्रम की रूपरेखा, जिम्मेदारियों का निर्धारण और आयोजन की सफलता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। विश्वविद्यालय परिवार इस एलुमनी मीट को सफल और ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इसे लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां जारी हैं।

## मां काली प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का समापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** चिरैली बाजार में आयोजित मां काली प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ भक्तिमय माहौल में संपन्न हो गया। समापन के अवसर पर भव्य भंडारा और माता के जागरण का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य दिनेश कुमार गुप्ता उर्फ दीनू साव ने दीप प्रज्वलित कर किया।

## जिला प्रशासन के निर्देश पर ग्राम रक्षा दल का तीस दिवसीय प्रशिक्षण सत्र शुरू




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** शनिवार को गुरारू बाजार स्थित सर्वोदय+2 विद्यालय के मैदान में ग्राम रक्षा दल के ट्रेनी सत्र का उद्घाटन स्थानीय विधायक सह दल के प्रदेश महामंत्री कमलेश कुमार राय एवं जिलाध्यक्ष रवीन्द्र कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार के ऐन वक्त पर नहीं आने की सूचना से दल के सदस्य एवं पदाधिकारीगण मायूस हो गये। गौरतलब है कि सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन के निर्देश पर प्रखण्ड प्रशासन की अगुवाई में ग्राम रक्षा दल का तीस दिवसीय प्रशिक्षण सत्र शुरू किया गया है। इस संबंध में प्रदेश महामंत्री कमलेश कुमार राय एवं जिलाध्यक्ष रवीन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि ट्रेनिंग के उपरान्त ट्रेंड सदस्यों को ग्राम कचहरी एवं ग्राम पंचायत के सहयोग में लगाया जाएगा। साथ ही साथ स्थानीय विधायक से अन्य राज्यों की तरह बिहार में भी ग्राम रक्षा दल के सदस्यों को सरकारी सुविधा एवं मानदेय निर्धारित करवाने का मांग किया गया। इनके मांगों को आगामी विधानसभा सत्र में रखने का आश्वासन गुरूआ विधायक उपेन्द्र प्रसाद ने खुले मंच से दिया। ट्रेनी सत्र में करीब तीन हजार सदस्य उपस्थित रहे।

## पांच दिनों में उपलब्ध करवाया गया 50 घरेलू उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिले में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन के अधिष्ठापन से संबंधित बैठक जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित की गई। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि विगत 4 से 5 दिनों में लगभग 50 घरेलू उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। वर्तमान में प्रतिदिन औसतन 7 से 10 पीएनजी कनेक्शन लगाए जा रहे हैं। व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, विशेषकर होटलों में भी 2-3 कनेक्शन लगाए जा चुके हैं तथा 8 अन्य कनेक्शन अधिष्ठापन की प्रक्रिया में हैं। पीएनजी गैस एजेंसी के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि जिले में निरंतर कनेक्शन उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है, ताकि उपभोक्ताओं को घर बैठे सुरक्षित एवं सुगम गैस सुविधा मिल सके। पीएनजी गैस लाभ - यह एलपीजी की तुलना में लगभग 20 प्रतिशत तक सस्ती होती है तथा सुरक्षा की दृष्टि से भी अधिक बेहतर मानी जाती है। रिसाव की स्थिति में यह एलपीजी की तरह एक स्थान पर जमा नहीं होती, बल्कि हवा में फैल जाती है, जिससे दुर्घटना की संभावना नगण्य रहती है। पीएनजी कनेक्शन में मीटर के माध्यम से गैस आपूर्ति होती है, जिससे सिलेंडर बुकिंग या परिवर्तन की आवश्यकता नहीं होती तथा निरंतर गैस आपूर्ति उपलब्ध रहती है। जिलाधिकारी द्वारा पीएनजी डिस्ट्रीब्यूटर के सेल्स मैनेजर को निर्देश दिया गया कि जिले में अधिक से अधिक पीएनजी कनेक्शन स्थापित करना सुनिश्चित करें, ताकि नागरिकों को सुरक्षित, सुलभ एवं किफायती गैस सुविधा उपलब्ध हो सके।

## डीएम-एसपी ने किया कंट्रोल रूम में उपस्थित हो जुलूस की निगरानी एवं निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल द्वारा रामनवमी पर्व के अवसर पर आयोजित शोभायात्रा की विधि-व्यवस्था के दृष्टिगत जामा मस्जिद स्थित कंट्रोल रूम में उपस्थित होकर जुलूस की निगरानी एवं निरीक्षण किया गया।



इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की सतत मॉनिटरिंग की गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। ताकि शोभायात्रा शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो सके। जिला प्रशासन द्वारा विधि-व्यवस्था संधारण हेतु पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा आमजनों से पर्व को आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्द के साथ मनाने की अपील की गई।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोहनियां।** गया-डीडीयू मंडल के भभुआ रोड रेलवे स्टेशन के समीप युवक की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गयी। मृतक की पहचान भभुआ थाना क्षेत्र के अकरी गांव निवासी ददन प्रसाद के 25 वर्षीय पुत्र दिवाकर कुमार के रूप में की गयी है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भभुआ भेज दिया है। जानकारी के अनुसार भभुआ रोड स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या तीन से पूरब डाउन मेन लाइन के किनारे पोल संख्या 619/28 के पास एक युवक का शव पड़ा था। इसकी सूचना स्टेशन मास्टर द्वारा रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को दी गयी। सूचना मिलते ही आरपीएफ मौके पर पहुंची व इसकी जानकारी जीआरपी थाना को दी गयी। इसके बाद जीआरपी पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया। मृतक के पास से मिले मोबाइल व कागजात से पहचान कर परिजनों को सूचित किया गया। इस हादसे में सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि युवक का शव दो हिस्सों में बंटा था, यानी सिर और धड़ अलग-अलग थे जबकि शरीर के अन्य हिस्सों में कहीं भी चोट के निशान नहीं थे। ऐसे में कई सवाल खड़े हो रहे हैं कि आखिर युवक भभुआ से रेलवे ट्रैक तक कैसे पहुंचा। यदि वह ट्रेन की चपेट में आता तो शव के कई टुकड़े हो जाते, लेकिन शव केवल दो हिस्सों में बंटा मिला।

## गया इंजीनियरिंग कॉलेज में आइपीआर जागरूकता सत्र आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** गया इंजीनियरिंग कॉलेज, गया में एफआइएसएमइ, एमएसएमइ एवं स्टार्टअप सेल, जीसीइ गया के संयुक्त तत्वावधान में बौद्धिक संपदा अधिकार पर एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर प्रो. अजीत कुमार ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान समय में नवाचार और स्टार्टअप के विकास के लिए आइपीआर की जानकारी अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएनएलयू, पटना से सौरव कुमार ने आइपीआर के विभिन्न पहलुओं पर विशेष रूप से प्रकाश डाला और बताया कि किस प्रकार पेटेंट, ट्रेडमार्क एवं कॉपीराइट नवाचारों की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वहीं प्रो. लवकुश गुप्ता (फैकल्टी इंचार्ज, स्टार्टअप सेल) ने स्टार्टअप सेल की गतिविधियों एवं छात्रों के लिए उपलब्ध अवसरों के बारे में जानकारी दी। साथ ही सुशांत कुमार (डिस्ट्रिक्ट स्टार्टअप कोऑर्डिनेटर) ने आइपीआर से संबंधित फंडिंग और सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। इस कार्यक्रम में बीटेक अंतिम वर्ष के छात्र, एमटेक के दोनों वर्षों के विद्यार्थी, स्थानीय कारीगर, सहायक प्रोफेसर, स्टार्टअप, एमएसएमइ उद्यमी से जुड़े प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं और उद्यमियों को अपने नवाचारों की सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। अंत में आयोजकों द्वारा सभी प्रतिभागियों एवं वक्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## शॉर्ट सर्किट से गेहूं की फसल में लगी आग, ग्रामीणों ने पाया काबू



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के तुलसी बिगहा स्थित सूर्य मंदिर के समीप शनिवार दोपहर करीब 1:20 बजे शॉर्ट सर्किट के कारण गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई। आग की चपेट में ग्राम कंचनपुर निवासी मुकेश यादव की फसल आ गई जिससे उन्हें नुकसान उठाना पड़ा। आग लगते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए और सामूहिक प्रयास से किसी तरह आग पर काबू पाया। समय रहते आग बुझा लेने से आसपास की अन्य फसलें सुरक्षित बच गईं। सामाजिक कार्यकर्ता अभिषेक कुमार ने बताया कि क्षेत्र में 11 हजार वोल्ट का बिजली तार काफी ढीला और जर्जर स्थिति में है जिससे इस तरह की घटनाओं की आशंका बनी रहती है। उन्होंने बिजली विभाग से अविलंब तार को दुरुस्त कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# बिहार के वाटरफॉल्स का बढ़ता क्रेज, पर्यटकों की पहली पसंद

## प्राकृतिक सुंदरता, पहाड़ और झरनों के संगम बन रहे आकर्षण का केंद्र





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के झरने और जलप्रपात अब राज्य के इको टूरिज्म का महत्वपूर्ण हिस्सा बनते जा रहे हैं। आजकल ये स्थल पर्यटकों की पहली पसंद बनते जा रहे हैं और बड़ी संख्या में लोग यहां छुट्टियां बिताने तथा सुकून के पल गुजारने पहुंच रहे हैं। राज्य के विभिन्न जिलों में स्थित प्राकृतिक जलप्रपात अपनी मनोरम सुंदरता के लिए प्रसिद्ध हैं। इसके साथ ही गर्मी के मौसम में ये पर्यटकों के लिए प्रमुख पर्यटन स्थल भी बनते जा रहे हैं। पहाड़ों से गिरता पानी, घने जंगल, ठंडी हवा और शांत वातावरण लोगों को प्रकृति के करीब आने का अवसर प्रदान कर रहे हैं। रोहतास और कैमूर की पहाड़ियों में स्थित कई जलप्रपात पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित कर रहे हैं। रोहतास जिले का तुतला भवानी जलप्रपात लगभग 180 फीट की ऊंचाई से गिरता है। जलप्रपात के पास स्थित तुतला भवानी मंदिर के कारण यह स्थान धार्मिक और पर्यटन दोनों दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। यहां गिरते पानी की फुहार और ठंडी हवा पर्यटकों को रोमांचित कर देती है। इसी जिले में स्थित मांझर कुंड और धुआं कुंड भी बेहद खूबसूरत प्राकृतिक झरने हैं। कैमूर की पहाड़ियों और घने जंगलों के बीच स्थित ये झरने प्रकृति प्रेमियों के लिए आदर्श स्थल हैं। पहाड़ों से गिरते पानी की आवाज और आसपास का शांत वातावरण लोगों को मानसिक शांति का अनुभव कराता है। रोहतास क्षेत्र का कशिश जलप्रपात भी अपनी ऊंचाई और प्राकृतिक संरचना के लिए प्रसिद्ध है। ऊंची पहाड़ियों से गिरता यह जलप्रपात दूर-दूर तक अपनी आवाज के लिए जाना जाता है और बड़ी संख्या में पर्यटक यहां प्रकृति का अद्भुत दृश्य देखने आते हैं। कैमूर जिले में स्थित तेलहर कुंड जलप्रपात भी एक प्रमुख इको टूरिज्म स्थल बनता जा रहा है। यह जलप्रपात रोहतास पठार क्षेत्र में दुर्गावती नदी के पास स्थित है और पिकनिक एवं प्राकृतिक भ्रमण के लिए उपयुक्त स्थान माना जाता है। इसके अलावा करकटगढ़ जलप्रपात भी कैमूर की पहाड़ियों में स्थित एक प्रसिद्ध जलप्रपात है। यह स्थान प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ मगरमच्छ संरक्षण केंद्र के रूप में भी विकसित किया गया है। यहां इको पार्क और बच्चों के मनोरंजन की सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। इन जलप्रपातों और झरनों को इको टूरिज्म के रूप में विकसित किया जा रहा है जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार और पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है। सड़क, सुरक्षा, ठहरने और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास से इन स्थानों पर पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। आने वाले समय में ये स्थल बिहार पर्यटन की नई पहचान बन सकते हैं।

## उपद्रवियों ने मचाया उत्पात, ईंटें तोड़ फसल को पहुंचाया नुकसान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** बाईपास रोड स्थित कुमार ट्रेड्स दुकान के पास बीती रात शरारती तत्वों द्वारा माहौल बिगाड़ने का मामला प्रकाश में आया है। यहां विवेक कुमार नामक व्यक्ति के निर्माणाधीन मकान के पास अज्ञात अपराधियों ने सुनियोजित तरीके से ईंट तोड़-फोड़ की और नुकसान पहुंचाया। पीड़ित विवेक कुमार ने बताया कि वह अपना नया मकान बनवा रहे हैं। बीती रात कुछ असामाजिक तत्वों ने वहां रखी ईंटों को न केवल सड़क पर बिखेर दिया, बल्कि उन्हें बड़े पैमाने पर तोड़कर क्षतिग्रस्त भी कर दिया। इतना ही नहीं उपद्रवियों ने ईंटों को सड़क किनारे स्थित खेत में फेंक दिया जिससे वहां लगी फसल को भी नुकसान पहुंचा है। पीड़ित का आरोप है कि यह महज शरारत नहीं बल्कि एक साजिश साजिश है। उन्होंने कहा ईंटों को खेत में फेंकने का मुख्य उद्देश्य मेरे और किसान के बीच बेवजह विवाद पैदा करना और इलाके का सौहार्द बिगाड़ना है। यह सीधे तौर पर समाज में अशांति फैलाने का प्रयास है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय थाना को सूचित किया गया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार महतो ने बताया कि उन्हें इस संबंध में आवेदन प्राप्त हुआ है। उन्होंने आश्वस्त किया कि मामले की त्वरित जांच की जाएगी और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


**e-Procurement Cell**

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT,**
**BUILDING DIVISION, GARHWA.**

Email Id-eengbcdgarhwa-jhr@nic.in

**VERY SHORT TERM E- QUOTATION INVITATION NOTICE**

**2nd Call** Quotation Reference No: **BCD/GARHWA- 32/2025-26**

Sealed Quotations are invited for the work **(1)Name of Work:-** मण्डल डैम के पुनर्वासितों के पुनर्वास हेतु चिन्हित स्थल का सर्वे कर समोच्चित नक्शा एवं प्रस्ताव उपलब्ध कराने के संबंध में। for all Materials from Reputed Shop Keepers/Manufacturers/Suppliers/Retailers/Distributors/ surveyor/ Aluminum Work and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table, If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

**Terms and Condition**

1. The quotationer shall furnish Pan, GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

नोटः– 1. वेबसाईट में ई–कोटशन प्रकाशन की तिथिः 04.04.2026 के अपराह्न 3:30 बजे।
2. वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथिः 11.04.2026 के अपराह्न 1:00 बजे तक।
3. ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समयः 13.04.2026 अपराह्न 3:30 बजे। (अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची)
4. ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, गढ़वा।
5. ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0: 9955921643
6. कोटेशनदाता को यू–केन रजिस्ट्रिेशन की फोटोकॉपी अपलोड करना अनिवार्य है।

नोटः जो कोटेशनदाता अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची के कार्यालय में हार्ड कॉपी जमा करेंगे उन्ही का रेट खोला जायेगा।

अन्य किसी जानकारी के लिए वेबसाईट **http://jharkhandtenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।**

PR 376227 Building(25-26)D

## संपादकीय

# मोदी का जलवा कायम

देश में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और अन्य विपक्षी पार्टियां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कितना ही 'काम्प्रोमाइज्ड' क्यों न बताएं, वैश्विक स्तर पर मोदी का जलवा कायम है। यह बात कोई भारतीय संस्था या व्यक्ति नहीं कह रहा है, बल्कि यह अमेरिकी डेटा एनालिटिक्स फर्म मॉर्निंग कंसल्ट के सर्वे का निष्कर्ष है। इसके मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता बने हैं। सर्वे में प्रधानमंत्री मोदी को 68 प्रतिशत की अप्रूवल रेटिंग मिली है, जो उन्हें दुनिया के शीर्ष नेताओं में पहले स्थान पर बनाए रखती है। गौरतलब है कि मॉर्निंग कंसल्ट द्वारा 2 से 8 मार्च के बीच किए गए सर्वे में पीएम मोदी अपने वैश्विक समकक्षों से काफी आगे नजर आए। यह रैंकिंग लगातार तीसरी बार सत्ता में रहने के बावजूद उनकी लोकप्रियता और मजबूत नेतृत्व को दर्शाती है। दूसरी तरफ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस सूची के टॉप-10 में जगह नहीं बना सके और उन्हें केवल 39 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग मिली। पीएम मोदी के बाद दूसरे स्थान पर स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गाय पारमेलिन और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग रहे, जिन्हें 62-62 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग प्राप्त हुई। इस लिस्ट में वैश्विक लोकप्रियता के मामले में मोदी के बाद स्विट्जरलैंड गाय पार्मेलिन, दक्षिण कोरिया के ली जे म्युंग और चेक गणराज्य के आंद्रेज का नाम है। लेकिन अगर बड़े देशों के नेताओं की बात करें तो ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीएर स्टार्मर को 24 प्रतिशत और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को मात्र 17 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग मिली, जिससे वे सूची में काफी पीछे रहे। उल्लेखनीय है कि पीएम मोदी ने हाल ही में भारतीय राजनीति में एक ऐतिहासिक उपलब्धि भी हासिल की है। उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल को मिलाकर कुल 8 हजार 931 दिनों का नेतृत्व पूरा किया है और अब वे देश के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले प्रमुख बन गए हैं। मॉर्निंग कंसल्ट की यह रेटिंग विभिन्न देशों के वयस्कों की राय पर आधारित सात दिन के मूविंग एवरेज के आधार पर तैयार की जाती है। मोदी की इस बढ़ती वैश्विक लोकप्रियता की प्रामाणिकता पर विपक्ष सवालिया निशान लगा सकता है। कहा जा सकता है कि यह सर्वे भी प्रायोजित है। मोदी विरोधियों की नजर में जब देश में उनकी लोकप्रियता घटती जा रही है, देश कई समस्याओं का सामना कर रहा है, हमारी विदेश नीति सवालों के घेरे में है, तब दुनिया भर में उनकी लोकप्रियता बढ़ने की बात आसानी से गले उतर नहीं रही है। लेकिन तस्वीर का यह एक पहलू है। हमारे घरेलू अंतर्विरोध और झगड़े कितने ही क्यों न हो, वैश्विक स्तर पर मोदी ने अलग पहचान बनाई है, इसमें संदेह नहीं होना चाहिए। वैसे भी मॉर्निंग कंसल्ट जैसी एनालिस्ट कंपनी के सामने मोदी को अव्वल दिखाने की क्या मजबूरी है? आलोचक कह सकते हैं कि यह सर्वे भी प्रायोजित है। इसकी संभावना इसलिए नहीं दिखाई देती कि मॉर्निंग कंसल्ट से सर्टिफिकेट पाने की मोदी को क्या आवश्यकता है? और फिर अगर ऐसा ही होता तो वो कंपनी अपने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को दुनिया का अव्वल लोकप्रिय राष्ट्रपति बताने में ऊर्जा ज्यादा खर्च करती। मोदी को नंबर वन बताने से उसे क्या फायदा? यह सही है कि हाल के वर्षों में भारत की विदेश नीति को बूझना मुश्किल होता जा रहा है कि आखिर हम खड़े कहां पर हैं? लेकिन दुनिया में जिस तरह एक के बाद एक नए संकट उभर रहे हैं, उसमें भारत का किसी एक पाले में खड़े न होना ही श्रेयस्कर और लाभदायक है, यह हाल की घटनाओं ने सिद्ध कर दिया है। हम युद्ध की जगह 'बुद्ध' की राह चल रहे हैं और यह ठीक भी है।

# उपेक्षा और असंतुलित विकास की अधूरी पृष्ठभूमि

**बुंदेलखंड की विशिष्ट समस्याओं के समाधान के लिए विशेष ध्यान और समर्पित नीति की आवश्यकता है। चाहे वह अलग राज्य के रूप में हो या विशेष क्षेत्रीय पैकेज के माध्यम से, इस क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देना आवश्यक है। यदि वर्तमान ढांचे में रहते हुए भी प्रभावी और समन्वित प्रयास किए जाएं, तो भी स्थिति में सुधार संभव है, लेकिन इसके लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति और प्रशासनिक प्रतिबद्धता अनिवार्य है। बुंदेलखंड राज्य की मांग केवल एक प्रशासनिक पुनर्गठन का प्रश्न नहीं है, बल्कि यह क्षेत्रीय न्याय, विकास की समानता और लोकतांत्रिक आकांक्षाओं का प्रतीक है। इसे केवल भावनात्मक मुद्दा मानकर नजरअंदाज करना उचित नहीं होगा। आवश्यक है कि इस पर गंभीर, तथ्यात्मक और संतुलित दृष्टिकोण से विचार किया जाए, ताकि बुंदेलखंड के लोगों की वास्तविक समस्याओं का समाधान खोजा जा सके, चाहे वह अलग राज्य के रूप में हो या मौजूदा ढांचे में व्यापक सुधार के जरिए।**

**हेमंत पाल**

ऐतिहासिक रूप से बुंदेलखंड एक सांस्कृतिक और भौगोलिक इकाई रहा है, जो कई रियासतों में विभाजित था। इन रियासतों का विलय स्वतंत्र भारत में तो हो गया, लेकिन एकीकृत बुंदेलखंड की अवधारणा प्रशासनिक रूप नहीं ले सकी। 1956 में राज्यों के पुनर्गठन के दौरान भाषाई आधार को प्राथमिकता दी गई और बुंदेलखंड को उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के बीच विभाजित कर दिया गया। यही विभाजन आगे चलकर इस क्षेत्र की पहचान और विकास के लिए एक जटिल स्थिति पैदा करता है। यह कहना कि उस समय औपचारिक रूप से अलग बुंदेलखंड राज्य का वादा किया गया था, इतिहास में स्पष्ट रूप से दर्ज नहीं है, लेकिन यह सच है कि क्षेत्रीय एकता की भावना को पर्याप्त महत्व नहीं दिया गया। परिणामस्वरूप बुंदेलखंड दोनों राज्यों में एक सीमांत क्षेत्र बनकर रह गया, जहां न तो नीति-निर्माण का केंद्र रहा और न ही संसाधनों का पर्याप्त प्रवाह सुनिश्चित हो सका। इस प्रशासनिक बंटवारे ने विकास की गति को प्रभावित किया, क्योंकि दोनों राज्यों की प्राथमिकताएं अलग-अलग रहीं और बुंदेलखंड अक्सर उनके एजेंडे में पीछे छूटता गया।



बुंदेलखंड राज्य की मांग नई नहीं है। स्वतंत्रता के बाद राज्यों के पुनर्गठन के समय भी क्षेत्रीय पहचान के आधार पर चर्चा हुई थी, लेकिन बुंदेलखंड को अलग राज्य का दर्जा नहीं मिला। 1950 और 60 के दशक में कुछ स्थानीय संगठनों ने आवाज उठाई, पर वह व्यापक जन आंदोलन का रूप नहीं ले सकी। 1990 के दशक में जब उत्तराखंड (तब उत्तरांचल) के आंदोलन ने जोर पकड़ा, उसी समय बुंदेलखंड में भी अलग राज्य की मांग ने फिर सिर उठाया। 2000 में जब तीन नए राज्य बने, तब भी बुंदेलखंड समर्थकों ने उम्मीद जताई थी, लेकिन केंद्र सरकार ने इस दिशा में कदम नहीं बढ़ाया। जब तक बुंदेलखंड पूर्ण राज्य नहीं बन जाता, इसका विकास संभव नहीं है। फिल्म अभिनेता से सामाजिक कार्यकर्ता बने राजा बुंदेला इस मांग को मुखर रूप से उठा रहे हैं। उनका तर्क है कि जब तक बुंदेलखंड को प्रशासनिक रूप से अलग राज्य का दर्जा नहीं मिलेगा, तब तक इस क्षेत्र की समस्याओं का स्थायी समाधान संभव नहीं है। 1990 के दशक में जब अलग राज्यों की मांग देशभर में जोर पकड़ रही थी, विशेषकर उत्तराखंड (तत्कालीन उत्तरांचल) के आंदोलन के दौरान, तब बुंदेलखंड में भी यह मांग फिर से उभरकर सामने आई। 2000 में जब छत्तीसगढ़, झारखंड और उत्तराखंड जैसे नए राज्यों का गठन हुआ, तब बुंदेलखंड के लोगों को भी उम्मीद जगी कि उनकी मांग पर विचार किया जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ, जिससे क्षेत्रीय असंतोष और गहरा हो गया। विकास के दृष्टिकोण से बुंदेलखंड आज भी देश के सबसे पिछड़े क्षेत्रों में गिना जाता है। यहां बार-बार पड़ने वाले सूखे, जल संकट, कृषि पर अत्यधिक निर्भरता, और औद्योगिक विकास की कमी जैसी समस्याएं लगातार बनी हुई हैं। जल प्रबंधन की विफलता ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। केन-बेतवा नदी जोड़ परियोजना जैसी योजनाएं चर्चा में तो रही हैं, लेकिन उनका क्रियान्वयन अपेक्षित गति से नहीं हो सका। परिणामस्वरूप किसानों की आय अस्थिर बनी रहती है और बड़ी संख्या में लोग रोजगार की तलाश में पलायन करने को मजबूर होते हैं।

प्रशासनिक दृष्टि से देखा जाए तो बुंदेलखंड का विभाजन इसकी सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। दो अलग-अलग राज्यों में बंटे होने के कारण नीतियों में समन्वय की कमी रहती है। एक राज्य में बनाई गई योजना दूसरे हिस्से में लागू नहीं होती, जिससे समग्र क्षेत्रीय विकास बाधित होता है। यदि यह क्षेत्र एक राज्य के रूप में संगठित होता, तो जल, कृषि, उद्योग और बुनियादी ढांचे से जुड़ी नीतियों को एकीकृत तरीके से लागू किया जा सकता था। इसी पृष्ठभूमि में फिल्म अभिनेता से सामाजिक कार्यकर्ता बने राजा बुंदेला ने इस मुद्दे को मुखर रूप से उठाया है। उनका तर्क है कि जब तक बुंदेलखंड को प्रशासनिक रूप से अलग राज्य का दर्जा नहीं मिलेगा, तब तक इसकी समस्याओं का स्थायी समाधान संभव नहीं है। उनका यह भी मानना है कि स्थानीय नेतृत्व और स्थानीय प्राथमिकताओं के आधार पर ही इस क्षेत्र का समुचित विकास हो सकता है। उनका आंदोलन इस बात को रेखांकित करता है कि यह मांग केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक न्याय से जुड़ी हुई है।

हालांकि, अलग राज्य बनने से विकास अपने आप सुनिश्चित हो जाएगा, यह मान लेना भी पूरी तरह उचित नहीं है। छोटे राज्यों के अनुभव मिश्रित रहे हैं। जहां छत्तीसगढ़ ने खनिज संसाधनों के बेहतर उपयोग के जरिए आर्थिक प्रगति की, वहीं कुछ अन्य राज्यों को अभी भी प्रशासनिक और वित्तीय चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। विकास केवल राज्य के आकार या उसकी प्रशासनिक स्थिति पर निर्भर नहीं करता, बल्कि यह सुशासन, पारदर्शिता, निवेश और प्रभावी नीति-क्रियान्वयन पर भी आधारित होता है। इसके अतिरिक्त, नया राज्य बनाने की प्रक्रिया भी सरल नहीं है। इसके लिए संसद में विधेयक पारित करना, संबंधित राज्यों की सहमति, और व्यापक राजनीतिक समर्थन आवश्यक होता है। वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में यह एक जटिल और लंबी प्रक्रिया हो सकती है। साथ ही, नए राज्य के गठन के साथ प्रशासनिक ढांचे का निर्माण, राजधानी का चयन, संसाधनों का बंटवारा और वित्तीय प्रबंधन जैसी कई चुनौतियां भी सामने आती हैं।

फिर भी, यह तर्क अनदेखा नहीं किया जा सकता कि बुंदेलखंड की विशिष्ट समस्याओं के समाधान के लिए विशेष ध्यान और समर्पित नीति की आवश्यकता है। चाहे वह अलग राज्य के रूप में हो या विशेष क्षेत्रीय पैकेज के माध्यम से, इस क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देना आवश्यक है। यदि वर्तमान ढांचे में रहते हुए भी प्रभावी और समन्वित प्रयास किए जाएं, तो भी स्थिति में सुधार संभव है, लेकिन इसके लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति और प्रशासनिक प्रतिबद्धता अनिवार्य है। बुंदेलखंड राज्य की मांग केवल एक प्रशासनिक पुनर्गठन का प्रश्न नहीं है, बल्कि यह क्षेत्रीय न्याय, विकास की समानता और लोकतांत्रिक आकांक्षाओं का प्रतीक है। इसे केवल भावनात्मक मुद्दा मानकर नजरअंदाज करना उचित नहीं होगा। आवश्यक है कि इस पर गंभीर, तथ्यात्मक और संतुलित दृष्टिकोण से विचार किया जाए, ताकि बुंदेलखंड के लोगों की वास्तविक समस्याओं का समाधान खोजा जा सके, चाहे वह अलग राज्य के रूप में हो या मौजूदा ढांचे में व्यापक सुधार के जरिए।

## अध्यात्म

### हम कल के लिए - आज नहीं सोचते



एक नगर में एक संपन्न सेठजी रहते थे। वह दिनभर खूब मेहनत से काम करते थे। एक दिन उन्हें न जाने क्या सूझा कि अपने मुनीम को बुलाकर कहा, 'पता करो हमारे पास कितना धन है और कब तक के लिए पर्याप्त है?' कुछ दिन बाद मुनीम हिसाब लेकर आया और सेठ जी से बोला, 'जिस हिसाब से आज खर्चा हो रहा है, उस तरह अगर आज से कोई कमाई न भी हो तो आपकी सात पीढ़ियां खा सकती हैं।' सेठ जी चौंक पड़े। पूछा, 'तब आठवीं पीढ़ी का क्या होगा?' सेठ जी सोचने लगे और तनाव में आ गए। फिर बीमार रहने लगे। बहुत इलाज कराया मगर कुछ फर्क नहीं पड़ा। एक दिन सेठ जी का एक दोस्त हालचाल पूछने आया। सेठजी बोले, 'इतना कमाया फिर भी आठवीं पीढ़ी के लिए कुछ नहीं है। दोस्त बोला, 'एक पंडित जी थोड़ी दूर पर रहते है अगर उन्हें सुबह को खाना खिलाएं तो आपका रोग ठीक हो जाएगा।' अगले ही दिन सेठ जी भोजन लेकर पंडित जी के पास पहुंचे। पंडित जी ने आदर के साथ बैठाया। फिर अपनी पत्नी को आवाज दी, 'सेठ जी खाना लेकर आए हैं।' इस पर पंडित जी की पत्नी बोली, 'खाना तो कोई दे गया है। पंडित जी ने कहा, 'सेठ जी, आज का खाना तो कोई दे गया है। इसलिए आपका भोजन स्वीकार नहीं कर सकते। हमारा नियम है कि सुबह जो एक समय का खाना पहले दे जाए, हम उसे ही स्वीकार करते हैं। मुझे क्षमा करना।' सेठ जी बोले, 'क्या कल के लिए ले आऊं?' पंडित जी बोले, 'हम कल के लिए आज नहीं सोचते। कल आएगा, तो ईश्वर अपने आप भेज देगा।' सेठ जी घर की ओर चल पड़े। रास्ते भर वह सोचते रहे कि कैसा आदमी है यह। इसे कल की बिल्कुल भी चिंता नहीं है और मैं अपनी आठवीं पीढ़ी को लेकर रो रहा हूं। उनकी आंखें खुल गईं। सेठ जी सारी चिंता छोड़कर सुख से रहने लगे। कल की चिंता में हमें अपना आज खराब नहीं करना चाहिए। धार्मिक ग्रंथों में भी इस बात को प्रमुखता से बताया गया है कि अगर व्यक्ति वर्तमान में जिएं, तो उसका जीवन सुखमय हो जाता है। अपने कल को सुखद बनाने के लिए अपना आज खराब नहीं करना चाहिए।

# योगी ने 9 साल में युवाओं के लिए बदले समीकरण

**उत्तर प्रदेश में युवाओं को लेकर जो परिवर्तन दिखाई दे रहा है, वह अलग-अलग पहलों का परिणाम भर नहीं है, बल्कि एक ऐसे दृष्टिकोण का संकेत है जिसमें मैदान, मेरिट और मौके एक साथ जुड़े हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बना यह ढांचा यह दिखाता है कि जब नीतियां स्पष्ट हों, क्रियान्वयन निरंतर हो और प्राथमिकता युवा हों, तो बदलाव केवल कागजों तक सीमित नहीं रहता। आज प्रदेश का युवा केवल प्रतिस्पर्धा में शामिल नहीं है, बल्कि बेहतर तैयारी, संसाधनों और अवसरों के साथ आगे बढ़ रहा है। यही बदलाव आगे चलकर उत्तर प्रदेश की आर्थिक, सामाजिक और खेल पहचान को नई दिशा देने की क्षमता रखता है।**

**अमिताभ सत्यम**

उत्तर प्रदेश में युवाओं की बात अब केवल योजनाओं या घोषणाओं तक सीमित नहीं रही है, बल्कि यह जमीन पर दिखने वाले बदलाव का विषय बन चुकी है। बीते 9 वर्षों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य में एक ऐसा ढांचा खड़ा होता दिख रहा है, जहां मैदान भी है, मेरिट को जगह भी है और आगे बढ़ने के मौके भी लगातार बढ़े हैं।

यह बदलाव किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं है। खेल के मैदान गांवों तक पहुंचे हैं, भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता आई है, और युवाओं को सामाजिक व राष्ट्रीय गतिविधियों से जोड़ने की संगठित कोशिश हुई है। यही कारण है कि उत्तर प्रदेश में अब युवा केवल अवसर खोजने वाला वर्ग नहीं, बल्कि अवसरों का उपयोग कर आगे बढ़ने वाला वर्ग बनता दिखाई दे रहा है।

योगी सरकार ने यह समझा कि प्रतिभा केवल शहरों तक सीमित नहीं होती, बल्कि गांवों में भी उतनी ही क्षमता मौजूद है। इसी सोच के तहत प्रदेश में ग्रामीण स्तर पर खेल अवसंरचना विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया। आज प्रदेश में 125 ग्रामीण स्टेडियम बनकर तैयार हो चुके हैं और 39 स्टेडियमों पर कार्य प्रगति पर है। 117 विकास खंड इनसे आच्छादित हो चुके हैं, जबकि कुछ क्षेत्रों में दो-दो स्टेडियम बनाकर सुविधाओं को और मजबूत किया गया है।

इन स्टेडियमों को सक्रिय बनाए रखने के लिए खेल उपकरणों की व्यवस्था और प्रशिक्षकों की तैनाती भी सुनिश्चित की गई है। इससे ग्रामीण युवाओं को अपने ही क्षेत्र में अभ्यास और प्रशिक्षण का अवसर मिल रहा है, जो पहले बड़े शहरों तक सीमित था।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में युवाओं को केवल खेल तक सीमित नहीं रखा गया, बल्कि उन्हें समाज और राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ने का भी प्रयास किया गया है। प्रदेश की 57,695 ग्राम पंचायतों में 53,760 युवक मंगल दल और 52,354 महिला मंगल दल गठित किए जा चुके हैं।

इन दलों के माध्यम से युवाओं को स्वच्छता, वृक्षारोपण, नशामुक्ति और रक्तदान जैसी गतिविधियों में भागीदारी के लिए प्रेरित किया जा रहा है। 96,000 से अधिक मंगल दलों को खेल सामग्री उपलब्ध कराई जा चुकी है। इससे युवाओं में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित हो रही है।

योगी सरकार के कार्यकाल में रोजगार के क्षेत्र में पारदर्शिता और निष्पक्षता स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिले हैं। विभिन्न आयोगों और भर्ती बोर्डों के माध्यम से 9 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां प्रदान की गई हैं। भर्ती प्रक्रिया को सरल और निष्पक्ष बनाने के लिए समूह 'ख' और 'ग' पदों पर साक्षात्कार की व्यवस्था समाप्त की गई, एकल अवसरीय पंजीकरण लागू किया गया और सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों को रोकने के लिए सख्त कानून लागू किया गया।



पीईटी की वैधता तीन वर्ष तक बढ़ाना और आरक्षण के मानकों का पालन सुनिश्चित करना यह दर्शाता है कि व्यवस्था को अभ्यर्थियों के अनुकूल बनाया गया है। इन सुधारों ने युवाओं के बीच यह भरोसा मजबूत किया है कि अवसर अब पारदर्शी और योग्यता आधारित हैं।

योगी आदित्यनाथ सरकार ने खेल को केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि करियर और रोजगार के अवसर के रूप में भी विकसित किया है। 'एक मंडल - एक स्पोर्ट्स कॉलेज' की परिकल्पना और मेरठ में मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय की स्थापना इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इतना ही नहीं, राज्य खेल नीति-2023 के तहत खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने पर करोड़ों रुपये के पुरस्कार दिए जा रहे हैं। इसके साथ ही खिलाड़ियों को सरकारी सेवाओं में अवसर प्रदान करने की प्रक्रिया भी जारी है। 'एक जनपद एक खेल' योजना के तहत प्रशिक्षकों को मानदेय और खिलाड़ियों को आवश्यक किट उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे प्रतिभाओं को संसाधनों के अभाव में पीछे न रहना पड़े।

योगी सरकार ने युवाओं को योजनाओं से जोड़ने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का भी प्रभावी उपयोग किया है। 'माय भारत' पोर्टल पर 19 लाख से अधिक युवाओं का पंजीकरण हो चुका है, जबकि 'युवा साथी' पोर्टल के माध्यम से 12 लाख से अधिक युवाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई है। यह पहल युवाओं को केवल जानकारी देने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें सक्रिय भागीदारी और अवसरों तक पहुंच के लिए सक्षम बनाती है।

योगी सरकार के कार्यकाल में खेल अवसंरचना का भी व्यापक विस्तार हुआ है। गोरखपुर और वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियमों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा बहुउद्देशीय क्रीड़ा हॉल, स्विमिंग पूल और जिम जैसी सुविधाओं का विस्तार किया गया है। एकलव्य क्रीड़ा कोष की स्थापना और खिलाड़ियों को किट वितरण जैसी पहलें यह सुनिश्चित करती हैं कि प्रतिभाओं को हर स्तर पर सहयोग मिले। वर्ष 2025-26 में 789 खिलाड़ियों को किट वितरित किया जाना इसका उदाहरण है।

उत्तर प्रदेश में युवाओं को लेकर जो परिवर्तन दिखाई दे रहा है, वह अलग-अलग पहलों का परिणाम भर नहीं है, बल्कि एक ऐसे दृष्टिकोण का संकेत है जिसमें मैदान, मेरिट और मौके एक साथ जुड़े हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बना यह ढांचा यह दिखाता है कि जब नीतियां स्पष्ट हों, क्रियान्वयन निरंतर हो और प्राथमिकता युवा हों, तो बदलाव केवल कागजों तक सीमित नहीं रहता। आज प्रदेश का युवा केवल प्रतिस्पर्धा में शामिल नहीं है, बल्कि बेहतर तैयारी, संसाधनों और अवसरों के साथ आगे बढ़ रहा है। यही बदलाव आगे चलकर उत्तर प्रदेश की आर्थिक, सामाजिक और खेल पहचान को नई दिशा देने की क्षमता रखता है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

लोग आपकी बातों का गलत मतलब न निकालें, इसका ध्यान रखें। यदि सर्दी-खाँसी से पीड़ित हैं, तो तुरन्त उसका इलाज करवायें।

**वृषभ**

कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। साझेदारी वाले व्यापार में अच्छा लाभ हो सकता है। भविष्य की योजनाओं में आप निवेश कर सकते हैं।

**मिथुन**

कार्यक्षेत्र में अचानक स्थान-परिवर्तन से परेशान हो सकते हैं। छोटी-मोटी बातों पर अधिक आक्रामक न हों। लोग आपको धोखा दे सकते हैं।

**कर्क**

आपकी सलाह से लोगों को बहुत लाभ होगा। प्रेम सम्बन्धों को परिवार से स्वीकृति मिल सकती है। पुराने रोग से मुक्ति मिलने के अच्छे योग हैं।

**सिंह**

स्वास्थ्य नरम सा हो सकता है। विदेश यात्रा होने के योग बन रहे हैं। योजनाओं को क्रियान्वित करने में आसानी होगी। लोग आपकी बातों को ध्यान से सुनेंगे।

**कन्या**

व्यापारिक उद्देश्य से यात्रा हो सकती है। अनावश्यक खर्चों को नियन्त्रित करना पड़ेगा। बनते हुये कार्यों में विघ्न आने की आशंका है।

**तुला**

दिन अपनों के बीच शान्ति से बितायेंगे तो बेहतर होगा। अनैतिक कार्यकलापों की ओर प्रेरित हो सकते हैं। शुभचिन्तकों की सलाह को अन्यथा न लें।

**वृश्चिक**

कार्यक्षेत्र में सकारात्मक परिणाम मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। दिनचर्या थोड़ी असामान्य हो सकती है।

**धनु**

कार्यक्षेत्र में कुछ अचानक परिवर्तन करने पड़ सकते हैं। अपनी योजनाओं को लोगों के सामने साझा न करें। लोग आपके भोलेपन का लाभ उठा सकते हैं। घर का वातावरण अनुशासित रहेगा।

**मकर**

कारोबार को लेकर आप अत्यधिक सक्रिय रहेंगे। उधार लेन-देन को लेकर थोड़ी समस्या होगी। आलस्य में अपना समय व्यर्थ न करें। अपनी क्षमताओं और योग्यताओं पर सन्देह न करें।

**कुंभ**

उच्च शिक्षा को लेकर काफी मेहनत करेंगे। घर बेचना चाह रहे हैं तो आपको आज सफलता मिल सकती है। कुछ लोग आपका मूड खराब करने का प्रयास करेंगे।

**मीन**

आपकी समस्याओं का समाधान आपको मिल सकता है। उच्च अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगी। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मारपीट कर किया घायल, छिनतई का आरोप

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के लोदीपुर गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच में मारपीट हो गई। इस मारपीट के दौरान तीन लोग घायल हो गए है। जिन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिनका उपचार चल रहा है। इस संबंध में प्रिंस कुमार नामक एक युवक ने मनेर थाने में लिखित शिकायत कर लोदीपुर के गोलू कुमार नामक युवक सहित अन्य लोगों के द्वारा मारपीट व छिनतई करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में मनेर थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि मामले में जांच कर उचित कार्रवाई की जा रही है।

### आंधी पानी मे नल जल टंकी गिरी, घर हुआ क्षतिग्रस्त



**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सिंघाड़ा पंचायत के वार्ड 8 में आंधी पानी मे नल जल का टंकी गिर गया है। जिसमे समीप के घर का कुछ भाग क्षतिग्रस्त हुआ है। बता दे कि सिंघाड़ा गांव में वार्ड 8 में लगा नल जल का टंकी बीते रात आई तेज आंधी पानी मे उड़कर समीप के घर पर जा गिरा। जिसमे अशोक राय के घर के ऊपर लगा छह करकट क्षतिग्रस्त हो गया। जिसमें हजारों रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। साथ ही टंकी गिर कर फट गया है। जिस कारण सैकड़ो घरों के लोगो के लिए पीने का पानी की किल्लत हो गई है।

### मारपीट कर 38 हजार की छिनतई, सात लोग नामजद

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शादी समारोह के बहुभोज के दौरान एक व्यक्ति के साथ जानलेवा हमला कर मारपीट कर 38 हजार की छिनतई करने के मामले में मसौढी थाना क्षेत्र के मालिकाना मोहल्ले के निवासी तय्यब रजा पिता बदरुद्दीन ने मसौढी थाने में सात लोगों पर नामजद आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। दिए आवेदन की आलोक में लिखा है कि हम अपने भाई के बहुभोज में सौभाग्य उत्सव हॉल में व्यस्त थे, उसी दौरान मलिकाना मुहल्ले के मोहम्मद आबिद, बाटा,नन्हका, साबिर, जावेद सभी पिता डोमन मियां एवं मंटू मियां आया और हाथ में पंजा और बेल्ट लेकर सबों ने मिलकर मारपीट करना शुरू कर दिया इस दौरान हमारे पैकेट से ₹38 हजार रुपया और सोने का चैन भी छीन लिया एवं कई महिलाओं के साथ छेड़छाड़ भी किया, मारपीट की घटना हो जाने के बाद फिर देर रात को तकरीबन 1:30 बजे फिर आकर मारपीट किया है मारपीट के दौरान हमारे शरीर में और आंख पर चोट लगी है पुलिस पूरे मामले में जांच पड़ताल कर छानबीन में जुटी है।

### डायल 112 पुलिस गाड़ी में एक बेकाबू पिकअप वैन ने आमने-सामने से मारी ठोकर

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भगवानगंज थाना क्षेत्र के खनपुरा गांव के समीप शनिवार की दोपहर में एक बेकाबू पिकअप वैन भगवानगंज पुलिस की डायल 112 की गाड़ी में आमने-सामने ठोकर मार दिया, हालांकि इस बीच डायल 112 के पुलिस कर्मियों को ज्यादा चोट नहीं आई हैं, पुलिस ने पिकअप वैन को जप्त करते हुए चालक को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि पिकअप वैन का चालक शराब के नशे में धुत था और तेज रफ्तार से वह सामने से आ रहा था उसे दरमियां आमने-सामने की टक्कर हो गई,,जिससे पुलिस की गाड़ी आगे से उसका डंपर क्षतिग्रस्त हो गया है। फिलहाल चालक को पुलिस हिरासत में लेकर उसे पूछताछ करने में जुटी है।

### बकाया पैसा मांगने गए तो गर्म लोहे के आयरन से किया जख्मी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी थाना क्षेत्र के तारेगना गोला स्थित अपने बकाया पैसा मांगने गए एक व्यक्ति के साथ गर्म लोहे का आयरन से जख्मी कर देने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में तारेगना गोला निवासी रामविषय कुमार पिता स्व जगदीश साव ने नित्यानंद कुमार उर्फ पिंटू पिता मिथिलेश महतो पर मसौढी थाने में कार्रवाई की गुहार लगाते हुए आवेदन दिया है। लिखे गए आवेदन के आलोक में रामविषय ने लिखा है कि जब हम और हमारी पत्नी और बेटे अपने बकाया पैसा मांगने के लिए उसे घर पर गए हुए थे तो नित्यानंद हम सब को देखते हुए गाली गलौज करना शुरू कर दिया उसके बाद उसकी पत्नी भी निकल कर आकर गाली-गलौज करने लगी और गर्म लोहे का आयरन फेंक कर जख्मी कर दिया और हम गिर गए हैं उसके बाद फिर नित्यानंद कुमार निकला और हमारी पत्नी के साथ बदतमीजी करते हुए कहा कि पैसा नहीं मिलेगा इस दौरान हमारे गले से सोने का चैन भी छीन लिया और जान से मारने की धमकी दिए, पुलिस दिए गए आवेदन के आलोक में जांच पड़ताल में जुटी हैं।

### पटना हटिया एक्सप्रेस ट्रेन में जीआरपी ने की सघन जांच




**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना गया रेल खंड के नादौल रेलवे स्टेशन पर देर शाम को पटना हटिया एक्सप्रेस ट्रेन में असामाजिक तत्वों की सूचना पर देर रात नदौल रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में जीआरपी तारेगना पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों, सामानों और ट्रेनों के डिब्बों की तलाशी ली गई, थानाध्यक्ष सोनू कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी की पटना हटीया एक्सप्रेस ट्रेन में कुछ असमाजिक तत्व चढ़ गए हैं और कुछ अप्रिय घटना करने के फिराक में है ऐसे में जीआरपी तारेगना रेल थानाध्यक्ष सोनू कुमार के नेतृत्व में सूचना पाकर पूरे दलबल के साथ नदौल रेलवे स्टेशन पर पहुंचे और ट्रेन के बोगियों की सघन जांच अभियान चलाए हैं उसके बाद देर रात तक नदौल मे रहकर रेलवे प्लेटफार्म पर जांच की गई है। छापेमारी को लेकर थानाध्यक्ष ने बताया की यह एक यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का एक हिस्सा है। पटना गया रेल खंड के नदौल रेलवे स्टेशन पर असामाजिक तत्वों के द्वारा महिला यात्रियों की चेन छिनतई करने की सूचना मिलती है जिसको लेकर सघन तलाशी अभियान चलाई गई हैं।

### होल्डिंग टैक्स जमा करने को लेकर नगर परिषद मसौढी कार्यालय में उमड रही भीड़,

**ऑफर केवल 3 दिनों तक, टैक्स पर दी जा रही विशेष छूट**

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद मसौढी क्षेत्र में होल्डिंग टैक्स बकायेदारों के लिए राहत का मौका दिया गया है। नगर विकास एवं आवास विभाग की ओर से लागू विशेष योजना के तहत 31 मार्च 2026



तक एकमुश्त बकाया टैक्स जमा करने पर ब्याज और जुमार्ना पूरी तरह माफ किया जा रहा है। ऐसे में होल्डिंग टैक्स जमा करने वालों की भीड़ उमड रही है। जहां नगर परिषद कार्यालय में होल्डिंग टैक्स जमा करने को लेकर नगर परिषद कार्यालय की ओर से विशेष तौर पर सभी विंडो एवं कई कर्मचारियों को लगाया गया है।कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन ने शहर के सभी होल्डिंग स्वामियों से अपील की है कि वे समय सीमा के भीतर इस छूट का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि खासकर वे लोग, जिन्होंने लंबे समय से टैक्स नहीं जमा किया है, इस योजना का लाभ उठाकर बकाया भुगतान कर दें, क्योंकि 31 मार्च के बाद यह सुविधा समाप्त हो जाएगी। अनुमानित तौर पर अब तक 60 लाख से अधिक की वसूली की गई है।वहीं टैक्स जमा करने में किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए विशेष व्यवस्था की गई है। 31 मार्च तक रविवार समेत अन्य अवकाश के दिनों में भी कार्यालय खुला रहेगा। नागरिक ऑनलाइन माध्यम, या काउंटर और अंचल कार्यालयों में आयोजित शिविरों के जरिए आसानी से अपना टैक्स जमा कर सकते हैं।

# महाविद्यालय के बीसीए विभाग में फेयरवेल कार्यक्रम आयोजित



**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां-हिलसा मार्ग पर अवस्थित समीपवर्ती एस.यू. कॉलेज, हिलसा के बीसीए विभाग के तृतीय वर्ष के छात्रों द्वारा एक भावनात्मक एवं उत्साहपूर्ण फेयरवेल कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य सह निदेशक प्रो. अनिल कुमार सिंह, बीसीए कोर्स के समन्वयक डॉ. प्रभात कुमार एवं बीसीए के शिक्षक राजमणि कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत में बीसीए कोर्स के समन्वयक डॉ. प्रभात कुमार ने स्वागत भाषण देते हुए सभी अतिथियों एवं विद्यार्थियों का अभिनंदन किया तथा अंतिम वर्ष के छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार सिंह ने अपने संबोधन में बीसीए के अंतिम वर्ष के सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि व्यावसायिक कोर्स के छात्र-छात्राएं ही विभाग एवं महाविद्यालय के वास्तविक एंबेसडर होते हैं। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने जीवन में निरंतर आगे बढ़ें, सफलता की ऊंचाइयों को प्राप्त करें तथा महाविद्यालय का नाम रोशन करें।कार्यक्रम के दौरान अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने एक-एक कर अपने तीन वर्षों के अनुभवों को साझा किया, जिससे माहौल भावुक एवं यादगार बन गया। उनके अनुभवों में कॉलेज जीवन की सीख, मित्रता और यादों की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी।कार्यक्रम में कॉलेज के प्राध्यापक डॉ अश्विनी झा,डॉ अभिषेक कुमार, डॉ घनश्याम कुमार,डॉ पंकज कुमार सिंह,गेस्ट टीचर डॉ कुमारी लूसी, डॉ मनोज कुमार,डॉ सौरभ कुमार, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ राजीव नयन सिंह, अकाउंटेंट रोनित रॉय, मधुसूदन कुमार,सुजीत कुमार,मुनील कुमार व अन्य स्टाफ मौजूद रहे।इस कार्यक्रम का सफल संचालन बीसीए द्वितीय वर्ष की छात्रा अरशला फातिमा द्वारा किया गया, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम को अत्यंत सुंदर एवं सुव्यवस्थित ढंग से प्रस्तुत किया।कार्यक्रम के समापन पर छात्रों द्वारा विभिन्न स्वादिष्ट एवं लजीज व्यंजन तैयार कर सभी उपस्थित लोगों को परोसा गया, जिसने आयोजन को और भी खास बना दिया।यह संपूर्ण कार्यक्रम बीसीए विभाग के सभी छात्र-छात्राओं के सामूहिक प्रयास से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## कवयित्री निकुंज जैन के प्रथम काव्य-संग्रह 'एक कोना मन' लोकार्पण




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पटना के साहित्यिक जगत के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर पर नवोदित कवयित्री निकुंज जैन के प्रथम काव्य-संग्रह 'एक कोना मन' के लोकार्पण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह गरिमामयी कार्यक्रम साहित्य, संस्कृति एवं कला से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में संपन्न होगा। इस अवसर पर साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित सुप्रसिद्ध कवि अरुण कमल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समारोह में पद्मश्री डॉ. विमल कुमार जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। साथ ही प्रतिष्ठित साहित्यकारों, कवियों एवं समीक्षकों की उपस्थिति कार्यक्रम को विशेष बनाएगी। एक कोना मनह्व काव्य-संग्रह में कवयित्री निकुंज जैन की 70 कविताएँ संकलित हैं, जिनमें स्त्री-अस्तित्व, प्रेम, संवेदना, प्रकृति, सामाजिक सरोकार तथा आत्मबोध के विविध आयामों को अभिव्यक्ति दी गई है। यह संग्रह स्पर्श प्रकाशन द्वारा प्रकाशित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान पुस्तक लोकार्पण के साथ साहित्यकारों के विचार, काव्य-चर्चा तथा कवयित्री के साथ संवाद भी आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में पटना के अनेक साहित्यकार, बुद्धिजीवी एवं साहित्य प्रेमियों की उपस्थिति अपेक्षित है। अतः सभी प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल मीडिया के प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि इस महत्वपूर्ण साहित्यिक आयोजन में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम को व्यापक प्रचार-प्रसार प्रदान करें।

## सड़क के किनारे अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद, शव की शिनाख्त में जुटी पुलिस



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी कादिरगंज मार्ग में मसौढी थाना क्षेत्र के भैंसवां पंचायत के दरियापुर गांव जाने वाले रास्ते के पास सड़क के किनारे एक अज्ञात एक व्यक्ति का सडा गला शव बरामद किया गया है। मौके पर सूचना पाकर थानाध्यक्ष विवेक भारती पूरे दलबल के साथ पहुंचे और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया स्थानीय लोगों ने दुर्गंध दे रहे शव को देखकर सूचना दी थी, देखने से प्रतीत होता है कि काफी दिन से झाड़ियां में फेंका हुआ था, फिलहाल छानबीन की जा रही है।बहरहाल सड़क के किनारे शव मिलने की सूचना पर स्थानीय लोगों में भीड़ जुट गई है और आसपास के लोग शव को देखने के लिए पहुंच रहे थे, हालांकि शव की पहचान अभी तक नहीं हुई है। कुछ लोगों ने बताया कि यह कोई पागल व्यक्ति है जो झाडी में गिर गया हो और उसकी मौत हो गई है। वहीं कैलूचक के स्थानीय लोगों ने बताया की यह कैलूचक का सिद्धेश्वर प्रसाद है जो कुछ दिनों से मानसिक हालत खराब थी, वहीं थानाध्यक्ष ने मृतक के परिजनों को पटना पीएमसीएच शव की पहचान के लिए भेजा गया है। और विभिन्न बिंदुओं पर तफ्तीश करने में जुटी है।

### पालीगंज के पतौना विद्यालय में विदाई समारोह

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज प्रखंड के पतौना गांव स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में शनिवार को कक्षा आठवीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पत्रकार वेद प्रकाश, प्रधान शिक्षक मुकेश शर्मा व अभिभावक सुनील ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। संचालन प्रकाश चन्द्र जोशी ने किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने स्वागत गीत, नृत्य, संगीत व एकांकी के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एकांकी में सोशल मीडिया के दुष्परिणाम और नशा सेवन से होने वाले नुकसान पर संदेश देकर जागरूकता फैलायी गई। साथ ही पारंपरिक गीतों के जरिए बिहार की सांस्कृतिक झलक प्रस्तुत की गई, जिसकी शिक्षकों व अभिभावकों ने सराहना की। प्रतिभागी छात्रों को अतिथियों द्वारा मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## अथमलगोला में अमृत भारत का इंजन फेल, दो घंटे से अधिक समय तक खड़ी रही ट्रेन

**यात्रियों का हंगामा,रेलवे सुरक्षा बल ने समझा बुझा कर किया शांत**




**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्व मध्य रेल के दानापुर मंडल अंतर्गत अथमलगोला रेलवे स्टेशन पर शनिवार की अहले सुबह ट्रेन संख्या 22588 बनारस से सियालदह जानेवाली सप्ताहिक अमृत भारत एक्स्प्रेस का इंजन तकनीकी खराबी आने के बाद फेल हो गया,घटना शनिवार की सुबह पांच,छः बजे के आसपास की है,उक्त ट्रेन के लोको पायलट ने बहुत देर कोशिश की,लोको को ठीक करने की लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी,इस दरमियान ट्रेन लगभग दो घंटे से अधिक अथमलगोला रेलवे स्टेशन पर खडी. रह गई,जिसके बाद उक्त ट्रेन के यात्री अथमलगोला स्टेशन पैनल मे आकर कार्यरत कर्मचारियों से कहासूनी करने लगे जिसके बाद,स्टेशन पैनल द्वारा इसकी जानकारी रेलवे सुरक्षा बल बख्तियारपुर व राजकीय रेल पुलिस को दी गई,रेलवे सुरक्षा बल बख्तियारपुर के प्रभारी निरीक्षक जवाहर लाल दल बल के साथ अथमलगोला रेलवे स्टेशन पहुंचे और आक्रोशित यात्रियों को समझाबुझाकर शांत करवाया। आखिर में दानापुर कनट्रोल से इजाजत मिलने के बाद अृमत भारत के इंजन को हटाकर,थर्ड लाइन ( 01 नंबर) पर पहले से खडी. गुड्स ट्रेन के लोको को जोड़कर ट्रेन को आगे गंतव्य के लिए रवाना कर दिया है। कुल मिलाकर यह ट्रेन दो से तीन घंटे अथमलगोला स्टेशन पर खडी.रही और पांच घंटे के आसपास विलंब हो गई,रेलवे सुरक्षा बल बख्तियारपुर की टीम ने यात्रियों को समझाकर शांत करवाया।

# सीएचसी कुचायकोट के ट्रॉमा केयर को बनाया गया बेहतर




**पटना/गोपालगंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सेवलाइफ फाउंडेशन भारत में दुर्घटना के बाद उपलब्ध आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए आईसीआईसीआई लोम्बार्ड और स्वास्थ्य विभाग, गोपालगंज के साथ साझेदारी में एनएच 27 के गोपालगंज-कोटवा खंड पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कुचायकोट में ट्रॉमा केयर की बुनियादी व्यवस्था को अपग्रेड किया। यह पहल जीरो फैटैलिटी सॉल्यूशंस (जेडएफएस) प्रोग्राम के तहत की गई है। इसका उद्देश्य सड़क दुर्घटना के दौरान पीड़ितों को समय पर उचित और असरदार उपचार देने के लिए जरूरी ट्रॉमा केयर संसाधनों के साथ इस स्वास्थ्य केंद्र को अपग्रेड करना है। इस प्रयास से सड़क दुर्घटना से संबंधित पीड़ितों को 'गोल्डन आवर' में उचित और जीवन रक्षक उपचार मिलना सुनिश्चित होगा। सड़क दुर्घटना के दौरान पीड़ितों को समय पर सही उपचार मिलने से मृत्यु और दीर्घकालिक अपंगता के मामले कम होते हैं। विशेषकर एनएच 27 जैसी अधिक दुर्घटना संभावित सड़कों पर जल्द चिकित्सा उपलब्ध कराने से मरीज को बचाया जा सकता है। इस पहल पर सीएचसी कुचायकोट के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. श्याम सुंदर ने कहा कि यह स्वास्थ्य केंद्र एक व्यस्त राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे है। इसलिए यहां अक्सर ट्रॉमा के मरीज आते हैं, जिन्हें तत्काल उपचार मिलना जरूरी होता है। इस पहल के बारे में सेवलाइफ फाउंडेशन के फाउंडर और सीईओ पीयूष तिवारी ने बताया कि अधिक दुर्घटना संभावित सड़कों की खतरनाक जगहों पर ट्रॉमा केयर की मजबूत व्यवस्था की जाए। सीएचसी कुचायकोट को अपग्रेड करने का मकसद ऐसे पीड़ितों को 'गोल्डन आवर' में तुरंत स्टैबलाइज किया जाना है जिससे उनके जीवित बचने की संभावनाएं काफी बढ़ जाती हैं। गोपालगंज में यह पहल ट्रॉमा केयर सिस्टम में तत्परता बढ़ाने की ओर एक और कदम है। इससे भारत में सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मृत्यु और गंभीर रूप से जख्मी होने का बोझ कम होगा।

**पालीगंज में लोजपा आर अतिपिछड़ा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत : पालीगंज /नबिटा संवाददाता।** लोजपा (रा) के अतिपिछड़ा प्रदेश अध्यक्ष शंकर शर्मा का अरवल जाने के क्रम में पालीगंज में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

### सब्जी मंडी एवं पूर्वी बस स्टैंड की नहीं हुई सैरात बंदोबस्ती

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद मसौढी क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न सैरातों की बंदोबस्त से वित्तीय वर्ष 2026- 27 के लिए खुली डाक के निर्धारित अवधि पर सैरात बंदोबस्ती की गई, जहां इस बार भी सब्जी मंडी और पूर्वी बस स्टैंड की सैरात नहीं हो पाई है।गौरतलब है की मसौढ़ी रेलवे गुमटी से पूर्व जहानाबाद रोड एवं बरनी रोड मसौढी बस ठहराव टेंपो, ई रिक्शा सवारी, वाहन पड़ाव और अलावा डाक बंगला रोड से नगर परिषद के नाली से पश्चिम अंतिम छोर तक दोनों तरफ साढे तीन फीट की चौड़ाई सब्जी बाजार की निलामी इस बार भी नहीं हो पाई है। वहीं पश्चचमि बस पडाव,जो नौबतपुर पाली मोड सती स्थान मसौढ़ी बस ठहराव की सैरात बंदोवस्ती की गई है। जिसकी जिसकी डाक राशि 10, 57 हजार थी जो 11,67,101 में फाइनल हुई है, इस डाक के लिए तीन संवेदक शामिल हुए थे, जिसमें फाइनल तौर पर राजेश कुमार पिता उमेश प्र. गंगाचक मलिकाना के नाम पर हुई है। वही पोस्ट ऑफिस के पास विभिन्न रूट पर जाने वाली ई रिक्शा टेंपो की ठहराव की सैरात को रद्द कर दिया गया है। कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन ने बताया कि पूर्वी बस स्टैंड और सब्जी मंडी की सैरात बंदोबस्ती इस बार भी नहीं हो पाई है ऐसे में सरकारी स्तर पर 1 अप्रैल से वसूली की जाएगी।

## पटना-गया फोरलेन पर सड़क के किनारे सीमेंट लदा ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना गया एन एच- 22 पर शनिवार की दोपहर में उस वक्त एक बड़ा हादसा हो गया जहां अनियंत्रित होकर एक सीमेंट लदा ट्रैक्टर सड़क के किनारे पलट जाने से ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई है।दरअसल बताया जाता है की सीमेंट लदा हुआ ट्रैक्टर डुमरी डीपो से सिमेंट लोड कर धनरूआ के पभेडी जा रहा था, उसी समय मसौढी थाना क्षेत्र के सरवां रेलवे गुमटी के पास में अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गई और सड़क के किनारे हंडर में पलट गई जिससे चालक अपने आप को संभाल नहीं पाया और ट्रैक्टर के डाला से दबाकर उसकी मौत हो गई है। मृतक की पहचान धनरूआ थाना क्षेत्र के मझौली गांव के रहने वाले मनोज प्रसाद उम्र 30 वर्ष पिता सियाशरण प्रसाद बताया जाता है। घटना की सूचना मिलते ही धनरूआ पुलिस और मसौढ़ी पुलिस दोनों मौके पर पहुंचे हैं, हालांकि दोनों थानों की पुलिस कुछ देर के लिए सीमा विवाद के चलते कुछ देर के लिए डिस्कशन करते दिखे। हलांकि इस बिच धनरूआ पुलिस के द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना पीएमसीएच रेफर किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि यह घटना मसौढी थाना क्षेत्र में घटी हैं इसलिए प्राथमिकी भी वही होगा।बहरहाल बताया जा रहा है पुनपुन के डुमरी डिपो से सीमेंट लोड कर धनरूआ के पभेडी जाने के दौरान सरवां रेलवे गुमटी के पास अनियंत्रित होकर वह पलटी हो जाने से हादसा हुआ है।

## पुनपुन पुलिस ने ऑपरेशन देसी शराब के तहत 500 लीटर जावा महुआ किया नष्ट



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अवैध देशी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन देसी शराब के तहत पुनपुन पुलिस ने डुमरी, मनोरा मुसहरी और श्रीपालपुर मुसहरी में शनिवार को सघन छापेमारी की जहां तकरीबन 500 लीटर से अधिक जावा महुआ गुड घोल को नष्ट किया है। पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि वरिय पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर शनिवार को तवातोड़ कई मुसहरी में उसे वक्त छापेमारी की गई जब सभी शराब धंधेबाज शराब बनाने में लिप्त थे, हालांकि पुलिस को देखते ही सभी शराब बनाने वाले भाग निकले, सूचना मिली थी कि सभी शराब कारोबारी अल्हे सुबह अपने-अपने घरों में देसी महुआ निर्मित शराब बनाते हैं ऐसे में शनिवार को शराब बनाने के वक्त ही छापेमारी की गई जहां रंगे हाथ चूल्हे पर शराब बनाई जा रही थी ऐसे में छापेमारी करते हुए सभी शराब उपकरण को ध्वस्त किया गया, इसके अलावा गैलन में सडाया जा रहे महुआ घोल को भी नष्ट किया गया है। तकरीबन 500 से अधिक किलो जावा महुआ को नष्ट किया गया है, थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि हालांकि जिन-जिन घरों में शराब बनाते और उपकरण को तोड़ा गया है वैसे लोगों को चिन्हित करते हुए उन सबो पर प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जाएगी और फरार शराब कार्रवाइयों की गिरफ्तारी होगी।

# भवन तो बन गए लेकिन नहीं बना शौचालय, आधा पेट खाना और कम पानी पीना मजबूरी

**उत्क्रमित मध्य विद्यालय नहवां का हाल**



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी प्रखंड के नूरा पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय नहवां, जहां पर स्कूल की बिल्डिंग तो बनी है, लेकिन शौचालय नहीं बना है. जिससे छात्र-छात्राओं के साथ-साथ महिला शिक्षकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है.आलम ये है कि छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षिकाएं घर से कम खाना खाकर और कम पानी पीकर आती हैं, ताकि स्कूल आकर उन्हें शौचालय ना जाना पड़े. कई बार शिक्षिकाओं को गांव के अगल-बगल के घरों में शौचालय के लिए जाना पड़ता है. जिससे शर्म महसूस होती है.स्थानीय लोगों ने बताया कि एक समय यह विद्यालय गांव के अंदर था, लेकिन जब यह विद्यालय उत्क्रमित हुआ तो साल 2019 में दो मंजिल भवन बना, लेकिन शौचालय नहीं बनवाया गया.शिक्षिका प्रीति कुमारी ने बताया कि विद्यालय में शौचालय नहीं होने के कारण कई बार हमें स्कूल से छुट्टी लेनी पड़ती है और अगर स्कूल आते हैं तो कम पानी पीते हैं. शौचालय की सुविधा ना होने से बच्चों की उपस्थिति भी बहुत कम है. नामांकन डेढ़ सौ से अधिक हैं. जिसमें से 80-90 लड़कियां आती हैं. विद्यालय में तकरीबन सात महिला शिक्षिकाएं हैं.छात्राओं ने बताया की घर से कम खाना और कम पानी पीकर आते हैं, क्योंकि स्कूल में शौचालय नहीं है. शौचालय नहीं होने से बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है. कभी-कभी तो स्कूल आने से भी कतराते हैं। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी श्री कुमार ने बताया किविद्यालय में शौचालय नहीं है. इसकी सूचना हमें मिली है, जिसके बाद इस दिशा में पहल की जा रही है कि जल्द ही विद्यालय में शौचालय बने, ताकि स्कूल के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को परेशानियों का सामना ना करना पड़े।

## संक्षिप्त समाचार

### शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मानपुर पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक बाइक की डिक्की से पांच लीटर देसी चुलाई शराब बरामदगी के साथ ही बाइक को जब्त करते हुए शराब धंधेबाज को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि गिरफ्तार शराब धंधेबाज इनरवा थाना क्षेत्र के झझरी गांव निवासी दिनेश रामहै। बताया जाता है कि शराब लेकर सहोदरा मेला जा रहा था।

### 56 लीटर शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**साठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार की देर शाम 56 लीटर चुलाई शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार को जेल भेज दिया। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष राजन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की मीर टोला लक्ष्मीनौता मन घाट नदी के कछार में देसी चुलाई शराब छुपा कर रखा गया है। उक्त सूचना वरीय पदाधिकारी को देते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु दरोगा नितेश कुमार को दलबल के साथ घटनास्थल पर भेजा गया। पुलिस को देखते हैं एक आदमी घटनास्थल से भागने लगा। जिसे पकड़ कर पुलिस पूछताछ की। जहां से 56 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद किया गया। पकड़े गए शराब धंधेबाज की पहचान चनपटिया थाना के नोनीयवा टोला निवासी फुलेना निषाद के रूप में हुई है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर शनिवार को जेल भेज दिया। वहीं शराब के एक अन्य मामले में फरार चल रहे थाना क्षेत्र के राय बरवा गांव निवासी अच्छे लाल कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### नरकटियागंज में बन रहा मिट्टी जांच केंद्र

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल क्षेत्र के किसानों के लिए कृषि विभाग की ओर से एक बड़ी और राहत भरी खबर है। अब किसानों को अपनी खेतो की मिट्टी की उर्वरता जाँचने के लिए जिला मुख्यालय या अन्य केंद्रों से नही बल्कि प्रखंड कृषि कार्यालय परिसर में ही मिट्टी जांच हो सकेगा। इसको लेकर प्रयोगशाला (सॉइल टेस्टिंग लैब) का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। अब तक अनुमंडल के किसान मिट्टी जांच के लिए दूसरे केंद्रों पर आश्रित थे, जिससे न केवल समय की बर्बादी होती थी, बल्कि रिपोर्ट मिलने में भी देरी होती थी। विभाग के अनुसार, कृषि कार्यालय भवन के दक्षिण-पूर्व हिस्से में स्थित एक कमरे को लैब का रूप दिया जा रहा है। यहां जल्द ही अत्याधुनिक मशीनें और उपकरण स्थापित किए जाएंगे। मिट्टी जांच की सुविधा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होने से किसान अपनी जमीन की जरूरत के अनुसार खाद का संतुलित उपयोग कर सकेंगे। इससे खेती की लागत में कमी आएगी और पैदावार की गुणवत्ता में सुधार होगा।अनुमंडल कृषि पदाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि प्रयोगशाला का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। हमारा लक्ष्य है कि नए वित्तीय वर्ष की शुरूआत के साथ ही इसे विधिवत रूप से चालू कर दिया जाए।

### 30 मार्च को एकदिवसीय जॉब कैम्प - सह - कैरियर मार्गदर्शन कैम्प का आयोजन

**मोतिहारी/पू.चं./नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला नियोजनालय के कैंपस में 30.03.2026 को प्रातः 11:00 बजे एक दिवसीय जॉब कैंप - सह - कैरियर मार्गदर्शन कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस जॉब कैम्प में "सिंदूजा माइक्रो क्रेडिट प्राइवेट लिमिटेड" द्वारा भाग लिया जाएगा और अभ्यर्थियों का चयन "टी सी ओ (फील्ड ऑफिसर)" पद के लिए किया जाएगा। विभिन्न पदों के लिए योग्यता 12 वीं पास है, उम्र पुरुष 18 - 32 वर्ष निर्धारित है। जॉब का कार्यस्थल बिहार के भिन्न जिलों में होगा और मानदेय 15311 सीटीसी निर्धारित किया गया है। साथ ही साथ अन्य सुविधाएं भी दी जाएगी जैसे :- आवास, खाना इंसेंटिव,पीएफ,मेडिकल, ग्रैच्युटी इत्यादि इस जॉब कैंप मे कुल -100 रिक्त पदों पर भर्ती किया जाना है। अभ्यर्थी अपने रिज्यूम बॉयोडाटा, मूल प्रमाणपत्रों, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, फोटो के साथ जिला नियोजनालय के कैंपस में रोजगार कैम्प में प्रातः 11:00 उपस्थित हो सकते हैं।

### वरिष्ठ अधिवक्ता साधु शरण सिंह का निधन, पत्रकारिता और विधि जगत में शोक की लहर।

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनपद के वरिष्ठ अधिवक्ता और पत्रकार सागर सूरज के पिता साधु शरण सिंह का असामयिक निधन हो गया है। उनके निधन की सूचना मिलते ही मोतिहारी सिविल कोर्ट सहित पूरे जिले के प्रबुद्ध जनों और पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गयी है। वे अपने मिलनसार स्वभाव और न्यायिक क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान के लिए जाने जाते थे। अधिवक्त साधु शरण सिंह मोतिहारी सिविल कोर्ट के अत्यंत सम्मानित और खुशमिजाज अधिवक्ताओं में गिने जाते थे। उनका पत्रकारों, साहित्यकारों और समाज के विभिन्न वर्गों के साथ गहरा आत्मीय लगाव था। उनके निधन को विधि जगत और समाज के लिए एक अपूर्णीय क्षति माना जा रहा है। शोक व्यक्त करने वालों ने उन्हें एक सरल हृदय मार्गदर्शक और समाज के प्रति समर्पित व्यक्तित्व के रूप में याद किया है। इस दुखद घड़ी में प्रेस क्लब मोतिहारी सहित विभिन्न पत्रकार संगठनों और बार एसोसिएशन के सदस्यों ने दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है। शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए प्रबुद्ध जनों ने पुण्यात्मा को श्रीचरणों में स्थान देने की कामना की है।



### 36 लाभुकों के बीच ट्राई साइकिल वितरण

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय पहल के तहत ट्राई साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद डॉ० संजय जायसवाल ने हरी झंडी दिखाकर 36 दिव्यांगजनों को बैट्री चालित ट्राई साइकिल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर किया।इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ० राजीव रंजन कुमार, थानाध्यक्ष अमर कुमार, भाजपा नेता संदीप श्रीवास्तव सहित प्रखंड कार्यालय के कर्मी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के सम्मान से हुई, जिसमें बीडीओ द्वारा शॉल ओढ़ाकर एवं पौधा भेंट कर सभी अतिथियों का अभिनंदन किया गया।अपने संबोधन में सांसद डॉ० संजय जायसवाल ने कहा कि यह योजना दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने बताया कि बिहार के सभी प्रखंडों में इस तरह के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंदों को लाभ मिल सके। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रखंड प्रशासन की सराहना की।प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ० राजीव रंजन कुमार ने जानकारी दी कि इस चरण में 36 दिव्यांगजनों के बीच ट्राई साइकिल वितरित की गई है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिन लाभुकों का चयन अभी नहीं हो सका है, उनके आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं और मेडिकल जांच के बाद उन्हें भी जल्द ही ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई जाएगी।कार्यक्रम से लाभान्वित दिव्यांगजनों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी, जिससे यह पहल समाज में सकारात्मक बदलाव की ओर एक मजबूत कदम साबित हो रही है।

### दबंगों ने विद्यालय में घुसकर शिक्षकों से की मारपीट, जान से मारने की दी धमकी

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के मिश्रौलिया पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय सपगढ़ा में दबंगों द्वारा जबरन विद्यालय में घुसकर शिक्षकों से मारपीट करने व रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़ित शिक्षक ने शिक्षा विभाग के वरीय अधिकारियों को मामले से अवगत कराते हुए चिरैया थाना में प्राथमिकी दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र दिया है और पुलिस से सुरक्षा की मांग की है। जानकारी के अनुसार पीड़ित शिक्षक चिरैया थाना क्षेत्र के सेनुवारिया गांव निवासी मो. शोएब अख्तर एवं बांका जिले के धोरैया थाना क्षेत्र के जयपुर गांव निवासी शिक्षक मो. मारूफ आलम उक्त विद्यालय में पदस्थापित है। दिए गए आवेदन पत्र में कहा गया है कि स्थानीय सुभाष राय तथा उनके पुत्र कन्हैया राय, ओमप्रकाश राय तथा दीनानाथ राय के पुत्र छोटन राय सहित कुछ अज्ञात लोगों ने बीते गुरुवार की दोपहर विद्यालय में जबरन घुसकर व हथियार का भय दिखा कर शिक्षकों से मारपीट की तथा रंगदारी की मांग की है और नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी है। इस बारे में पीड़ित शिक्षक शोएब अख्तर ने बताया कि सुभाष राय दबंग एवं सजायाफ्ता अपराधी है। जब हमलोगों ने रंगदारी देने से मना कर दिया तो हथियार का भय दिखा कर कन्हैया राय हमलोगों से मारपीट करने लगा और इसी दौरान छोटन राय ने मेरे गले से सोने का चेन छीन लिया। जिसकी कीमत एक लाख रुपए है साथ ही जेब में रखे 24 सौ रुपए भी निकाल लिए। बताया कि दबंगों ने विद्यालय के अभिलेख को फाड़कर फेक दिया तथा जाते हुए रंगदारी नहीं देने पर जान मारने की धमकी दी। पीड़ित शिक्षक ने बताया घटना के बाद से विद्यालय के सभी शिक्षकों में भय व्याप्त है ।

# पिकअप व बाइक की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ढाका - मोतिहारी मुख्य मार्ग पर लालबोगिया पुल से आगे मुफस्सिल थाना क्षेत्र के थरघटवा मोड़ के समीप पिकअप वाहन और बाइक की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान चिरैया थाना क्षेत्र के खड़तरी मध्य पंचायत अंतर्गत खड़तरी गांव निवासी उपेंद्र गिरी का पुत्र मंतेश कुमार गिरी उर्फ छोटन गिरी (25 ) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि छोटन गिरी राजमिस्त्री का काम करता था। वह रोज की तरह शनिवार की सुबह भी काम करने अपने घर से मोतिहारी के लिए निकला। इसी दौरान मोतिहारी से ढाका की ओर जा रही प्याज लदी तेज रफ्तार पिकअप ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार युवक गिरकर बेहोश हो गया। घटना के बाद पिकअप का चालक पिकअप को घटनास्थल पर ही छोड़कर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना डायल 112 को दिया। पुलिस ने लोगों के सहयोग से युवक को सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। वही मुफ्फसिल थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर पिकअप और बाइक को जप्त कर थाने ले आई। इधर पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक मजदूरी कर अपना घर परिवार चलाता था। वह अपने पीछे मां, पिता, पत्नी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गया। मृतक चार भाइयों में तीसरे स्थान पर था। उसकी दो वर्ष पूर्व ही शादी हुई थी। घटना की सूचना मिलते ही पूरे परिजनों में मातम छा गया है। पत्नी अमृता देवी व मां सुनैना देवी का रो - रो कर बुरा हाल हो गया है। उन्हें बार - बार बेहोशी का दौरा पड़ रहा था। वही युवक के गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

## नहर किनारे मिला अज्ञात व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के जयमंगलापुर गांव में नहर के समीप एक अज्ञात व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव बरामद होने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। शव काफी पुरानी होने के कारण उससे दुर्गंध आ रही थी, जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मृतक काले रंग की शर्ट, बंडी और लुंगी पहने हुए है। घटनास्थल से कुछ दूरी पर एक झोला भी बरामद हुआ है, जिसमें कपड़े और कुछ कतरनें मिली हैं। शव की स्थिति को देखते हुए यह आशंका जताई जा रही है कि मौत तीन-चार दिन पहले हुई होगी। वही सूचना मिलते ही शिकारपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली थी कि नहर के किनारे एक शव पड़ा है जिससे बदबू आ रही है।

# आज से सुगौली में कैडेट स्टेट वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप

## 24 जिलों से 300 बाल खिलाडी होंगे शामिल

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सुगौली मे 29 मार्च 2026 से खेल बड़ा मंच सजने जा रहा है ' कैडेट स्टेट वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप के तीसरे संस्करणका भव्य आयोजन होने जा रहा है ' पूर्वी चंपारण जिला वेटलिफ्टिंग संघ के तत्वधान में होने जा रहे इस प्रतियोगिता मे राज्य भर से पुरे (300) तीन सौ की संख्या मे कैडेट खिलाडी भाग लेने जा रहे है।

अभी तक चौबीस जिलों की टीमे अपनी प्रविस्तियाँ भेज चुकी हैं । देश मे इस तरह का पहला प्रतियोगिता है जिसमे खास तौर से आठ से तेरह बर्ष के बालक और बालिका प्रतियोगि हिस्सा ले रहे हैं । बिहार भारोतोलन संघ के अध्यक्ष द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि जिला संघ के सचिव मो. रुस्तम आलम को आयोजन सचिव बनाया गया है।

आयोजन अध्यक्ष नवीन कुमार श्रीवास्तव को बनाया गया है। यह आयोजन सुगौली स्थित राजकीय नन्द +2 उच्च विद्यालय में किया गया है ' जिसके मुख्य अतिथि के रूप में सुगौली विधानसभा के पूर्व विधायक - सह राजद नेता ईञ्ज शशिभूषण सिंह होंगे। 28 से 30 मार्च तक आयोजित इस प्रतियोगिता को राष्टीय स्तर के दक्ष रेफरी की टीम खेल को संचालित करेगी। ताकि मुकाबला में पूरी पारदर्शिता बनी रहे।

# पंचायत कर्मियो के साथ बीपीआरओ ने की समीक्षा बैठक

## टैक्स वसूली और आंगनबाड़ी केंद्रों की मरम्मती पर जोर

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के सभागार में पंचायतों की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और लंबित कार्यों की समीक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बीपीआरओ विवेक आर्या की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक और लेखापाल मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक के दौरान बीपीआरओ ने पंचायतों के वित्तीय प्रबंधन पर जोर देते हुए सभी पंचायत सचिवों को निर्देश दिया की जीएसटी, लेबर सेस, आईटीटीडीएस, और रॉयल्टी समेत सभी प्रकार के लंबित टैक्स को यथाशीघ्र सरकारी कोष में जमा कराएं। इसके साथ ही बैठक में सामाजिक कल्याण और बुनियादी ढांचे पर चर्चा करते हुए बीपीआरओ ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के आंशिक रूप से जर्जर आंगनबाड़ी केंद्रों की सूची जिला मुख्यालय से प्राप्त हो गई है। सभी संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया गया कि वे इस सूची के आधार पर चिन्हित केंद्रों की मरम्मत का कार्य जल्द से जल्द शुरू कराएं। निर्माण और मरम्मत कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी सहायकों को भी विशेष निर्देश दिए गए। बैठक में पंचायत सचिव सतीश कुमार, मोहम्मद शहाबुद्दीन, मोहम्मद जलालूद्दीन, जगदीश हाजरा, अर्थेश कुमार, विक्रांत राज, राकेश कुमार, अमरेश कुमार, अयंक कुमार सिंह समेत प्रखंड के सभी तकनीकी सहायक और लेखापाल उपस्थित रहे।

## चौथे दिन भी खेत में डटा बाघ, ग्रामीणों में दहशत बरकरार

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के मानपुर थाना क्षेत्र के बिरंची तीन गांव में बाघ का आतंक लगातार चौथे दिन भी जारी है। बाघ अब भी मक्के के खेत में डेरा जमाए हुए है, जिससे आसपास के गांवों में भय का माहौल बना हुआ है। फॉरेस्टर हिमांशु कुमार ने बताया कि बाघ की गतिविधियों पर वन विभाग लगातार नजर बनाए हुए है और उसकी रोजाना ट्रैकिंग की जा रही है। हालांकि अब तक बाघ के जंगल की ओर लौटने के कोई संकेत नहीं मिले हैं।

वन विभाग की टीम मौके पर कैंप कर रही है और बाघ की मूवमेंट पर नजर रख रही है, ताकि किसी प्रकार की अनहोनी न हो। इधर ग्रामीणों से सतर्क रहने और खेतों की ओर न जाने की अपील की गई है।

# शुभकामना सह शुभाशीष समारोह का आयोजन

## यूपीएससी में 290वीं रैंक लाने वाले संजीव सम्मानित।



**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ज्ञान ज्योति विद्यालय प्रांगण में ह्यशुभकामना सह शुभाशीष समारोहह्व का आयोजन किया गया.इस अवसर पर पिठवा गांव निवासी एवं विद्यालय के 2017 के छात्र संजीव कुमार को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) में 290वीं रैंक (आईएएस) प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया.कार्यक्रम में पहुंचने पर संजीव कुमार एवं उनके माता-पिता का गाजे-बाजे और पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया. संचालक प्रेमचंद्र प्रसाद ने उन्हें अंगवस्त्र, अशोक स्तंभ व संविधान की प्रति भेंट की,जबकि परिजनों को भी सम्मानित किया गया.समारोह के दौरान (आईएस) संजीव कुमार ने उपस्थित प्रबुद्ध जनों,अभिभावकों व गणमान्य लोगों को मंच पर अंगवस्त्र,मोमेंटो एवं माला पहनाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया.पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा.अपने संबोधन में संजीव कुमार ने कहा कि सफलता में परिवार और शिक्षकों की अहम भूमिका होती है.उन्होंने अभिभावकों से बच्चों पर अनावश्यक दबाव न बनाने और सही मार्गदर्शन देने की अपील की, वहीं छात्रों को लक्ष्य के प्रति समर्पण,अनुशासन व निरंतर मेहनत का संदेश दिया.कार्यक्रम के संचालक व निदेशक प्रेमचंद्र प्रसाद ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और उन्हें प्रेरणा प्रदान करते हैं.उन्होंने छात्रों से संजीव कुमार के संघर्ष व सफलता से सीख लेने की बात कही.मौके पर राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त श्रीमती कृष्णा उपाध्याय, नागेश्वर प्रसाद, डॉ.अरविंद कुमार,डॉ.अशोक कुमार, मो. शरफुद्दीन, सरोज जायसवाल, राजदेव प्रसाद, जयंत जायसवाल,अमानुल्लाह, प्रकाश सिंह (काका),डा सुरेश प्रसाद, हरिश्चंद्र प्रसाद,समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग, अभिभावक व शिक्षक उपस्थित रहे।

# उड़ान थीम पर नन्हे सितारों ने बिखेरी प्रतिभा की चमक, ग्रो जीनियस प्ले स्कूल का वार्षिकोत्सव सम्पन्न



**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के पंकज टॉकीज हॉल में शनिवार को ग्रो जीनियस प्ले स्कूल का तृतीय वार्षिकोत्सव बड़े ही उत्साह और भव्यता के साथ आयोजित किया गया। 'उड़ान' थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में नन्हे बच्चों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियों से ऐसा समां बांधा कि पूरा सभागार देर तक तालियों से गूंजता रहा। कार्यक्रम की शुरूआत एसडीएम मनीष कुमार, अवर निबंधक आशीष अग्रवाल, नगर परिषद की कार्यकारी सभापति पुष्पा देवी समेत अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद राष्ट्रगान और गणेश वंदना से माहौल भक्तिमय हो उठा। विद्यालय की निर्देशिका शिखा रंजन ने अतिथियों का स्वागत पुष्प पौधा भेंट कर किया। वार्षिकोत्सव में बच्चों ने रेट्रो डांस, योग, स्टोरी टेलिंग, नारी शक्ति, नेपाली नृत्य और ह्यआरंभ है प्रचंडह्व जैसी आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। फादर-डॉटर और फादर-सन डांस ने दर्शकों का खासा मन मोह लिया। कार्यक्रम में प्रस्तुत झांकियों और नृत्यों के माध्यम से सामाजिक संदेश भी दिए गए, जिन्हें अभिभावकों और दर्शकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर एसडीएम मनीष कुमार ने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा बच्चों के जीवन की नींव होती है और ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम उनके आत्मविश्वास व रचनात्मकता को विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मेडल, मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन नेहा कुशवाहा और अदिति शाह ने प्रभावी ढंग से किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की निर्देशिका शिखा रंजन ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देने और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस मौके पर शहर के कई गणमान्य नागरिक, अभिभावक एवं विद्यालय परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

# नियमित टीकाकरण को लेकर एएनएम की समीक्षा बैठक

## सर्वे ड्यू को अपडेट करने पर जोर



**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.आशुतोष कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को एएनएम की समीक्षा बैठक स्थानीय पीएचसी में आयोजित की गई. बैठक में डीआईओ डॉ. शरतचंद्र शर्मा तथा गावी के रीजनल कॉर्डिनेटर धर्मेंद्र कुमार भी उपस्थित रहे. बैठक के दौरान टीकाकरण की प्रगति,लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि, ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान तथा उन्हें पुनः टीकाकरण से जोड़ने पर विस्तृत चर्चा की गई.चिकित्सा पदाधिकारी ने सभी एएनएम को निर्देश दिया कि एक भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे,इसके लिए घर-घर संपर्क अभियान चलाकर जागरूकता बढ़ाई जाए.डीआईओ डॉ.शरतचंद्र शर्मा ने नियमित टीकाकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समय पर टीका लगने से बच्चों को कई जानलेवा बीमारियों से बचाया जा सकता है. उन्होंने माइक्रोप्लान के अनुसार कार्य करने,टीकाकरण सत्रों की गुणवत्ता बनाए रखने तथा रिपोर्टिंग को समय पर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. गावी के रीजनल कॉर्डिनेटर धर्मेंद्र कुमार ने टीकाकरण कार्यक्रम में तकनीकी सहयोग एवं निगरानी व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दिया.उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य कर्मी आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें,ताकि शत-प्रतिशत टीकाकरण लक्ष्य हासिल किया जा सके.सभी एनएम को भक्सिनेटेड बच्चों एवं गर्भवती को यूवीन पर शत प्रतिशत अपलोड करने का निर्देश दिया. बैठक में मुख्य रूप से बीसीएम चितरंजन कुमार, राजकपूर कुमार,अजय कुमार, बबलू मिश्रा,उमेश कुमार,अभिषेक कुमार ,वाशी अहमद,सबिता सिंह, रूबी कुमारी,रेणुका कुमारी,ममता कुमारी समेत सभी स्वास्थ्य कर्मी तथा एएनएम मौजूद रहे।

## चार भटके बच्चे सकुशल अपने घर पहुंचे

**साठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात संध्या गश्ती के दौरान पुलिस ने मानवीय संवेदनशीलता और मुस्तैदी का परिचय देते हुए चार भटके बच्चों को सुरक्षित उनके परिजनों तक पहुंचाया। इस सराहनीय कार्य में गश्ती पदाधिकारी दरोगा चंद्रशेखर कुमार की सूझबूझ और तत्परता की स्थानीय लोगों ने खुलकर प्रशंसा की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रात करीब 8:30 बजे रामेश्वर नगर हाल्ट पर चार बच्चे अकेले घूमते हुए दिखाई दिए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गश्ती पदाधिकारी दरोगा चंद्रशेखर कुमार दल-बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और सभी बच्चों को सुरक्षित अपने संरक्षण में लेकर थाना लाए। थाना में बच्चों से शांतिपूर्वक पूछताछ कर उनके परिजनों की पहचान सुनिश्चित की गई।

# पुलिस और एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई मे 174 लीटर शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार



**बनकटवा (पूर्वीचम्पारण,) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत-नेपाल सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है। इसी क्रम में जीतना थाना क्षेत्र में पुलिस और सशत्र सीमा बल (एसएसबी) ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 174 लीटर अवैध शराब जब्त की है। इस दौरान एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया। थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि शुक्रवार की रात्रि सैनिक रोड बड़ैला गांव स्थित बरहरवा एसएसबी को गुप्त सूचना मिली थी। नेपाल के रास्ते शराब की खेप लाई जा रही थी। सूचना की पुष्टि के बाद वरीय अधिकारियों को अवगत कराया गया। पुलिस टीम एसएसबी कैंप पहुंची और संयुक्त रूप से सीमा क्षेत्र में चेकिंग अभियान शुरू किया । चेकिंग के दौरान, सीमा की ओर से माथे पर बोरी बांधकर ला रहे एक व्यक्ति को रोका गया। तलाशी लेने पर बोरी से शराब बरामद हुई। नेपाल निर्मित 580 बोतल कस्तुरी शराब, थी, जिससे कुल 174 लीटर अवैध शराब जब्त की गई।साथ ही अन्य तस्कर अंधेरा का लाभ उठाकर भागने मे सफल रहा गिरफ्तार आरोपि की पहचान जितना थाना क्षेत्र के बेला गांव निवासी सुधांशु शर्मा पिता रामरतन शर्मा के रूप में हुई है। मौके पर ही विधिवत जब्ती सूची तैयार कर शराब जब्त की गई। है। जांच के लिए शराब का नमूना सुरक्षित रखा गया, जबकि उत्पाद विभाग को जांच हेतु भेजा गया।इसके बाद आरोपि को गिरफ्तार कर थाना लाया गया, जहां उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई गई है।

# भारत-नेपाल मैत्री को नई ऊर्जा, लायंस क्लब इंटरनेशनल के पूर्व डायरेक्टर का रक्सौल में भव्य स्वागत



**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंतरराष्ट्रीय सेवा संगठन लायंस क्लब इंटरनेशनल के पूर्व डायरेक्टर लायन बालकृष्ण बुलाकीटी का रक्सौल आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। वे डिस्ट्रिक्ट 322ए के 45वें वार्षिक अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान लायंस क्लब ऑफ रक्सौल के सदस्यों ने भारत-नेपाल मैत्री संबंधों को और मजबूत बनाने की दिशा में उनका अभिनंदन किया। स्थानीय प्रसिद्ध एसआरपी मेमोरियल हॉस्पिटल परिसर में आयोजित स्वागत समारोह में जोनल चेयरपर्सन लायन शम्भु प्रसाद चौरसिया एवं क्लब उपाध्यक्ष लायन प्रियंका सोनी के नेतृत्व में क्लब के सदस्यों ने अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ और मोमेंटो भेंट कर बुलाकीटी का सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन क्लब के पूर्व अध्यक्ष प्रो. डॉ. रजनीश कुमार गुप्ता ने किया। इससे पूर्व सिमरा एयरपोर्ट (नेपाल) पर प्रोटोकॉल ऑफिसर सह जोनल चेयरपर्सन शम्भु प्रसाद चौरसिया एवं लायन राजन कुमार ने गुलाब भेंट कर उनका स्वागत किया और रक्सौल तक साथ लाए। रक्सौल पहुंचने पर बुलाकीटी ने नगरवासियों का अभिवादन स्वीकार करते हुए आभार व्यक्त किया। अपने संबोधन में उन्होंने लायंस क्लब ऑफ रक्सौल द्वारा हाल ही में भारत-नेपाल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर एवं हंगर प्रोजेक्ट की सराहना करते हुए इसे सराहनीय पहल बताया। साथ ही भविष्य में हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। हॉस्पिटल के निदेशक संजय गुप्ता एवं डॉ. सुजीत कुमार ने संयुक्त रूप से कहा कि लायनिज्म आज वैश्विक स्तर पर आपसी सहयोग और मानवीय संबंधों को सुदृढ़ करने का सशक्त माध्यम बन चुका है। समारोह के बाद अतिथियों ने एक साथ भोजन का आनंद लिया। कार्यक्रम से भावुक बुलाकीटी ने सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पुनः मिलने का आश्वासन दिया और आगे की यात्रा के लिए प्रस्थान किया। इस मौके पर क्लब के कई सदस्य एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जानकारी क्लब अध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी लायन विमल सर्राफ ने दी।

# बैंक रोड में आधे-अधूरे सड़क व नाली निर्माण से लोग परेशान

## ठेकेदार की लापरवाही से बढ़ी वार्डवासियों की नाराजगी

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के बैंक रोड में सड़क और नाली निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिए जाने से स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। वार्डवासियों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य शुरू तो किया गया, लेकिन बीच में ही काम बंद कर दिया गया है, जिससे सड़क उखड़ी हुई हालत में पड़ी है और नाली का निर्माण भी अधूरा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क और नाली निर्माण कार्य से क्षेत्र के लोगों को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन काम आधा-अधूरा छोड़ दिए जाने के कारण लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। जगह-जगह गड्ढे और अधूरी नालियों के कारण राहगीरों, दुकानदारों और वाहन चालकों को रोजाना कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि कई दिनों से निर्माण कार्य पूरी तरह बंद पड़ा है और ठेकेदार की ओर से कोई पहल नहीं की जा रही है। इससे क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। बारिश या पानी गिरने की स्थिति में सड़क पर कीचड़ और जलजमाव की समस्या भी उत्पन्न हो रही है, जिससे आमजन को काफी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। वार्डवासियों ने नगर परिषद प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द सड़क और नाली निर्माण कार्य को पूरा कराया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# 1 अप्रैल को क्रीड़ा भारती का मनाया जाएगा स्थापना दिवस

## क्रीड़ा भारती जिला समिति की बैठक संपन्न, स्थापना दिवस व मातृशक्ति सम्मेलन की तैयारियों पर जोर





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। क्रीड़ा भारती के स्थापना दिवस समारोह एवं आगामी मई माह में प्रस्तावित मातृशक्ति सम्मेलन की तैयारियों को लेकर शनिवार को जिला समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष अनीता सिंह के आवास पर संपन्न हुई, जिसमें संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में जिला मंत्री उदय तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 1 अप्रैल को क्रीड़ा भारती का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। साथ ही मातृशक्ति सम्मेलन को सफल बनाने के उद्देश्य से क्रीड़ा भारती उत्तर-पूर्व क्षेत्र के क्षेत्र संयोजक ललन जी 29 मार्च (रविवार) को इंडोर स्टेडियम, औरंगाबाद में स्थानीय समिति एवं मातृशक्ति टोली के साथ एक विशेष बैठक में शामिल होंगे।

रोहतास विभाग के संयोजक राकेश कुमार पांडेय ने बताया कि संगठन की स्थापना हनुमान जयंती के दिन हुई थी, इसलिए 1 अप्रैल को सभी कार्यकर्ता सामूहिक रूप से भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना कर स्थापना दिवस मनाएंगे। उन्होंने कहा कि यह दिन संगठन के लिए विशेष महत्व रखता है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि क्षेत्र संयोजक के आगमन को लेकर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं बेहतर ढंग से की जाएंगी, ताकि आतिथ्य में किसी प्रकार की कमी न रहे। साथ ही क्रीड़ा भारती के कार्यों को गति देने एवं संगठन के विस्तार पर भी विस्तार से चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष विनोद सिंह ने अपने विचार रखते हुए कहा कि संगठन का विस्तार समय की मांग है और इसमें मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। इस प्रस्ताव का बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने स्वागत करते हुए समर्थन किया। बैठक में मातृशक्ति प्रमुख ऊषा सिंह, सह मंत्री नागेंद्र सिंह, सदस्य नीतू सिंह, मालती जी, सोनम सिंह तथा वसुंधरा तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रफीगंज में 29 और 31 मार्च को खुले रहेंगे बिजली बिल संग्रह केंद्र



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। वित्तीय वर्ष 2025-26 के समापन को देखते हुए राजस्व संग्रहण के लक्ष्य की पूर्ति और उपभोक्ताओं की सुविधा के मद्देनज़र विद्युत विभाग ने अहम निर्णय लिया है।

सहायक विद्युत अभियंता अशोक राज ने जानकारी देते हुए बताया कि 29 मार्च (रविवार) एवं 31 मार्च (मंगलवार) को रफीगंज के राजस्व संग्रहण काउंटर खुले रहेंगे। सामान्यतः अवकाश रहने के बावजूद इन तिथियों पर काउंटर संचालित किए जाएंगे, ताकि उपभोक्ता आसानी से अपना बिजली बिल जमा कर सकें।

उन्होंने बताया कि काउंटर खुले रहने से उपभोक्ताओं को बिजली बिल एवं बकाया राशि जमा करने में सहूलियत होगी। इस संबंध में विभाग द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया गया है कि वे निर्धारित तिथियों पर काउंटर पर उपस्थित रहकर सुचारू संचालन सुनिश्चित करें और उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने दें। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस विशेष व्यवस्था का लाभ उठाते हुए समय पर अपने बकाया बिजली बिल का भुगतान करें। समय पर भुगतान करने से जहां विलंब शुल्क से बचा जा सकता है, वहीं निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने में भी सहयोग मिलेगा।

# शराब बरामद, दो युवक गिरफ्तार, एक बाइक जब्त



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज, औरंगाबाद**। रफीगंज प्रखंड के कासमा थाना क्षेत्र के ग्राम चंद्राही मोड़ के पास पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब की खेप बरामद की। इस दौरान दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

शनिवार को कासमा थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि छापेमारी के दौरान सफेद रंग के बोरे में रखे 10 उजले रंग के पॉलीथीन में कुल 60 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की गई। प्रत्येक पॉलीथीन में करीब 6-6 लीटर शराब भरी हुई थी।

मौके से एक मोटरसाइकिल (हीरो स्प्लेंडर, नंबर BR02BU2982) भी जब्त की गई है, जिसका इस्तेमाल शराब की ढुलाई में किया जा रहा था। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान चालक अमरेश कुमार (उम्र करीब 19 वर्ष), पिता रणविजय यादव एवं रंजीत कुमार (उम्र करीब 19 वर्ष), पिता अलखदेव यादव, दोनों निवासी भिण्डीस थाना गुरुआ जिला गया को गिरफ्तार किया है।

दोनों आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की आगे जांच में जुटी हुई है।

# प्राथमिक विद्यालय बादम में पेयजल की सुविधा नहीं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले के मदनपुर प्रखंड के दक्षिणी उमगा पंचायत के बादम गांव स्थिति प्राथमिक विद्यालय का हाल खराब है। विभागीय उदासीनता व अधिकारियों की लापरवाही के कारण विद्यालय में बच्चों के पाठन कार्य में असर पड़ रहा है। बता दें कि विद्यालय में एक नहीं अनेक समस्या है। यहां सबसे बड़ी समस्या कमरों का अभाव है। बता दें कि प्राथमिक विद्यालय बादम में नामांकित बच्चों की संख्या 168 है जिन्हे पढ़ाने के लिए आठ शिक्षक पदस्थापित है। वहीं विद्यालय कार्यालय के कमरे को छोड़ पांच कमरे में नव सृजित विद्यालय मुंशी बिगहा संचालित किया जा रहा है। तीन कमरे में वर्ग प्रथम से पांचवीं तक के बच्चे पढ़ाई करते हैं। इससे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के दावे का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है।

# भगवान राम की शोभायात्रा में दिखा भक्तिमय माहौल




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)**। ओबरा प्रखंड के ऊब गांव में रामनवमी पूजा अर्चना के बाद भगवान राम, सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान की झांकी का शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में सैकड़ों भक्तों ने जय श्री राम के जयकारे लगाए। शोभा यात्रा देवी मंदिर से निकलकर पूरे गांव को भ्रमण किया। रामजी की निकली सवारी रामजी की लीला है न्यारी आदि भक्ति गानों से माहौल भक्तिमय हो गया। ऊब गांव भगवा ध्वज से पट्टा दिखा, लोग भगवान राम सीता लक्ष्मण की झांकी देखने को आतुर दिखे। झांकी पर लोगों ने फूल की वर्षा की। भक्तों में गजब का उत्साह दिखा। इस दौरान बच्चे बूढ़े नौजवान सभी के सभी उत्साहित दिखे। पूर्व मुखिया अभिमन्यु शर्मा ने सभी ग्राम वासियों को रामनवमी की बधाई दी। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम केवल आस्था की प्रतीक नही बल्कि भारतीय संस्कृति मर्यादा एवं आदर्शों के सर्वोच्च प्रतीक है। ओबरा समेत विभिन्न क्षेत्रों मे पुलिस प्रशाशन मुस्तैद दिखी। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने कहा कि रामनवमी पर्व समाज को एकजुटता सेवा और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण का संदेश देता है। सभी को प्रभु श्रीराम के आदर्शो का चलने का संकल्प लेना चाहिए और देश को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देना चाहिए। कहा कि गांव के सभी ग्रामीण इस शोभा यात्रा से काफी उत्साहित दिखे और सभी का सहयोग व प्यार स्नेह मिला। शोभा यात्रा ऊब गांव के विभिन्न मोहल्लों को भ्रमण किया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने आरती दिखाकर पूजा अर्चना की। इस मौके करण शर्मा, संतोष शर्मा, दीनानाथ विश्वकर्मा सहित अन्य बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# प्राथमिकता के आधार पर होगा समस्याओं का समाधान : डॉ प्रकाश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)**। ओबरा प्रखंड के अमिलौना और कझवा में सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें विधायक डॉ प्रकाश चंद्र को गुलदस्ता व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव के सामाजिक कार्यकर्ता डब्लू तिवारी एवं संचालन उदय तिवारी उर्फ पहलवान ने किया।

मौके पर विधायक ने आयोजकों का आभार जताते हुए कहा कि क्षेत्र की चहुमुखी विकास करना मेरी प्राथमिकता होगी। अधिकारियों पर लगाम कसी जाएगी और सही काम करने वालों को सम्मानित किया जायेगा। जरूरतमंदों की मदद करना पदाधिकारियों की प्राथमिकता होनी चाहिए।

विधायक ने कहा कि हमारी ओर से क्षेत्र के विकास के लिए अथक प्रयास किया जाएगा। जनता की मांग पर पथ निर्माण विभाग से जल्द ही परसिया से कझवां गांव तक निर्माण कार्य करवाया जाएगा। इसके अलावा कैथी गांव में पक्की सड़क का निर्माण कराया जाएगा। इस दौरान पैक्स अध्यक्ष मोनी सिंह के द्वारा गुलजार बिगहा में पेयजल समस्या को लेकर अवगत कराया गया था जिसकी समाधान कर दी गई है। इसी तरह सुरमा गांव की सड़के के साथ अन्य सड़कों का निर्माण कराया जाएगा और चपरी नदी के ऊपर बने पुल जो बरसात के दिनों में जल स्तर बढ़ने पर कई गावों का आवागमन प्रभावित हो जाता है।

इस संबध में विभागीय मंत्री के द्वारा आश्वाशन मिली है ।

इस मौके पर अतिथि के रूप भाजपा के जिला प्रवक्ता अश्विनी तिवारी, पूर्व जिला पार्षद संजय सोम, पैक्स अध्यक्ष मोनी सिंह, पूर्व पैक्स अध्यक्ष मनी गुप्ता, पंचायत समिति मुकेश कुमार सिंह, बैजनाथ तिवारी, अभय तिवारी, सुरेश शर्मा समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# झाकियों में दिखा कला संस्कृति व धार्मिक परंपराओं का अद्भुत संगम




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर**। रामनवमी महा पूजा के अवसर पर कला और संस्कृति का जीवंत धार्मिक अध्यात्मिक परंपराओं का अद्भुत संगम नजारा देखने को मिलता है। अयोध्या से आए कलाकारों ने भगवान राम के श्रीलंका विजयी के बाद जश्न में डूबे दैत्यों, राक्षसों, हनुमान, बंदर, भालू और भूत-प्रेतों नृत्य नाटक की प्रस्तुति दर्शकों स्रोताओं के बीच आकर्षण बना रहा। वहीं झांकियो में वीर हनुमान, राम लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और माता सीता सहित अन्य देव लोक देवताओं की प्रस्तुति से श्रध्दा भक्ति और धार्मिक अध्यात्मिक माहौल बना रहा। रामनवमी शोभा यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं भक्तों की उमड़ी सैलाब और लंबी कतारें शोभामयी था। झांकियां दूर्गा चौंक से देवी स्थान, मुख्य बाजार, जीटी रोड, कचहरी रोड, संगत रोड़ और अस्पताल, थाना रोड भ्रमण किया। रामनवमी पूजा समिति के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं पूर्व मुखिया सुरेन्द्र प्रसाद, पूर्व मुखिया विनोद मिश्रा, दिग्विजय सिंह, ज्ञानदत्त पाण्डेय, विश्व हिन्दू परिषद के आजीवन हित चिंतक जीतेन्द्र नारायण सिंह, दिलीप कुमार गुप्ता, बीरेंद्र प्रसाद उर्फ पप्पू, आशुतोष राणा सहित अन्य युवाओं ने झांकियो की प्रस्तुति में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सुरक्षात्मक दण्डाधिकारियों पंचायती राज पदाधिकारी विनोद कुमार वर्मा, सुनिल कुमार सिंह सहित पुलिस अधिकारी व जवान तैनात थे।

# सीताराम महायज्ञ व श्रीराम कथा संपन्न



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड के कोईलवां गांव में आयोजित नौ दिवसीय श्री सीताराम महायज्ञ एवं श्रीराम कथा शुक्रवार को विधि-विधान के साथ संपन्न हो गया। समापन अवसर पर वैदिक याज्ञिक आचार्यों ने यजमानों के सहयोग से देवी-देवताओं का विधिवत विसर्जन कराया। महायज्ञ के मुख्य यजमान प्रवीण कुमार, प्रेम कुमार, मुकेश कुमार, सोनू चंद्रवंशी एवं मारुति नंदन ने सपत्नीक आचार्य पं. अनिल पांडेय (अयोध्या) के निर्देशन में गुरुदेव आचार्य पं. लाल मोहन शास्त्री का शताधिक कलशों से भवभृत स्नान कराया। इसके उपरांत याज्ञिक वैदिक आचार्यों को प्रशस्ति पत्र एवं वस्त्रादि भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। व्यासपीठ से राष्ट्रीय मानस मर्मज्ञ माता श्री नीलम गायत्री जी ने महायज्ञ समिति के पदाधिकारियों सचिव अजय कुमार 'सूर्यवंश शर्मा', वृज बिहारी शर्मा, मृत्युंजय शर्मा तथा संरक्षक सियाराम शर्मा, दिलीप शर्मा, मुनन शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, शिव नारायण शर्मा, शैलेन्द्र शर्मा, कौशल किशोर शर्मा एवं वृज किशोर शर्मा को आशीर्वाद प्रदान किया। बाद में उन्हें आदरपूर्वक विदाई दी गई। विंध्याचल से आई प्रवचन वाचिका शिवानी दुबे को भी यज्ञ समिति द्वारा सम्मानपूर्वक विदा किया गया। अध्यक्ष आचार्य पं. लाल मोहन शास्त्री ने कहा कि यह महायज्ञ माता रानी की कृपा से निर्विघ्न संपन्न हुआ और इसकी सफलता का प्रतीक अंत में हुई वर्षा रही, जिसे उन्होंने देवताओं की अमृत वर्षा बताया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर समिति के सदस्यों—बबलू मेहला, विनोद शर्मा, अजीत कुमार, मंगल मिस्त्री, रविंद्र शर्मा, राम वल्लभ शर्मा, रिशु कुमार, शांत्येश, यशराज शास्त्री, आचार्य रंजन मिश्र, कन्हैया दुबे सहित अन्य लोगों ने प्रशासन, पत्रकारों एवं सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार प्रकट किया।



# कार्यपालक सहायक रविकांत कुमार के निधन पर शोक सभा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)**। ओबरा प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को एक शोक सभा का आयोजन कर सदर अनुमंडल कार्यालय, औरंगाबाद में कार्यरत कार्यपालक सहायक रविकांत कुमार के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। जानकारी के अनुसार, रविकांत कुमार पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। इलाज के दौरान ही उनका निधन हो गया, जिससे प्रशासनिक महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। शोक सभा में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा और ईश्वर से उनके परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मो. यूनुस सलीम, प्रभारी अंचलाधिकारी मीरा कुमारी, बड़ा बाबू रामदीप राम, सत्येंद्र कुमार एवं राहुल कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।



# अम्बेडकर जयंती को लेकर विकास मित्रों के साथ बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज ब्लॉक परिसर भवन में अम्बेडकर जयंती के आयोजन को लेकर विकास मित्रों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हरेन्द्र कुमार ने की, जबकि संचालन लालदेव पासवान द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता रामाशीष दास शामिल हुए। इस दौरान कार्यक्रम की रूपरेखा, आयोजन की तैयारियों तथा सामाजिक सहभागिता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही निर्णय लिया गया कि 14 अप्रैल को भव्य झांकी निकाली जाएगी। बैठक में विनोद यादव, विकास मित्र अमित कुमार, अजय कुमार, अखिलेश कुमार, दिलकेवर राम, बीरेन्द्र राम, कमलेश कुमार, गीता देवी, पूनम कुमारी एवं स्याम कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय पॉलिटिक्स क्लास में औरंगाबाद के युवाओं की भागीदारी, मुंबई में ले रहे प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। मुंबई में आयोजित ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन की राष्ट्रीय पॉलिटिक्स क्लास में औरंगाबाद जिले के युवाओं की भागीदारी एक प्रेरणादायक पहल के रूप में सामने आई है। डुमरा ग्राम कचहरी की सरपंच रिंकी देवी के प्रतिनिधि श्याम किशोर यादव के पुत्र कौशल किशोर को बतौर प्रतिनिधि इस प्रशिक्षण में भेजा गया है। यह पॉलिटिक्स क्लास देशभर के युवाओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। वर्तमान में इंटरमीडिएट के छात्र कौशल किशोर अपने शांत स्वभाव और सामाजिक सोच के लिए जाने जाते हैं। उनके इस चयन से क्षेत्र के युवाओं में उत्साह का माहौल है। श्याम किशोर यादव ने अपने पुत्र को इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण में भेजकर न केवल युवाओं का मनोबल बढ़ाया है, बल्कि समाज में जागरूकता और बदलाव की दिशा में एक सशक्त संदेश भी दिया है। यह पहल इस बात का प्रतीक है कि आज का युवा देश के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए तैयार है। प्रशिक्षण के दौरान कौशल किशोर वरिष्ठ नेताओं और मार्गदर्शकों से राजनीतिक एवं सामाजिक विषयों पर ज्ञान अर्जित कर रहे हैं। उनका उद्देश्य महान क्रांतिकारी भगत सिंह के सपनों को साकार करते हुए वर्तमान परिस्थितियों में समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है।

इस कार्यक्रम में डुमरा के सरपंच रामकुमार विश्वकर्मा के पुत्र शुभम कुमार भी शामिल हुए हैं। ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन की इस पहल से युवाओं में नई ऊर्जा और जागरूकता का संचार हो रहा है।

# योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता : डीएम

## डीएम ने सभी कुपोषित बच्चों को सदर अस्पताल में संचालित पोषण एवं पुनर्वास केन्द्र में भेजने का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित आईसीडीएस कार्यालय के योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में जिले की सभी 18 बाल विकास परियोजनाओं की प्रगति, आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी संचालन एवं लाभुकों तक समयबद्ध लाभ सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में कुल 18 बाल विकास परियोजनाएं तथा 3,360 आंगनबाड़ी केंद्र स्वीकृत एवं क्रियाशील हैं। मानव संसाधन की उपलब्धता की समीक्षा में यह जानकारी दी गई कि वर्तमान में जिले में 12 बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) तथा 80 महिला पर्यवेक्षिकाएं कार्यरत हैं। वहीं सेविकाओं के 133 एवं सहायिकाओं के 376 पद रिक्त पाए गए, जिनकी शीघ्र नियुक्ति की प्रक्रिया को गति देने का निर्देश दिया गया।बैठक में सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र योजना के अंतर्गत वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में स्वीकृत कुल 193 केंद्रों के कार्यों की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि सभी 193 केंद्रों पर वर्षा जल संचयन प्रणाली स्थापित करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इसके साथ ही पोषण वाटिका एवं बाला पेंटिंग के माध्यम से केंद्रों के आधुनिकीकरण का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण पाया गया, जिस पर जिला पदाधिकारी ने संतोष व्यक्त किया। पोषण अभियान के अंतर्गत फरवरी की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए बताया गया कि जिले में बच्चों की माप दक्षता 95.23 प्रतिशत रही है। कुल 2,41,098 बच्चों की माप की गई। जिनमें 91.6 प्रतिशत बच्चे स्वस्थ पाए गए। वहीं 3.2 प्रतिशत बच्चे गंभीर कुपोषण तथा 4.5 प्रतिशत बच्चे मध्यम कुपोषण की श्रेणी में चिन्हित किए गए। जिला पदाधिकारी ने सभी कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य सुधार हेतु माता एवं शिशु को सदर अस्पताल बेगूसराय में संचालित पोषण एवं पुनर्वास केंद्र में भेजने का निर्देश दिया गया। ताकि चिकित्सीय निगरानी में उन्हें पोषण मानकों के अनुसार उचित पोषण सुनिश्चित किया जा सके। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना की समीक्षा में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए एमकेयूवाई के अंतर्गत जिले का लक्ष्य 10,080 निर्धारित है। जिसके विरुद्ध अब तक 8,876 प्रपत्र अपलोड किए जा चुके हैं, जो 88.06 प्रतिशत प्रगति को दर्शाता है। बछवाड़ा परियोजना 118 प्रतिशत उपलब्धि के साथ जिले में सर्वोच्च स्थान पर रही। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत अब तक 14,550 लाभार्थियों का पंजीकरण किया गया है। जो निर्धारित लक्ष्य का 61.6 प्रतिशत है।बैठक में मनरेगा एवं नाबार्ड के माध्यम से आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि जिले के 3,066 केंद्रों पर पेयजल सुविधा उपलब्ध है। जिला पदाधिकारी ने शेष केंद्रों पर बुनियादी सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध कराने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।बैठक के अंत में जिला पदाधिकारी ने कहा कि सरकार की सभी जनकल्याणकारी एवं पोषण संबंधी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इस दिशा में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## जिला प्रशासन गैस आपूर्ति की कर रहा सतत निगरानी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिले में तेल विपणन कंपनियों द्वारा एलपीजी गैस सिलेंडरों की आपूर्ति एवं वितरण की स्थिति संतोषजनक एवं सुचारू बनी हुई है। जिला प्रशासन की सतत निगरानी तथा संबंधित कंपनियों के सक्रिय प्रयासों के फलस्वरूप 27 मार्च को जिले में कुल 12,009 एलपीजी सिलेंडरों की सफलतापूर्वक डिलीवरी की गई। जबकि 9,111 नई बुकिंग दर्ज की गई। जिले के कुल 67 वितरकों के माध्यम से आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। इनमें इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के 40 वितरकों द्वारा 7,370 सिलेंडरों की डिलीवरी की गई, जो सर्वाधिक रही। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के 15 वितरकों द्वारा 3,583 सिलेंडरों तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के 12 वितरकों द्वारा 1,056 सिलेंडरों का वितरण किया गया। जिले में वर्तमान समय में कुल 21,759 एलपीजी सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। जिससे आगामी दिनों में भी उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। औसत डिलीवरी की तुलना में 27 मार्च को की गई कुल डिलीवरी अधिक रही है। साथ ही औसत बैकलॉग को और कम करने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं वितरकों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा सभी गैस एजेंसियों एवं वितरकों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर उपभोक्ताओं के घर तक एलपीजी सिलेंडरों की होम डिलीवरी सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया है कि जिले में गैस की उपलब्धता पर्याप्त है तथा आपूर्ति व्यवस्था पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि एलपीजी गैस की आपूर्ति, वितरण अथवा बुकिंग से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या होने पर वे जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06243-450626 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिला नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्यरत है। अब तक कुल 399 शिकायतें प्राप्त हुई हैं जिनमें से अधिकांश का त्वरित निष्पादन कर दिया गया है तथा शेष शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया जारी है।

## पुलिस जवान की पत्नी के साथ जमालपुर सुरंग के पास छिनतई

### मोबाइल, आभूषण और राशि लेकर ले उड़े अपराधी, जमालपुर रेल थाना में दिया आवेदन, मालमे की जांच में जुटी पुलिस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर भागलपुर और कियूल रेलखण्ड पर अपराधी तत्वों का कहर जारी है। एक बार फिर से चलती ट्रेन में महिला यात्री का मोबाइल, आभूषण और राशि ट्रेन से ले उड़े। जबकि महिला यात्री रेल थाना जमालपुर में घटना को लेकर आवेदन देने के उपरांत लौटने के क्रम में छिनतई करने वालो की पहचान की और वीडियो बनाया। जिसपर ट्रेन में ही करीब 14 अपराधी तत्व महिला सहित उनके पुत्र और एक रेलकर्मी से मारपीट की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता भागलपुर जिला के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के तिलकपुर निवासी मनोज कुमार मिश्रा की पत्नी नीतू देवी है। उन्होंने बताया कि उनके पति झारखंड के बोकारो में पुलिस जवान है। उन्होंने बताया कि धनबाद से सुल्तानगंज घर अपने पुत्र प्रियांशु के साथ लौटना था। कियूल स्टेशन से ट्रेन मुजफ़्फ़रपुर भागलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस पकड़े और जमालपुर स्टेशन से रतनपुर के बीच सुरंग के पास ट्रेन धीमी हुई, तभी अचानक एक युवक झपट्टा मारकर मेरा मोबाइल और पर्स लेकर चलती ट्रेन से कूद गया। चोर चोर चिल्लाने के बाद ट्रेन का चेन पुलिंग की और मैंने भी कूदकर पीछा किया, लेकिन हाथ नहीं आया। ट्रेन के एस्कोट पार्टी को बोलने के बाद भागलपुर ले गए। जहां से जमालपुर रेल थाना गई। दोपहर में यहां घटना की जानकारी और आवेदन दिया। मेरे साथ मेरा पुत्र और एक पाटम निवासी सह रेलकर्मी भी साथ थी। शाम करीब 6 बजे जमालपुर भागलपुर पैसेंजर ट्रेन पकड़कर घर लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि जमालपुर से ट्रेन खुलते ही छिनतई करने वाला मेरे सीट के सामने मिल गया। पाटम वाले साथी और पुत्र ने वीडियो बनाना शुरू किया। जिसका विरोध करने लगा और उनके साथ करीब 14 और लोग आ धमके और मुझे, मेरा पुत्र और साथ के साथ मारपीट की। इधर रेल थानाध्यक्ष स्वाराज कुमार ने बताया कि मोबाइल और पर्स छिनतई करने की घटना की जानकारी पीड़िता द्वारा आवेदन देकर मिली है। घटना की जांच की जा रही है ताकि आगे की कारवाई की जा सके।

## मां शीतला धाम में चार दिवसीय मेले का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बीहट।** बीहट स्थित मां शीतला धाम में चार दिवसीय वार्षिक मेले का विधिवत शुभारंभ शुक्रवार की शाम मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के बाद बनारस की तर्ज पर आयोजित मां शीतला की भव्य महाआरती ने पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया। मेले के उद्घाटन समारोह में राजनीतिक और प्रशासनिक जगत की कई बड़ी हस्तियां शामिल हुईं। मुख्य अतिथियों में सुरेंद्र मेहता पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री, रजनीश कुमार तेघड़ा विधायक, एडीएम, एसडीएम और एसडीपीओ, सुधा



डेयरी के प्रबंध निदेशक रविंद्र कुमार सिंह, एजीएम वैभव विशाल शामिल थे। कार्यक्रम की शुरुआत में धाम के महंत महेश दास महाराज ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। धाम परिसर से लेकर करीब 2 किलोमीटर के क्षेत्र को आकर्षक लाइटों और सजावट से सजाया गया है। मां शीतला धाम में पहली बार बरौनी सुधा डेयरी एस्ट्रोल भी लगाया गया श्रद्धालु की काफी भीड़ दिखाने को मिल रही है। भारी भीड़ को देखते हुए अलग से पार्किंग की व्यवस्था की गई है, ताकि आने-जाने वाले भक्तों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। चार दिनों तक चलने वाले इस मेले में विभिन्न कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य सहित नगर के उप मुख्य पार्षद ऋषिकेश कुमार, पूर्व मुख्य पार्षद अशोक सिंह और बीजेपी जिला उपध्यक्ष सुनील सिंह एवं संजय गौतम मेला के संयोजक कन्हैया कुमार गौतम कुमार, हर्ष राज निशांत बबलू सिंह,सुधीर सिंह, पशुपति सिंह, कैलाश दास, कैलाश दास, नागा जी, राम पुकार कुमार, गुलशन कुमार, विकाश, चंदन और रमेश कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और भक्तगण उपस्थित रहे।

## तीसरी सुरंग और थर्ड-फोर्थ लाइन सर्वे के बाद 130 किमी प्रति घंटे होगी ट्रेनों की रफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर-भागलपुर रेलखंड पर तीसरी सुरंग निर्माण और थर्ड-फोर्थ लाइन बिछाने की बहुप्रतीक्षित परियोजना अब रफ्तार पकड़ चुकी है। राजस्व व वन विभाग की संयुक्त टीम ने विस्तृत सर्वे कर दूसरी सुरंग के दक्षिणी हिस्से में करीब 40 फीट क्षेत्र को चिन्हित करते हुए तीसरी सुरंग के निर्माण का आधार तय किया। सर्वे टीम नक्शों के साथ भागलपुर, नाथनगर, सुल्तानगंज, बरियारपुर, रतनपुर होते हुए जमालपुर के बरियाकोल सुरंग क्षेत्र तक पहुंची। इस दौरान अप लाइन के दक्षिण दिशा में लगातार मापी की जा रही है। कहीं 50 फीट, तो कहीं 60 और 82 फीट तक भूमि को अधिग्रहण के लिए चिह्नित किया गया है। रेलवे अधिकारियों के साथ राजस्व कर्मी और वन



विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की है। दोनों दिशाओं में ट्रेनों का दबाव कम होगा और परिचालन अधिक सुचारू बनेगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद ट्रेनों की अधिकतम रफ्तार 110 से बढ़ाकर 130 किमी घंटा तक की जा सकेगी। परियोजना के तहत करीब 200 घरों और कई एकड़ जमीन को अधिग्रहण के दायरे में लाया गया है। रतनपुर से लेकर भागलपुर तक प्रभावित क्षेत्रों का चिन्हांकन किया जा चुका है। रेलवे प्रशासन का लक्ष्य है कि वर्ष के अंत तक निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाए। रेलखंड पर तीसरी लाइन करीब 52.81 किलोमीटर तक बिछाई जाएगी, जिस पर लगभग 1094.53 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इस लाइन के बनने से मालगाड़ियों को अलग ट्रैक मिलेगा, जिससे सवारी गाड़ियों की समयपालन क्षमता में बड़ा सुधार होगा। वर्तमान में दोनों लाइनों पर करीब 200 ट्रेनों का दबाव है, जिससे अक्सर जाम की स्थिति बनती है। इस बारे में सीपीआरओ कोलकाता शिब्रम माझी ने बताया कि यह पूरी परियोजनाएं से जहां रेल यात्रा सुरक्षित व सुगम होगा, वहीं रेलवे नेटवर्क को आधुनिक बनाएगी। ट्रेनों की स्पीड, संख्या, ससमय परिचालन को जोर देगी।

## रामनवमी पर निकली भव्य शोभा यात्रा, जय श्रीराम के नारे से गूंजा इलाका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खोदावंदपुर।** थाना क्षेत्र में रामनवमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को गाजे-बाजे और जय श्रीराम के नारों के बीच भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा की शुरूआत बरियारपुर पूर्वी स्थित श्री ठाकुर रामजानकी मंदिर से हुई, जो दर्जनों वाहनों के काफिले के साथ विभिन्न गांवों एवं प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी। यह यात्रा महुआ टोल, बरियारपुर पश्चिमी, एसएच-55 होते हुए मिर्जापुर, बाड़ा, दौलतपुर, नारायणपुर, सागी जीरोमाइल चौक तक पहुंची। इसके बाद जुलूस पुनः उसी मार्ग से तारा चौक, खोदावंदपुर, मेघौल, धर्मगाछी चौक होते हुए सीमान चौक और चकवा गांव का भ्रमण करते हुए वापस बरियारपुर पूर्वी स्थित ठाकुरबाड़ी पहुंचकर संपन्न हुआ। शोभा यात्रा का नेतृत्व महंत मकसूदन शरण ने किया। इस दौरान चेरिया बरियारपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अभिषेक आनंद भी जुलूस में शामिल हुए और श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी संदीप कुमार, प्रखंड उद्यान पदाधिकारी अभिषेक कुमार, थानाध्यक्ष चंदन कुमार, अपर थानाध्यक्ष सुबोध कुमार, एसआई अख्तर हुसैन, एएसआई विवेक कांत शेखर, सहायक तकनीकी प्रबंधक मणिमेशानंद, किसान सलाहकार ओमदानी पासवान, अश्विनी कुमार सहित कई प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।इसके अलावा कमिटी अध्यक्ष रामध्यान महतो, सचिव दयानंद प्रभाकर, कोषाध्यक्ष राजाराम महतो, उपाध्यक्ष अमित कुमार, चंद्रगुप्त कुमार, रोहित कुमार, अमित कुमार, डा. हरेराम सिंह, अवनीश कश्यप, रविंद्र कुमार, तरुण कुमार रौशन, घनश्याम कुमार, विवेक, दीपक, विपिन कुमार तथा बजरंग दल व सनातन धर्म से जुड़े सैकड़ों कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभा यात्रा के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्सव का माहौल बना रहा।

## पंचमुखी हनुमान कवच महायज्ञ में पहुंचे मंत्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के पहसारा में संकटमोचन पंचमुखी हनुमान रक्षा कवच महायज्ञ तथा श्रीमद्भागवत में शुक्रवार को रामनवमी के अवसर पर चेरिया बरियारपुर विधायक अभिषेक आनंद तथा बिहार सरकार के गन्ना मंत्री संजय कुमार पहुंचे। यज्ञ समिति के यज्ञाधीश दिव्यानंद जी महाराज, अध्यक्ष टुन्नी सिंह, बेगूसराय के पूर्व विधायक श्रीकृष्ण सिंह, श्याम नारायण सिंह, शिवम वत्स, अमित कुमार, चंदन कुमार सहित अन्य प्रमुख लोगों ने भगवान श्री राम की प्रतिमा समर्पित कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंत्री संजय कुमार ने कहा भगवान श्री राम भगवान विष्णु के सातवें अवतार हैं, जिन्हें आदर्श पुरूष और 'मर्यादा पुरूषोत्तम' माना जाता है। उनका जन्म अयोध्या में राजा दशरथ और रानी कौशल्या के यहाँ त्रेतायुग में हुआ था। राम का जन्मोत्सव चैत्र मास की नवमी तिथि को 'राम नवमी' के रूप में मनाया जाता है। वे अत्यंत वीर, शांत स्वभाव के और धर्मपरायण थे। जिन्होंने आदर्शों का पालन किया। अपने पिता के वचन का पालन करने के लिए, उन्होंने 14 वर्षों का वनवास स्वीकार किया। संकटमोचन हनुमान भक्त जनों के संकट को मिटाते हैं। उन्होंने कहा कि यज्ञ से वातावरण भक्तिमय हो जाता है। लोगों के हृदय में प्रेम, दया, करुणा, भातृत्व, सहिष्णुता का बोध होता है। मौके पर जिलाध्यक्ष प्रेम पासवान, मुकेश कुमार सहित

## ठाकुरबाड़ी में मूर्ति की चोरी

**बलिया।** भगतपुर रामजानकी मंदिर मे रामनवमी शुक्रवार की रात्री को अज्ञात चोरो ने मुख्य मंदिर से मूर्ति चोरी कर फरार हो गए। जिसमे भगवान कृष्ण की मूर्ति सहित दो अन्य भगवान की अष्टधातु की मूर्ति शामिल है। ठाकुरबाड़ी परिसर मे रखे कृषि उपयोग में आनेवाली बिजली चालित मोटर एक ट्रेक्टर की बैटरी एक गेहूं कटर मशीन की बैटरी की चोरी अज्ञात चोरो ने चोरी कर ली।

## टिल्लू ताजपुरिया गैंग का मुख्य शूटर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खोदाबंदपुर।** थाना क्षेत्र से थाना पुलिस, एंटी नारकोटिक्स स्क्वाड, आउटर नार्थ डिस्ट्रिक्ट दिल्ली पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने बाबाना थाना कांड संख्या 124/26, 20 मार्च को धारा 103(1), 3(5) बीएनएस एवं 25/27 आर्म्स एक्ट के अप्राथमिकी अभियुक्त आकाश उर्फ बिट्टू उर्फ खुड्डी, निवासी नांगल ठाकरान, दिल्ली को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त कुख्यात टिल्लू ताजपुरिया गैंग का मुख्य शूटर बताया जाता है। वह 19 मार्च को बवाना क्षेत्र के हरेवेली गांव में हुए रवि भारद्वाज के सनसनीखेज हत्याकांड में वांछित था। इस संबंध में थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि दिल्ली पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से छापेमारी की गई। जिसमें आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। यह कार्रवाई अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है। आगे भी ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस के अनुसार, 26 मार्च की रात्रि में चलाए गए इस संयुक्त अपरेशन के दौरान आरोपी को दबोच लिया गया।

## विद्यालयों में सुरक्षित शनिवार का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के विभिन्न प्राथमिक, मध्य तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आपदा से निपटने की बात बताई जाती है। मध्य विद्यालय नावकोठी में चेतना सत्र के दौरान प्रधानाध्यापक राजेश कुमार ने शनिवार को चमकी बुखार से संबंधित जानकारी बच्चों को दी। उन्होंने कहा कि यह मुख्य रूप से 1-10 वर्ष तक के बच्चों को प्रभावित करने वाली गंभीर बीमारी है। इसके लक्षणों को बताते हुए उन्होंने कहा कि अचानक तेज बुखार, शरीर में ऐंठन या झटके लगना (चमकी), दांत भिंचना, बेहोशी, सुस्ती, उल्टी और सुगर व सोडियम की कमी भी हो सकती है। इस स्थिति में बच्चा बहुत सुस्त हो जाता है एवं बेहोश हो जाता है तथा सोचने-समझने में कमी, बोलने में दिक्कत या अजीब व्यवहार करने लगता है। दांत पर दांत चढ़ जाता अर्थात दाती लग जाती है। ऐसी स्थिति में आंखें भी उलट जाती हैं। अन्य लक्षणों में लगातार उल्टी होना, सिर में तेज दर्द, कमजोरी, और प्रकाश से चिड़चिड़ापन आदि भी हो सकती है। ऐसी स्थिति में बच्चे को तुरंत खिलाने, जगाकर रखने के साथ अस्पताल ले जाने की सलाह दी। रात में खाली पेट न सोने के लिए बताया गया। शरीर को गीले कपड़े से पोछने की भी बात कही। सुगर लेवल की भी जांच होनी चाहिए ताकि यह बीमारी ब्लड सुगर कम कर देती है। इसलिए तुरंत ग्लूकोज लेवल चेक करवाने की सलाह दी। मौके पर विभिन्न स्कूलों के प्रधानाध्यापक मंटून महतो, संजीत महतो, अशोक शर्मा आदि एवं नोडल शिक्षक शुभम कुमार, आलोक कुमार आदि मौजूद थे।

## नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**बेगूसराय।** जिले में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मटिहानी, साहेबपुर कमाल एवं बखरी बुनियाद केंद्रों में विशेष नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के माध्यम से सभी नागरिकों की आंखों की जांच की जाएगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला प्रबंधक, सक्षम बेगूसराय ने बताया कि यह विशेष शिविर अगले 1 माह तक संचालित रहेगा। शिविर के सफल संचालन के लिए संबंधित बुनियाद केंद्र प्रतिदिन खुले रहेंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग इस जनोपयोगी सुविधा का लाभ उठा सकें। बुनियाद केंद्र के नोडल पदाधिकारी-सह-सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, बेगूसराय ने जिले के आमजन से अपील की है कि वे शीघ्र मटिहानी, साहेबपुर कमाल अथवा बखरी बुनियाद केंद्र पहुंचकर अपनी आंखों की जांच अवश्य कराएं। उन्होंने बताया कि पंजीकरण हेतु आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य होगा।

## त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला का समापन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमालपुर (मुंगेर)।** सरस्वती विद्या मंदिर दौलतपुर जमालपुर में आयोजित तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला का समापन के अवसर पर चार सत्रों में विभक्त कार्यक्रम में 40 आचार्य-आचार्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान शिक्षण-शिक्षा से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यशाला में वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद अभिभावक संपर्क, कार्यशाला का वृतांत, केंद्रीय आधारभूत विषय के क्रियान्वयन, आचार्य कल्याण कोष तथा मातृ घोष्ठी सम्मेलन जैसे विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही 30 मार्च को विद्यालय में आयोजित होने वाले वार्षिकोत्सव की तैयारियों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श हुआ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधानाचार्य छठु साह, अखिल भारतीय राष्ट्रीय मंत्री कमल किशोर सिन्हा, अध्यक्ष डा. बच्चन सिंह, समिति सदस्या शैल दीदी, कोषाध्यक्ष सुधीर सिंह, सचिव चंद्रशेखर खेतान सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने आचार्यों को प्रेरित किया और शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता, संस्कार तथा निरंतर विकास पर बल दिया। कार्यशाला आचार्यों के कौशल विकास, विद्यालय की प्रगति तथा समग्र शैक्षणिक वातावरण को और बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। सरस्वती विद्या मंदिर, दौलतपुर जमालपुर लगातार ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से बिहार के शिक्षा जगत में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। कार्यशाला के सफल समापन पर सभी आचार्य-आचार्याओं ने संतोष व्यक्त किया और आगामी वार्षिकोत्सव को भव्य रूप देने का संकल्प लिया।

## अप्रैल में होगी गृहरक्षकों की दक्षता परीक्षा

### 29 मार्च से अपलोड किया जा सकेगा एडमिट कार्ड

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** बिहार गृह रक्षा वाहिनी में गृहरक्षकों के स्वच्छ पुनः नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जिला प्रशासन द्वारा इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस क्रम में पात्र अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं चिकित्सीय जाँच परीक्षा की तिथियाँ निर्धारित कर दी गई हैं। शारीरिक दक्षता एवं चिकित्सीय जाँच परीक्षा का आयोजन 4 अप्रैल से 6 मई तक किया जाएगा। इस अवधि के दौरान निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अभ्यर्थियों की परीक्षा संपन्न कराई जाएगी। सभी पात्र अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र दिनांक 29 मार्च से विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए अभ्यर्थियों को विभागीय वेबसाइट का उपयोग करना होगा।जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने अभ्यर्थियों को निर्देश दिया गया है कि वे समय पर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें तथा निर्धारित तिथि एवं समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित हों। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा प्रक्रिया के सफल संचालन हेतु सभी आवश्यक प्रशासनिक एवं विधि-व्यवस्था संबंधी तैयारियाँ प्रारंभ कर दी गई हैं। ताकि पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं सुचारु रूप से संपन्न हो सके।

## भक्ति जागरण कार्यक्रम में लोग झूमे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमालपुर (मुंगेर)।** जोगी बाबा दुर्गा स्थान रामपुर में भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसका उद्घाटन अतिथि विधायक नचिकेता मंडल एवं जदयू जिलाध्यक्ष सौरभ निधि ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन के पूर्व मंदिर समिति के ओर से दोनों अतिथियों का स्वागत सम्मान माता का चुनरी एवं चादर भेंट कर किया। दोनों अतिथि ने पहले माता के चरणों में अपने सिर झुकाते हुए पूजा अर्चना करते हुए भक्ति जागरण कार्यक्रम को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने की अपील पूजा समिति से किया। इधर भक्ति जागरण कार्यक्रम में सहरसा एवं जिले के स्थानीय कलाकार निर्मल सक्सेना, दिलखुश डिंपी कुमार, रिचा कुमारी, नीलू, प्रीति भाव नृत्य के साथ आकर्षक एवं मनमोहक झांकी भोलेनाथ, मां दुर्गे का प्रस्तुत किया। जबकि भजनों के मीठी-मीठी बोल चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है ...मारो अंगना पधारो श्री गणेश ... दौड़ा जाए रे समय का घोड़ा ... राम सिया राम सिया राम जय जय राम ..श्री राम जानकी बैठे हैं मेंरे सीने में .. जय जय मां अंबे मां .. जय जय मां जगदंबे मां की प्रस्तुति ने श्रोता धर्म प्रेमियों को खूब झुमाया। मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, उपाध्यक्ष किसान संजय सिंह, सचिव राजा कुमार, टुनटुन सिंह, अजय सिंह, विपिन सिंह, पप्पू, सन्नू,सौरभ, राहुल, गौरी साहिल सहित हजारों श्रद्धालु मौजूद थे।

# एनटीपीसी कहलगांव में 'विशेष विक्रेता विकास कार्यक्रम' आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कहलगांव (भागलपुर)।** केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्रालय के निर्देश के आलोक में एनटीपीसी कहलगांव में आज 'विशेष विक्रेता विकास कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न हितधारकों के बीच समन्वय को बढ़ावा देना तथा विशेष रूप से एससी/एसटी एवं महिला उद्यमियों को सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से जोड़ने के अवसर प्रदान करना है। मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित परियोजना प्रमुख रविन्द्र पटेल, अपर महाप्रबंधक (एच आर) मनोरंजन सारंगी, सीएमओ डॉ सुष्मिता सिंह, एनटीपीसी अनुसूचित जाति व जनजाति कर्मचारी संघ के महासचिव सुदर्शन पासवान, कई वरिष्ठ अधिकारी सहित राष्ट्रीय अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और गवर्नमेंट ई- मार्केटप्लेस के प्रतिनिधिगण भी मौजूद थे। कार्यक्रम के अंतर्गत टेंडरिंग प्रक्रिया, एंटी ब्राइबरी मैनेजमेंट सिस्टम, जीइएम प्लेटफॉर्म, एससी/एसटी उत्थान हेतु नीतियां, यूएसएससी की भागीदारी बढ़ाने के उपाय तथा ट्रेड रिसीवेबल्स डिस्काउंटिंग सिस्टम जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी साझा की गई। तत्पश्चात प्रश्नोत्तर सत्र में उपस्थित विक्रेताओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया, जिससे उन्हें प्रक्रि याओं एवं अवसरों की बेहतर समझ प्राप्त हुई। यह पहल समावेशी विकास को प्रोत्साहित करने तथा उ?द्यमियों को मुख्यधारा में लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# बेलगाम ट्रक ने बाइक सवार दो दोस्तों को रौंदा, एक की मौत

## आक्रोशित लोगों ने ट्रक का शीशा तोड़कर किया हंगामा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा (भोजपुर)।** आरा-छपरा फोरलेन पर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के जमालपुर बाजार के समीप शनिवार की दोपहर बेलगाम ट्रक ने बाइक सवार छपरा निवासी सहित दो दोस्तों को रौंद दिया। हादसे में एक की मौत हो गई। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जबकि जख्मी दूसरे युवक को प्राथमिक उपचार के बाद कोईलवर पीएचसी से पटना रेफर कर दिया गया। उधर, घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। आक्रोशित ग्रामीणों ने उक्त ट्रक सहित अन्य ट्रकों के शीशे को क्षतिग्रस्त कर हंगामा किया। सूचना पाकर परिवार थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच उक्त ट्रक को जब्त कर लिया है। जानकारी के अनुसार मृतक संदेश थाना क्षेत्र के अखगांव गांव निवासी महेंद्र डोम का 22 वर्षीय पुत्र संजू कुमार है। वह पटना के फुलवारी स्थित प्राइवेट कंपनी में काम करता है। जबकि जख्मी उसका दोस्त सारण (छपरा) जिले के अवतार नगर थाना क्षेत्र के नगरांव टोला निवासी मैनेजर महतो का 28 वर्षीय पुत्र विकास कुमार है। इधर, मृतक के पिता महेंद्र डोम ने बताया कि शुक्रवार को बाइक द्वारा वह अपना ड्यूटी खत्म कर फुलवारीशरीफ से सारण (छपरा) अपनी बहन खुशबू देवी के ससुराल मिलने गया था। शनिवार की दोपहर जब दोनो वापस बाइक द्वारा अपने दोस्त विकास कुमार के साथ बहन के ससुराल से फुलवारी शरीफ ड्यूटी पर लौट रहा था। सूचना पाकर विकास कुमार के परिजन कोईलवर अस्पताल पहुंचे और उसे इलाज के लिए वहां से पटना ले गए। जबकि पुलिस द्वारा संजू कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद कोईलवर पीएचसी से सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने पांच भाई व तीन बहन में छठे स्थान पर था। उसके परिवार में मां हीरामुनी देवी, तीन बहन खुशबू देवी, पूजा कुमारी, रुबी कुमारी, चार भाई राजेश डोम, राजू डोम, रंजीत डोम एवं लालू डोम है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया।

## घर वापस लौट रहे युवक की ट्रेन से गिरकर मौत

**आरा (भोजपुर)।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा स्टेशन एवं जगजीवन हाल्ट के बीच शनिवार की सुबह घर वापस लौट रहे युवक की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। मृतक गजराजगंज ओपी क्षेत्र के चौकीपुर गांव निवासी स्व. चंद्रदेव पासवान का 18 वर्षीय पुत्र श्याम बाबू है। इधर, मृतक के मामा अजय कुमार ने बताया कि वह शुक्रवार को ट्रेन द्वारा अपनी मौसी के घर बनाही घूमने गया था। शनिवार की सुबह जब वह पैसेंजर ट्रेन द्वारा वापस घर लौट रहा था। उसी बीच आरा स्टेशन एवं जगजीवन हाल्ट के बीच ट्रेन से गिरकर उसकी मौत हो गई। रेल पुलिस द्वारा परिजनों को इस घटना की जानकारी मिली। जिसके बाद परिजन आरा रेल थाना पहुंचे। इसके पश्चात पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने चार भाई व दो बहन में तीसरे स्थान पर था। उसकी पत्नी रेणु देवी की उससे दूसरी शादी हुई थी। इससे पहले उसके बड़े भाई बैजू कुमार से शादी हुई थी। करीब एक वर्ष पूर्व बैजू कुमार के हत्या कर दी गई थी। जिसके कारण होली के बाद उसकी शादी रेणु देवी से दोबारा हुई थी। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया। घटना के बाद मृतक की पत्नी रेणु देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# जुलाई माह से चलेगा सदस्यता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने आज कहा कि राज्य भर में पार्टी संगठन को फिर से पुनर्गठित करने हेतु जुलाई महीने से राज्य भर में बड़े पैमाने पर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा।
उन्होंने 'बिहार नवनिर्माण अभियान' के तहत शनिवार को पहुंचे बांका में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा विधान सभा चुनाव परिणाम के बाद जन सुराज के नेताओं ने पश्चिम चंपारण स्थित गांधी भितिहरवा आश्रम में एक दिन का उपवास रखा था। उस समय जन सुराज की ओर से यह घोषणा की गई थी कि बिहार में बनी नई सरकार को अपने वादों को पूरा करने के लिए 6 महीने का समय दिया जाएगा। प्रशांत किशोर ने कहा कि इसके बाद 'बिहार नवनिर्माण अभियान' के तहत जन सुराज के कार्यकर्ता घर-घर जाकर जनता के बीच अपनी बात रखेंगे। इस अभियान के दरम्यान पार्टी को वर्षों तक प्रभावी ढंग से चलाने के लिए वे हर जिले में जाकर संगठन को पुनर्गठित कर रहे हैं। नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने को लेकर प्रशांत किशोर ने तंज कसते हुए कहा कि चुनाव में सरकार ने हर विधानसभा क्षेत्र में 60 से 70 करोड़ रुपये खर्च कर वोट खरीदे हैं। उन्होंने कहा कि इसका परिणाम यह है कि 202 विधायकों के समर्थन के बावजूद नीतीश कुमार को 3 महीने में ही मुख्यमंत्री पद छोड़ना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह जीत नीतीश कुमार या एनडीए की लोकप्रियता की नहीं है, बल्कि पैसे और चुनाव आयोग की मदद का परिणाम है। इस मैन्युफैक्चर्ड परिणाम के कारण ही उन्हें सीएम पद छोड़ना पड़ रहा है। बिहार के नए मुख्यमंत्री को लेकर प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार का मुख्यमंत्री कोई भी बने, नीतीश कुमार के बाद बिहार चलाने वाले लोग के लिए बिहार से ज्यादा गुजरात की चिंता होगी। उन्होंने आगे कहा कि नए मुख्यमंत्री की चिंता यह होगी कि गुजरात की फैक्ट्रियों में काम करने वाले मजदूरों की कमी न हो। इसके पहले प्रशांत किशोर के बिहार नवनिर्माण अभियान के तहत एक दिवसीय दौरे पर बांका पहुंचने पर पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर अगले तीन महीने तक बड़े पैमाने पर सदस्यता अभियान चलाने की घोषणा की।

# नवयुवक संघ ने शरबत और शीतल जल से किया रामभक्तों का स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर (भोजपुर)।** भव्य शोभा यात्रा के दौरान रामभक्तों की सेवा के लिए नवयुवक संघ द्वारा जगदीशपुर के डीएम रोड में शरबत और शीतल जल का स्टॉल लगाया गया। सामाजिक कार्यकर्ता सतीश कुमार गुप्ता ने बताया कि नवयुवक संघ हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपनी परंपरा को निभा रहा है। संघ के कार्यकर्ताओं ने पूरे तन-मन और प्रफुल्लित हृदय से शोभा यात्रा में शामिल भक्तों और कलाकारों का भव्य स्वागत किया। धूप और गर्मी को देखते हुए स्टॉल पर हजारों श्रद्धालुओं को शरबत और पानी पिलाकर उन्हें राहत पहुंचाई गई। सेवा कार्य का अवलोकन करने पहुंचे नगर के गणमान्य नागरिक सुरेंद्र साह, अर्जुन प्रसाद, गणेश सोनार और ने कार्यकर्ताओं के इस प्रयास की जमकर सराहना की। उन्होंने सतीश कुमार गुप्ता को आशीर्वाद देते हुए कहा कि निस्वार्थ भाव से जनसेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है और युवाओं को ऐसे कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। इनकी रही सक्रिय भूमिका इस सेवा शिविर को सफल बनाने में सतीश कुमार गुप्ता (सामाजिक कार्यकर्ता) अप्पू जी, मिलन कुमार, नीरज कुमार सुनील जी, टिंकू जी, अर्जुन मास्टर, संतोष कुमार, दिलीप कुमार एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कोइलवर में आरएएफ 114 बटालियन परिसर में धूमधाम से मनाई गई रामनवमी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोइलवर (भोजपुर)।** भोजपुर जिले के कोईलवर स्थित 114 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स परिसर में शुक्रवार को रामनवमी का पावन पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरे परिसर में धार्मिक माहौल देखने को मिला, जहां जवानों और उनके परिवारजनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत माता पूजन से हुई, जिसमें पूरे विधि-विधान के साथ देवी आराधना की गई। इसके बाद कन्या पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें छोटी बच्चियों को देवी स्वरूप मानकर उनकी पूजा-अर्चना की गई और उन्हें प्रसाद एवं उपहार भेंट किए गए। आयोजन का समापन भंडारे के साथ हुआ, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान परिसर भक्ति गीतों और जयकारों से गूंज उठा, जिससे माहौल पूरी तरह आध्यात्मिक रंग में रंग गया। जवानों के साथ-साथ उनके परिवार के सदस्यों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे कार्यक्रम और भी जीवंत बन गया। इस मौके पर कमांडेंट अश्विनी कुमार झा ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन न केवल हमारी परंपराओं को जीवित रखते हैं, बल्कि आपसी भाईचारे, एकता और सकारात्मक ऊर्जा को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि रामनवमी हमें मर्यादा, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। ऐसे अवसर हमें अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने और समाज में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने का संदेश देते हैं।उन्होंने सभी अधिकारियों, जवानों एवं उनके परिवारजनों को रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बल के भीतर सामूहिकता और मनोबल को भी सुदृढ़ करते हैं। समग्र रूप से यह आयोजन श्रद्धा, सामाजिक समरसता और उत्साह का अद्भुत संगम साबित हुआ। मौके पर रैफ के अधिकारियों, जवानों के साथ-साथ कावा-114 की हेड ऋतु झा भी उपस्थित रहीं।

# जल संरक्षण पर युवाओं को किया गया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा (भोजपुर)।** जिला गंगा समिति, भोजपुर द्वारा राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के निर्देशानुसार ल्गंगा स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के अंतर्गत ल्आओ गंगा को जानें एवं जल संरक्षण विषय पर महिला महाविद्यालय, आरा में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष, जिला गंगा समिति भोजपुर के निर्देशानुसार किया गया। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य युवाओं के बीच गंगा नदी की स्वच्छता एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना तथा इस दिशा में उनकी भूमिका को रेखांकित करना था। कार्यक्रम में वक्ताओं ने युवाओं से अपील की कि वे गंगा की स्वच्छता एवं



जल बचाव के अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। इस अवसर पर जिला परियोजना पदाधिकारी, नमामि गंगे द्वारा पी पी टी प्रजेंटेशन के माध्यम से देश में जल की वर्तमान स्थिति के साथ साथ 100 वर्ष पूर्व की स्थिति तथा आने वाले 100 वर्षों में संभावित चुनौतियों पर विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि यदि अभी से जल संरक्षण के प्रति गंभीर प्रयास नहीं किए गए, तो भविष्य में जल संकट गंभीर रूप ले सकता है। वहीं जिला जल एवं सुरक्षा समिति के समन्वयक ने जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल जीवन का आधार है और इसके संरक्षण हेतु सामूहिक प्रयास आवश्यक है। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. सुधा निकेतन रंजनी ने अपने संबोधन में कहा कि जिला प्रशासन द्वारा आयोजित ऐसे कार्यक्रम समाज में जन-जागरूकता लाने में अत्यंत सहायक होते हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के कई प्राध्यापक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें डॉ. अंजु कुमारी, डॉ. अवधेश, डॉ. अनुपमा, अमरजीत मिश्रा, राघवेंद्र नारायण विकास, डॉ. प्रीति, डॉ. सरोज देवी, डॉ. रश्मि एवं डॉ. विजय बहादुर शामिल थे। कार्यक्रम संचालन बि सी ए विभाग प्राध्यापक अमरजीत मिश्रा और धन्यवाद ज्ञापन राघवेंद्र नारायण विकास, ने किया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व महिला महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम पदाधिकारी, डॉ. सुधा निकेतन रंजनी ने किया।

# एसपी ने की लंबित कांडों की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर (भोजपुर)।** भोजपुर पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज ने शनिवार को धनगाई थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर की स्वच्छता, कार्यालय व्यवस्था, सीसीटीएनएस और विभिन्न अभिलेखों के संधारण की गहन जांच की। एसपी मिस्टर राज ने थाने में रखे अपराध नियंत्रण से संबंधित तख्तियों और अन्य आवश्यक दस्तावेजों का भी बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के बाद एसपी ने थाने में लंबित कांडों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी अनुसंधानकर्ताओं (आईओ) को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि मामलों का अनुसंधान निष्पक्ष, प्रभावी और जल्द से जल्द पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि पुलिसिंग में पारदर्शिता होनी चाहिए ताकि जनता का विश्वास बना रहे। किसी भी परिस्थिति में निर्दोष को परेशानी नहीं होना चाहिए और दोषी बचना नहीं चाहिए। एसपी मिस्टर राज ने विधि-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने तथा अपराध नियंत्रण पर विशेष बल दिया। उन्होंने थानाध्यक्ष और अन्य पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि जनता को त्वरित और बेहतर पुलिस सेवा उपलब्ध कराई जाए, ताकि आम लोगों को अपनी समस्याओं के लिए।

## एक नजर

### निःशुल्क जांच शिविर आज

**आरा (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शहर के विष्णु नगर जेड चौक के समीप 'फिजियोहिल' एडवांस फिजियोथेरेपी एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर में 29 मार्च (रविवार) को निःशुल्क फिजियोथेरेपी जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. दिव्य प्रकाश ने बताया कि शिविर में मरीजो को निःशुल्क जांच एवं परामर्श दिया जाएगा। शिविर में कमर दर्द, कूल्हे में दर्द, गर्दन दर्द, कंधे का दर्द, एड़ी में सूजन व दर्द, शरीर में लकवा, घुटने का दर्द, खेल संबंधित मांसपेशियों में चोट, फ्रैक्चर व सर्जरी के बाद अकड़न का इलाज, हाथ व पैरों में झनझनाहट एवं सुन्नपन वाले मरीज निःशुल्क परामर्श ले सकते हैं।

### ट्रेनों में वसूली करने वाली महिलाएं धराई

**आरा (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दानापुर मंडल अंतर्गत आरा जंक्शन पर रेलवे सुरक्षा बल ने विशेष अभियान के दौरान ट्रेनों में यात्रियों से डरा-धमकाकर अवैध वसूली करने वाली राजस्थान और पंजाब की रहने वाली कुल 12 महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार के कड़े निर्देशन में यह कारवाई की गई। आरपीएफ की इस त्वरित कार्रवाई से रेल यात्रियों ने राहत की सांस ली है। अवैध वसूली करने वाले गिरोहों में हड़कंप मच गया है। सउनि पी.के. भारती और आरक्षी कन्हैया कुमार को सूचना मिली कि ट्रेनों में जबरन पैसे वसूलने और यात्रियों को परेशान किया जा रहा है। रेलवे सूत्रों के अनुसार एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्रियों के साथ बदसलूकी और जबरन पैसे मांगने की शिकायतें उच्च अधिकारियों तक पहुँच रही थीं। इसे गंभीरता से लेते हुए आरा आरपीएफ पोस्ट प्रभारी दीपक कुमार ने एक विशेष टीम का गठन किया। शनिवार को सउनि पी.के. भारती और आरक्षी कन्हैया कुमार ने विभिन्न ट्रेनों में सघन तलाशी अभियान चलाया और मौके से एक दर्जन महिलाओं को रंगे हाथ धर दबोचा। आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि इन महिलाओं के खिलाफ रेल अधिनियम की कड़ी धाराओं में मामला दर्ज कर कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस कार्रवाई का संदेश स्पष्ट है कि रेलवे परिसर और ट्रेनों में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### चैता कार्यक्रम का आयोजन

**तरारी (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मां बरेजी ट्रस्ट के तत्वाधान में, रामनवमी के शुभ अवसर पर प्रखंड के जेठवार काली मंदिर में श्री छोटन राय उर्फ नागा जी की पुण्य स्मृति में रात जागा चैता समारोहङ्क कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विदित हो कि श्री छोटन राय उर्फ नागा जी की पावन स्मृति में पिछले 5 वर्षों से चैता कार्यक्रम का भव्य आयोजन होता आ रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन पंचायत के मुखिया मुन्ना कुमार व ट्रस्ट के जन संपर्क अधिकारी , समाजसेवी विनय कुमार ने संयुक्त रूप से किया। मुखिया मुन्ना कुमार ने अपने संबोधन में नागा जी को याद करते हुए कहा कि नागा जी जिले के प्रसिद्ध पारंपरिक ढोलक वादक थे। विनय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि छोटन राय उर्फ नागा जी ने कई चैता प्रतियोगताओं में जीत दिला प्रखंड और जिले का मान सम्मान बढ़ाया। वो आजीवन अविवाहित रहें और अपना पूरा जीवन कला को ही समर्पित किया। इस अवसर पर जेठवार पंचायत के सैकड़ों गंवई लोक कलाकारों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। चैता समारोह की शुरुआत सुमिरन 'आज चईत हम गाईब ए रामा' से हुआ।

### इनामी नक्सली गिरफ्तार

**कटोरिया (बांका) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कटोरिया थाना पुलिस नें गुप्त सुचना के आधार पर बारह साल से फरार चल रहें पच्चीस हजार इनामी नक्सली को गिफ्तार किया है। जिसकी पहचान कुख्यात नक्सली नेपाली यादव पिता पेसर चन्द्र यादव ग्राम पंजरपट्टा के रूप में की है। जिसके उपर अमरपुर फुल्लीडूमर थाना में विस्फोटक सहित विभिन्न धाराएं के तहत मामला दर्ज है। थाना अध्यक्ष चन्द्र देव कुमार ने बताया कि प्राथमिक अभियुक्त कुख्यात नक्सली को गिफ्तार करके आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# हथियार के साथ दो गिरफ्तार

**भागलपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार में भागलपुर जिले के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र में आज पुलिस ने हथियार के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। भागलपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने शनिवार को यहां बताया कि इस क्षेत्र के नवादा बहियार इलाके में दो अपराधियों के द्वारा एक ग्रामीण हीरालाल यादव की हत्या की योजना बनाने की सूचना पर नगर पुलिस अधीक्षक एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (विधि व्यवस्था) की अगुवाई में गठित विशेष टीम ने उक्त इलाके में छापेमारी की। उन्होंने बताया कि इस दौरान टीम ने दो अपराधियों को गिरफ्तार कर उसके पास से एक देशी पिस्तौल, दो देशी मास्केट, नौ जिंदा कारतूस, एक बैडोरियल और दो खोखा जब्त किया गया है। इधर दोनों अपराधियों की पहचान मणि कुमार उर्फ सिंटू यादव एवं सोनू कुमार के रुप में हुई है और दोनों जिले के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र का रहने वाला है। वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पकड़े गए दोनों अपराधियों से कड़ी पूछताछ की जा रही है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### ऐतिहासिक होगा बिहार...

कार्य का भी जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने सभ्यता द्वार से कलेक्ट्रेट घाट तक निर्माण कराये जा रहे सैरगाह का स्थल निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को मैप के माध्यम से बताया कि सभ्यता द्वार से कलेक्ट्रेट घाट तक सैरगाह की सुविधा होगी जिसमें यहां आनेवाले लोगों के लिये पैदल पथ, स्ट्रीट लाइट, सिटिंग एरिया, छतरीनुमा स्तंभ सहित अन्य सुविधायें उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन सभी योजनाओं को तेजी से पूर्ण करें ताकि शहरवासियों को इसका लाभ मिल सके। सभ्यता द्वार बहुत अच्छा बना है। लोग यहां आते हैं और पर्यटकीय सुविधाओं का आनंद उठाने के साथ-साथ बिहार के गौरवशाली अतीत को भी जानते एवं समझते हैं। सभ्यता द्वार से सैरगाह के जुड़ जाने से लोग इसका और अच्छे ढंग से आनंद उठा सकेंगे। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, पटना प्रमण्डल के आयुक्त अनिमेष पराशर, जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम, पटना नगर निगम के आयुक्त यशपाल मीणा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# पारस हेल्थ ने बिहार की स्वास्थ्य सेवाओं में लाया बड़ा बदलाव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा (भोजपुर)।** पारस हेल्थ ने बिहार में स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देते हुए अत्याधुनिक और विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाओं की शुरुआत की है। आधुनिक तकनीक, अनुभवी विशेषज्ञों और समर्पित चिकित्सा टीम के साथ पारस हेल्थ राज्य के मरीजों को महानगरों जैसी सुविधाएं यहीं उपलब्ध करा रहा है। अस्पताल में अब रोबोटिक सर्जरी, किडनी ट्रांसप्लांट, बोन मैरो ट्रांसप्लांट और लिवर ट्रांसप्लांट जैसी जटिल और उन्नत प्रक्रियाएं सफलतापूर्वक की जा रही हैं। इसके साथ ही स्ट्रोक के मरीजों के लिए डेडिकेटेड स्ट्रोक




एम्बुलेंस की विशेष सुविधा शुरू की गई है, जिससे आपात स्थिति में 'गोल्डन आवर' के भीतर उपचार सुनिश्चित किया जा सके। कैंसर उपचार के क्षेत्र में भी पारस हेल्थ ने अत्याधुनिक मशीनों की सुविधा उपलब्ध कराई है, जिससे सटीक जांच और प्रभावी रेडियोथेरेपी संभव हो पा रही है। अस्पताल में 108 विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम 24 घंटे मरीजों की सेवा में समर्पित है। इस अवसर पर पारस हेल्थ के जोनल डायरेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि पारस हेल्थ का उद्देश्य बिहार के लोगों को उच्चस्तरीय और अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उनके अपने राज्य में उपलब्ध कराना है। हमने रोबोटिक सर्जरी से लेकर ट्रांसप्लांट और आधुनिक कैंसर उपचार तक कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। हमारी विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम और उन्नत तकनीक के माध्यम से हम गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित और सुलभ इलाज देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आने वाले समय में भी हम स्वास्थ्य सेवाओं में नवाचार और विस्तार करते रहेंगे। पारस हेल्थ की इन पहलों से बिहार के मरीजों को अब बेहतर उपचार के लिए राज्य से बाहर जाने की आवश्यकता कम होगी और प्रदेश स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है।

# ओवरटेकिंग के दौरान बेकाबू टेलर ने मारी टक्कर, एक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोइलवर (भोजपुर)।** आरा-छपरा फोरलेन पर शनिवार को एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना जमालपुर बाजार के समीप उस समय हुई, जब एक युवक ने बाइक सवार से लिफ्ट मांगी और बाइक रुकते ही पीछे से आ रहे तेज रफ्तार टेलर ने जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, छपरा की ओर से आ रहे बाइक सवार विकास कुमार को जमालपुर बाजार के पास एक युवक ने कोईलवर जाने के लिए लिफ्ट मांगी। बाइक सवार जैसे ही रुका, पीछे से ओवरटेक कर रहा तेज रफ्तार टेलर लेन तोड़ते हुए अनियंत्रित हो गया और बाइक में जा भिड़ा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक उछलकर सड़क पर गिर पड़े और उनके पैर बुरी तरह कुचल गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कोईलवर पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों की हालत गंभीर देखते हुए आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इसी दौरान इलाज के लिए ले जाने के क्रम में लिफ्ट मांगने वाले युवक संजू डोम (25 वर्ष) की मौत हो गई। वह संदेश थाना क्षेत्र के अखगांव गांव निवासी महेंद्र डोम का पुत्र था और दानापुर नगर निगम में कार्यरत था। परिजनों के अनुसार, वह पांच भाइयों में सबसे छोटा था और छपरा से अपने रिश्तेदार के यहां से लौट रहा था। वहीं, गंभीर रूप से घायल बाइक सवार विकास कुमार (20 वर्ष), जो सारण जिले के अवतार नगर थाना क्षेत्र के नया टोला निवासी मैनेजर महतो का पुत्र है, को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है, जहां उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन सदर अस्पताल आरा पहुंच गए, जहां उनके बीच कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने करीब आधे घंटे तक आराऽछपरा फोरलेन को जाम कर दिया, जिससे यातायात प्रभावित रहा।

# रामनवमी जुलूस के दौरान जय श्रीराम के नारों से गूंजा औरंगाबाद








**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** रामनवमी के दूसरे दिन जिला मुख्यालय में भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। इसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। शहर में निकाली गयी शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं, जिससे आयोजन में उत्साह और आस्था का माहौल और भी मजबूत नजर आया। इस दौरान पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह एवं औरंगाबाद विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह भी शोभा यात्रा में शामिल हुए और श्रद्धालुओं के साथ सहभागिता की। शनिवार को सदर प्रखंड परिसर से जय श्रीराम के जोरदार नारों के साथ प्रारंभ होकर जुलूस ब्लॉक मोड़ से निकलकर जसोइया मोड़, रमेश चौक होते हुए धर्मशाला चौक पहुंची जहां श्री राम-जानकी ठाकुरबाड़ी समिति, श्री सरस्वती सुशोभित समिति एवं मां शक्ति आराध्य समिति द्वारा निकाली गयर जुलूस में शामिल हो गयी। बाद में वापस लौटते हुए गंतव्य स्थान तक पहुंची। इस दौरान झांकी में फूल से सुशोभित सुंदर रथ पर भगवान श्रीराम, माता सीता समेत अन्य देवी-देवताओं के रूप में निकली झांकी लोगों का मन मोह लिया। जुलूस के दौरान रामजी की निकली सवारी रामजी की लीला है न्यारी ..जय श्री राम, एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम.. भक्ति गीत लोगों को अपनी और आकर्षित कर रही थी। पूरा औरंगाबाद शहर भगवामय हो गया। इस अवसर पर जुलूस में शामिल युवाओं ने पारंपरिक हथियारों के खेलों का जमकर प्रदर्शन किया। ढोल-नगाड़े एवं भक्ति गानों के बीच जय श्रीराम के गुंजायमान स्वर से पूरा क्षेत्र भक्ति माहौल में रम गया। जुलूस में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष नाचते गाते देखे गए। जगह-जगह महिलाओं ने रामलला की आरती उतारी तथा तिलक लगाया। साथ ही जुलूस को जगह-जगह लोगों ने लड्डू, पानी, ठंडा आदि भेंट कर स्वागत किया। शोभायात्रा को लेकर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए थे। सुबह से बड़ी संख्या में दंडाधिकारी के साथ ही पुलिस बलों की तैनाती शोभायात्रा मार्च में जगह-जगह पर की गई थी। डीएम अभिलाषा शर्मा एवं एसपी राहुल अम्बरीष खुद शोभायात्रा की निगरानी करते नजर आये। इधर, जिला मुख्यालय स्थित इस्कॉन मंदिर में रामनवमी के अवसर पर भव्य एवं आध्यात्मिक महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तगण उपस्थित होकर भगवान श्रीराम के प्राकट्य उत्सव को उल्लासपूर्वक मनाया। महोत्सव की शुरुआत हरे कृष्ण के मधुर कीर्तन से हुई, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। इसके पश्चात भगवान का दिव्य अभिषेक किया गया, जिसमें भक्तों ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव से सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान मंदिर के अध्यक्ष अभय अच्युत प्रभुजी ने प्रेरणादायक कथा सुनाई, जिसने उपस्थित जनसमूह को आध्यात्मिक संदेश से अभिभूत कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में औरंगाबाद विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने इस भव्य आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्ज़ा का संचार करते हैं और लोगों को अपनी संस्कृति से जोड़ते हैं। इस अवसर पर मंदिर के राजीव कुमार गुप्ता, मुकेश गुप्ता, डॉ. चंद्रशेखर, महावीर जैन, अरविंद सिंह एवं डॉ. बी.के. सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे और आयोजन की शोभा बढ़ाई।

## वज्रपात से लगी आग के कारण लाखों की संपत्ति राख

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** वज्रपात की चपेट में आने से एक घर में अचानक आग लग गई जिसमें लाखों की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई। घटना शुक्रवार की रात मदनपुर प्रखंड मुख्यालय की मुख्य बाजार ठाकुर रोड की है। उपयुक्त संसाधनों से आग बुझाने के क्रम में दो लोग जख्मी हो गए। इस वज्रपात में राजकुमार शर्मा के घर में रखी सारी सामग्रियां जलकर खाक हो गई। पीड़ित राजकुमार शर्मा के अनुसार डेकोरेशन की सामग्रियां के अलावा साउण्ड बाक्स, कपड़ा, शादी विवाह की बेशकीमती कपड़े, जेवरात व नगदी राशि, पंखा, घरेलू सामग्रियां जल कर नष्ट हो गए। आग बुझाने के दौरान अंकेश कुमार शर्मा एवं देव कुमार शर्मा जख्मी हो गए जिनका इलाज कराया जा रहा है। राजकुमार शर्मा ने बताया कि तेज आंधी तूफान के साथ आई वज्रपात ने सब कुछ नष्ट कर दिया। इस घटना में जीवकोपार्जन का आधार खत्म हो गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार करीब दो लाख रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है। कर्ज लेकर अपना रोजगार शुरू किया था, जो इस हादसे में पूरी तरह समाप्त हो गया। अब उनके सामने जीविकोपार्जन का संकट खड़ा हो गया है। आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। सरकार से उचित मुआवजे की मांग की है। सूचना तत्काल सीओ और स्थानीय पुलिस को दी गई।

## पेट्रोल-डीजल की कालाबाजारी की तो होगी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल की संयुक्त अध्यक्षता में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड एवं भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के जिला अंतर्गत संचालित पेट्रोल पंपों के सेल्स मैनेजरों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में विगत कुछ दिनों से मदनपुर क्षेत्र सहित जिले के विभिन्न स्थानों पर डीजल एवं पेट्रोल की उपलब्धता में कमी संबंधी फैली अफवाहों के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया गया कि जिले में डीजल एवं पेट्रोल की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है तथा आपूर्ति श्रृंखला पूरी तरह सामान्य एवं सुचारू रूप से संचालित हो रही है। किसी भी प्रकार की कमी की स्थिति नहीं है। प्रतिनिधियों द्वारा यह भी बताया गया कि अफवाहों के कारण आम लोगों के बीच अनावश्यक भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई है जिसके परिणामस्वरूप सामान्य से अधिक मात्रा में ईंधन की मांग देखी जा रही है। जिलाधिकारी द्वारा सभी सेल्स मैनेजरों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि पेट्रोल पंपों पर केवल वाहन चालकों को ही उनके वाहनों के अनुरूप आवश्यक मात्रा में डीजल एवं पेट्रोल उपलब्ध कराया जाए। किसी भी परिस्थिति में ड्रम, गैलन अथवा अन्य कंटेनरों में ईंधन की आपूर्ति नहीं की जाए, जिससे जमाखोरी एवं कालाबाजारी की संभावना पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि यदि किसी व्यक्ति द्वारा अनावश्यक रूप से अधिक मात्रा में ईंधन संग्रहित करने अथवा कालाबाजारी करने का प्रयास किया जाता है, तो ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को तत्काल सूचित किया जाए ताकि नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## अलग-अलग मामलों में 14 लोग भेजे गये जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में शुक्रवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 29 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 14 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार हत्या के शीर्ष में 2, एसटी-एससी एक्ट में 1, हत्या के प्रयास में 2, मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 10 तथा अन्य मामलों में 14 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 4 लीटर देसी, 1 बाइक, 1 मोबाइल एवं 1 धारदार हथियार बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1060 वाहनों की जांच की गई जिसमें 20500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से छापेमारी और जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## होनहार छात्र-छात्राओं ने बढ़ाया इंटर कॉलेज चंद्रगढ़ का मान, विभिन्न संकायों में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



पंकज कुमार सिंह, सचिव

**औरंगाबाद।** नवीनगर प्रखंड के चंद्रगढ़ स्थित डॉक्टर गुप्तेश्वर प्रसाद सिंह नंदकिशोर नारायण सिंह इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए न केवल महाविद्यालय बल्कि अपने अभिभावकों का भी मान बढ़ाया है। विज्ञान संकाय में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया। इस संकाय से कुल 127 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 52 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों में ऋषभ राज ने 419 अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि निखिल कुमार 410 अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। वहीं अंजली कुमारी ने 387 अंक प्राप्त कर कॉलेज का गौरव बढ़ाया। कला संकाय में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस संकाय में रीमा कुमारी ने 370 अंक, कोमल कुमारी ने 367 अंक तथा बोर्खा राहत ने 351 अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की और महाविद्यालय का नाम रोशन किया। वाणिज्य संकाय में भी छात्रों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। निशांत कुमार ने 399 अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी में सफलता पाई जबकि गोल्डी कुमारी ने 381 अंक के साथ द्वितीय श्रेणी में सफलता अर्जित की। छात्र-छात्राओं की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर संस्थान के सचिव पंकज कुमार सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी सफल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने छात्रों को निरंतर प्रयास और अनुशासन के साथ आगे बढ़ते रहने की सलाह दी, ताकि वे जीवन में निरंतर प्रगति करते हुए समाज और देश का नाम रोशन करें।

## इवीएम-वीवीपैट की सुरक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : अभिलाषा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सदर प्रखण्ड परिसर स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा किया गया। विदित हो कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का नियमित निरीक्षण किया जाना अपेक्षित है, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता, विश्वसनीयता एवं सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस में सुरक्षित रखे गए ईवीएम एवं वीवीपैट के रख-रखाव, सुरक्षा व्यवस्था तथा संधारित अभिलेखों की गहन जांच की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी मानकों एवं दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाए रखा जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि ईवीएम-वीवी पैट की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को सतर्क एवं जिम्मेदार रहते हुए निर्धारित मानकों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी मो. गजाली सहित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जनगणना के फील्ड ट्रेनरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** अगले वर्ष जनगणना को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार चार्ज स्तर पर नामित फील्ड ट्रेनरों का सघन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि भारत की जनगणना 2027 का कार्य दो चरणों में सम्पन्न किया जाएगा। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (एचएलओ) तथा द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना (पीई) का कार्य किया जाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम 28 मार्च से 30 मार्च तक तीन बैचों में आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान औरंगाबाद, दाउदनगर, ओबरा, गोह, हसपुरा, रफीगंज, बारूण, नवीनगर, देव, कुटुम्बा एवं मदनपुर सहित विभिन्न नगर निकायों से नामित कुल 96 फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण का आयोजन योजना भवन सभागार, जिला परिषद सभागार तथा जिला पंचायत संसाधन केन्द्र, औरंगाबाद में प्रतिदिन प्रातः 09:30 बजे से सायं 06:00 बजे तक किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा जनगणना से संबंधित सभी आवश्यक बिंदुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी, जिससे कार्य का सुचारु एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। जिलाधिकारी द्वारा सभी नामित फील्ड ट्रेनरों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से भाग लेना सुनिश्चित करें। जिला प्रशासन द्वारा भारत की जनगणना 2027 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

## तीन बच्चों की हत्या मामले में दादी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** हसपुरा थाना क्षेत्र खुटहन में तीन मासूम बच्चों की हत्या के लिए उकसाने के आरोप में पुलिस ने दादी सोनमती कुंवर को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि आत्महत्या के प्रयास में ज़ख्मी हत्यारोपी अमंत पाल पुलिस अभिरक्षा में इलाजरत है। इस मामले की जांच में पारिवारिक विवाद की बात सामने आई है। सवाल यह है कि आखिर आरोपी अमंत पाल इतना क्रूर कैसे बन गया। क्या उसमें इतना गुस्सा या तनाव था कि वह हैवान बन गया। इस घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। तीन मासूमों की मौत ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

## एलपीजी की अनावश्यक बुकिंग व कालाबाजारी पर लगाएं रोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में आईओसीएल, बीपीसीएल एवं एचपीसीएल के एलपीजी गैस कंपनियों के सेल्स मैनेजर के साथ जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल की संयुक्त अध्यक्षता में एलपीजी गैस वितरण से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में एलपीजी गैस की उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि कुछ गैस एजेंसियों के समक्ष उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लग रही हैं। औरंगाबाद प्रखंड के सवेरा, लिंगराज, लक्ष्मी एवं मगध भारत गैस एजेंसी, मदनपुर प्रखंड के उमंगेश्वरी गैस एजेंसी, नवीनगर प्रखंड के तान्या गैस एजेंसी तथा कुटुंबा प्रखंड के कार्तिक गैस एजेंसी के पास उपभोक्ताओं की लंबी कतार देखी जा रही है। इस संबंध में जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा संबंधित गैस एजेंसियों के डिस्ट्रीब्यूटर से वार्ता की गई, जिसमें यह बात सामने आई कि उपभोक्ताओं को गैस वितरण में विलंब हो रहा है तथा कुछ एजेंसियों के द्वारा होम डिलीवरी भी समुचित रूप से नहीं कराई जा रही है। जिलाधिकारी द्वारा गैस वितरण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए गैस की उपलब्धता के संबंध में सेल्स मैनेजर से जानकारी प्राप्त की गई तथा होम डिलीवरी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। सभी सेल्स मैनेजर को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने यहां लंबित (ओपन) बुकिंग एवं पेंडिंग डिलीवरी की सूची तैयार कर उसका अवलोकन करें तथा सबसे पुराने बुकिंग वाले उपभोक्ताओं को प्राथमिकता के आधार पर गैस की डिलीवरी सुनिश्चित करें। यह भी निर्देश दिया गया कि जो उपभोक्ता पूर्व से बुकिंग कर चुके हैं, उन्हें प्राथमिकता दी जाए तथा केवल एजेंसी पर उपस्थित उपभोक्ताओं को ही गैस उपलब्ध कराने की प्रवृत्ति पर रोक लगाई जाए। जिलाधिकारी द्वारा गैस कंपनियों के सेल्स मैनेजर से उन गैस एजेंसियों की सूची उपलब्ध कराने को कहा गया, जहां होम डिलीवरी प्रभावित है। जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि गैस एजेंसियों पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार गैस प्राप्त करें।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

## भारतीय संस्कृति और संस्कार हमारी पहचान : प्रमोद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज।** शहर के कलाली मोड़ के समीप शनिवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक प्रमोद कुमार सिंह, विभागीय निरीक्षक उमाशंकर पोद्दार, सचिव दीनानाथ विश्वकर्मा सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। मंच की अध्यक्षता एवं संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रमोद मिश्र ने किया। इस अवसर पर विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति और संस्कार हमारी पहचान हैं। ऐसे विद्यालय जहां शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों का भी विकास होता है, समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। आज के समय में बच्चों को संस्कारयुक्त शिक्षा देना आवश्यक है ताकि वे अच्छा नागरिक बन सकें। कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष सह प्रखंड कार्यान्वयन समिति उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहू, भाजपा जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मधुकर लाल कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि विनोद कुमार सिंह, कासमा मंडल अध्यक्ष मनोज यादव, सरपंच दयानंद प्रसाद दांगी , कोषाध्यक्ष प्रेमचंद साव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसके अलावा सुनील सिंह, सुधीर शर्मा, रवि कुमार सिंह, संजय शर्मा, बालगोविंद साहू, डॉ. विकास कुमार सिंह, उमापत मिश्र एवं शिक्षक नरेंद्र पाठक, राधेश्याम साव, कृतिराज, अनुराग रंजन, गंगेश गुंजन, मंजू देवी, पिकी, अंजली कुमारी, बिंदु कुमारी, शिवानी, नीरज, उपेंद्र, सुनील कुमार सहित बड़ी संख्या में अभिभावक और स्थानीय लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम ने न केवल बच्चों की प्रतिभा को मंच दिया बल्कि भारतीय संस्कृति और संस्कारों के महत्व को भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

## सरकारी मानकों को ताक पर रख हो रहा निजी विद्यालयों का संचालन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अम्बा।** नियमों की अनदेखी कर शिक्षा के नाम पर व्यापार इन दिनों निजी स्कूलों की पहचान बनती जा रही है। कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के अधिकांश निजी विद्यालय शिक्षा विभाग के कड़े मानकों और सरकारी गाइडलाइन्स को ठेंगा दिखाकर संचालित हो रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि सब कुछ जानते हुए भी शिक्षा विभाग मौन साधे बैठा है। जांच में पाया गया है कि शहर के कई स्कूल घनी आबादी वाले क्षेत्रों और संकरी गलियों में चल रहे हैं, जहां किसी आपात स्थिति में एम्बुलेंस या फायर ब्रिगेड का पहुंचना नामुमकिन है। कई स्कूलों के पास न तो अपना खेल का मैदान है और न ही अग्नि सुरक्षा का प्रमाणपत्र। बच्चों को क्षमता से अधिक छोटी कक्षाओं में बैठाया जा रहा है, जो उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। अभिभावकों की सबसे बड़ी शिकायत फीस की मनमानी वृद्धि और किताबों-यूनिफॉर्म को लेकर है। नियमानुसार स्कूल किसी विशेष दुकान से सामान खरीदने के लिए मजबूर नहीं कर सकते, लेकिन पर्दे के पीछे का खेल जारी है। कमीशन के चक्कर में निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें थोपी जा रही हैं, जिससे मध्यमवर्गीय परिवारों की कमर टूट रही है।